वर्ष 25 - अंक-236- पृष्ठ 12 - मूल्य 2 रु.
जयपुर, मंगलवार, 12 अक्टूबर, 2021



# प्रातःकाल

राष्ट्रीय दैनिक



प्रातःकाल समूह | हिन्दी - मराठी | 3 राज्य 7 संस्करण
जयपुर - उदयपुर - मुंबई - दिल्ली- जोधपुर - आज का सायंकाल
www.pratahkal.com



## आतंकियों ने घात लगाकर किया हमला

# 5 जवान शहीद

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में सेना के चार जवान और एक जेसीओ के जवान शहीद हो गए हैं। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद के मुताबिक खुफिया सूचना के आधार पर सोमवार सुबह भारतीय सेना ने पुंछ के सुरनकोट क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इसी दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। दरअसल आतंकियों की घुसपैठ का इनपुट रविवार रात को ही मिल गया था। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने 16 आरआर (सेना) को सूचित किया। चारों तरफ से इलाके को घेरा गया लेकिन भारी बारिश और घनी धुंध के बीच ये ऑपरेशन मेन रोड से लगभग 8 किलीमीटर भीतर चोरगली में शुरू हुआ। पूरी रात सर्च ऑपरेशन चलता रहा और सुबह लगभग 10-11 के बीच पहाड़ी से नीचे उतर रहे जवानों पर आतंकियों ने अधांधुध फायरिंग शुरू कर दी, जिसमे पांच जवान गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी शुरू हुई। जवानों को रेस्क्यू कर उन्हें नजदीकी सेना अस्पताल लाया गया। यहां पर उन्होंने दम तोड़ दिया। फिलहाल फायरिंग रूकी हुई है और सर्च ऑपरेशन जारी है।



### दो आतंकी समूहों ने की थी घुसपैठ

बताया जा रहा है कि करीब चार आतंकी हैं। दो दिन पहले ये लोग घुसपैठ कर पहुंचे थे।

आतंकियों के चार-चार के दो ग्रुप थे जिसमें से एक ग्रुप ने पिछले महीने घुसपैठ की थी। जिसमे दो आतंकी थन्ना मंडी इलाके में मारे गए थे, दो आतंकी निकल गए थे। आज भी चार का ग्रुप है जो कि पुंछ व राजौरी के मध्य पड़ने वाले इलाके डेरा की गली को क्रास करते हुए बफ्लियाज में पहुंचे थे।

### घुसपैठ का पुराना रूट एक्टिवेट करने की कोशिश

कुछ दिनों पहले कश्मीर में पाकिस्तान से घुसपैठ कर रहे 3 आतंकियों को सेना ने मार गिराया था। घटना रामपुर सेक्टर के रूस्तम बटालियन एरिया के हथलंगा जंगल के करीब की थी। आतंकियों के पास से भारी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए। तब आशंका जाहिर की गई थी कि आतंकी घुसैपठ का पुराना रूट दोबारा अख्तियार कर रहे हैं। रूस्तम बटालियन के हथलंगा इलाके में करीब 15 साल बाद घुसपैठ की घटना सामने आई थी। सूत्रों के मुताबिक साल 2005 में हुई एलओसी पर फेंसिंग के बाद से इस इलाके में आतंकी घुसपैठ की कोशिशें न के बराबर ही रही हैं। इस इलाके में मौजूद भारतीय सेना की पोस्ट से आतंकियों की हर हलचल आसानी से मॉनिटर की जा सकती है।

### बेहतर प्रशिक्षित हैं आतंकवादी

जिस तरह से यह मुठभेड़ चली है उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि ये आतंकी बेहतर प्रशिक्षित हैं। सुरक्षाबलों को यहां से तलाशी में अभी बड़ी संख्या में हथियार, नकद और आतंकियों के कपड़े, राशन-पानी जैसे अहम सबूत मिल सकते है, क्योंकि आंतकी संगठन अपनी मुहिम को कामयाब बनाने के लिए कुछ स्थानीय लोगों को डरा-धमका कर उनकी मदद लेते हैं। चमरेर जंगल और सुरनकोट में डेरा की गली जहां यह ऑपरेशन शुरू हुआ है यह पुरानी मुगल सड़क का इलाका है और यहां अभी और आतंकी छिपे हो सकते हैं।

कोरोना की नई गाइडलाइन जारी

# रात 10 बजे तक खुले रहेंगे बाजार



**जयपुर ( कार्यालय संवाददाता )।** राजस्थान में कोरोना संक्रमण के मामलों आ रही लगातार गिरावट को देखते हुए राज्य सरकार ने राहत दी है। गृह विभाग ने सोमवार को नई गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के मुताबिक शर्तों के साथ धार्मिक स्थल खोलने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा रात 10 बजे तक बाजार खुले रहेंगे। रात 11 से सुबह 5 बजे तक जन अनुशासन कर्फ्यू रहेगा।

### यह मिली छूट

धार्मिक कार्यक्रम सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक अधिकतम 200 व्यक्तियों की संख्या के साथ केवल उन लोगों के लिए अनुमत होगा, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन की कम से कम एक डोज लगवा ली हो।

साथ ही मास्क का अनिवार्य उपयोग, सैनिटाइजेशन, दो गज की दूरी और बंद स्थानों पर उचित वेंटिलेशन का ध्यान रखना भी अतिआवश्यक है। पशु हाट मेलों के साथ ही अन्य प्रकार के हाट बाजारों का आयोजन कोविड प्रोटोकॉल के साथ। मास्क का अनिवार्य उपयोग, सैनिटाइजेशन, दो गज की दूरी और बंद स्थानों पर उचित वेंटिलेशन का ध्यान रखते हुए किया जा सकेगा।

प्रदेश की समस्त दुकानें/शॉपिंग मॉल्स/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को प्रतिदिन रात्रि 10 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। संचालकों की ओर से स्क्रीनिंग की सुविधा, मास्क की अनिवार्यता और अन्य कोविड अनुकूल अनुशासन का ध्यान रखना होगा। पेट्रोल/डीजल पंप, सीएनजी पेट्रोलियम और गैस से संबंधित खुदरा (रिटेल)/थोक (होलसेल) ऑउटलेट अपने समयानुसार संचालित किए जा सकेंगे। संपूर्ण प्रदेश में प्रतिदिन रात्रि 11 बजे से अगले दिन प्रातः 5 बजे तक जन अनुशासन कर्फ्यू रहेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह

# बाल विवाह के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में बाल विवाह के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए राज्य सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति से काम कर रही है। हमारा मजबूत संकल्प है कि प्रदेश में बाल विवाह न हो और इस संबंध में कोई समझौता सरकार नहीं करेगी।

गहलोत सोमवार शाम को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवाहों के अनिवार्य पंजीयन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश की भावना के अनुरूप ही राजस्थान विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2021 लाया गया है। परन्तु बाल विवाह को लेकर जो गलत धारणा बन गयी है, तो हम बिल को माननीय राज्यपाल महोदय से अनुरोध करेंगे कि इसे सरकार को पुनः लौटा दें।





मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बालिकाओं एवं महिलाओं को आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमारा पूरा प्रयास है कि बालिकाएं एवं महिलाएं शिक्षित, स्वस्थ, समर्थ एवं सशक्त बनें और प्रदेश का नाम रोशन करें। गहलोत ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान के लिए एक से बढ़कर एक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए खोले गए 123 नए महाविद्यालयों में से 32 महिला महाविद्यालय हैं। साथ ही जिन उच्च माध्यमिक विद्यालयों की 11वीं व 12वीं कक्षा में 500 से अधिक छात्रायें हैं उन्हें भी कन्या महाविद्यालय में क्रमोन्नत किए जाने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान ऐसा राज्य है जहां बालिकाओं को विश्वविद्यालय तक शिक्षा निःशुल्क दी जा रही है। सरकार के इन प्रयासों से राजस्थान बालिका शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में है।

गहलोत ने कहा कि प्रदेशवासियों को इलाज के महंगे खर्च से मुक्ति दिलाने के लिए हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी महत्वाकां योजना लागू की है। राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम तथा चिरंजीवी योजना जैसी पहल के चलते राजस्थान देश में ऐसा राज्य बन गया है, जहां समाज के हर वर्ग को यूनिवर्सल हैल्थ कवरेज दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार 'उड़ान योजना' शुरू करने जा रही है, जिस पर 200 करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इस योजना की सफलता के लिए सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। ( शेष पृष्ठ 8 पर )

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान उन्या में 5 न्यायाधीश नियुक्त



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राजस्थान उच्च न्यायालय में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मंजूरी के बाद सोमवार को केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन की सिफारिश पर वकील फरजंद अली, सुदेश बंसल एवं अनूप कुमार धंद और न्यायिक अधिकारी विनोद कुमार भरवनी एवं मदन गोपाल व्यास को राजस्थान उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### 2 नेकां नेता भाजपा में शामिल





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेशनल कांफ्रेंस ( नेकां) के जम्मू संभाग के अध्यक्ष और पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह राणा और जम्मू कश्मीर के पूर्व कैबिनेट मंत्री और नेकां के वरिष्ठ नेता सुरजीत सिंह सलाथिया आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) में शामिल हो गए।

राणा और सलाथिया ने यहां केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, हरदीप सिंह पुरी , जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष रविंद्र रैना की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। जम्मू कश्मीर के भाजपा प्रभारी और पार्टी महासचिव तरूण चुग ने दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत किया।

राणा जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला के राजनीतिक सलाहकार रह चुके हैं। वह राजनीतिक, सामाजिक और कारोबारी संगठनों की संयुक्त घोषणा के रूप में 'जम्मू घोषणापत्र' जारी किये जाने की वकालत करते रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से जम्मू क्षेत्र के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग शामिल है।

## उत्तराखंड में भाजपा को तगड़ा झटका

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव-2022 से पहले भाजपा को तगड़ा झटका दिया है। परिवहन मंत्री यशपाल आर्य ने अपने बेटे नैनीताल विधायक संजीव आर्य ने सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। यशपाल उत्तराखंड सरकार ने समाज कल्याण मंत्री व परिवहन मंत्री थे। दोनों नेताओं ने पूर्व सीएम हरीश रावत ( शेष पृष्ठ 8 पर )



मंत्री ने विधायक बेटे संग थामा कांग्रेस का हाथ

## तीन अमेरिकियों को अर्थशास्त्र का नोबेल

**ऑस्लो ( एजेंसी )।** तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को अनपेक्षित प्रयोगों, या तथाकथित 'प्राकृतिक प्रयोगों' से निष्कर्ष निकालने पर काम करने के लिए अर्थशास्त्र के 2021 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस ने कहा कि तीनों ने आर्थिक विज्ञान में अनुभवजन्य कार्य को पूरी तरह से बदल दिया है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अर्थशास्त्रियों में बर्कले स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के डेविड कार्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के जोशुआ डी। एंग्रिस्ट और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के गुइडो इम्बेन्स शामिल हैं। खास बात यह है कि अन्य नोबेल पुरस्कारों के विपरीत अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत में स्थापित ( शेष पृष्ठ 8 पर )



उपचुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

## माकन को छोड़ किसी केंद्रीय नेता को जगह नहीं

**जयपुर ( कासं )।** प्रदेश के वल्लभनगर और धरियावद उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित 6 मंत्रियों को जगह दी गई है। इसके अलावा 5 विधायकों को भी स्टार प्रचारकों में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के उप चुनावों के लिए जारी स्टार प्रचारकों की सूची में प्रदेश प्रभारी अजय माकन को छोड़कर किसी अन्य केंद्रीय नेता को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं किया गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश उपचुनाव के लिए जारी हुई स्टार प्रचारकों की ( शेष पृष्ठ 8 पर )

इंडियन स्पेस एसोसिएशन का शुभारंभ : प्र.म. बोले-

# 'भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाएंगे'

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर प्र.म. मोदी ने कहा कि एअर इंडिया पर लिया गया फैसला हमारी प्रतिबद्धता और गंभीरता को दिखाता है। गरीबों के घरों, सड़कों और दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में सैटेलाइट से ट्रैकिंग हो या नाविक टेक्नोलॉजी... ये गवर्नेंस को पारदर्शी बनाने में मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज अगर भारत दुनिया की टॉप डिजिटल इकोनॉमी में आगे है तो इसकी वजह है कि हमने गरीब से गरीब व्यक्ति के बीच भी डेटा को सुलभ बनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत उन गिने-चुने देशों में है, जिसके पास एन्ड टु एन्ड टेक्नोलॉजी है। हमने एफिशिएंसी को ब्रांड का अहम हिस्सा बनाया है। स्पेस एक्सप्लोरेशन की प्रोसेस हो या स्पेस की टेक्नोलॉजी हो... इसे हमें निरंतर एक्सप्लोर करना है। एक पार्टनर के तौर पर इंडस्ट्रीज को युवा इन्वेंटर को सपोर्ट कर रही है और करती रहेगी।



### स्पेस सेक्टर 130 करोड़ देशवासियों की प्रगति का माध्यम

प्र.म. मोदी ने कहा कि हमने देखा है कि 20वीं सदी में स्पेस और स्पेस पर राज करने की प्रवृत्ति ने दुनिया के देशों को किस तरह विभाजित किया। अब 21वीं सदी में स्पेस दुनिया को जोड़ने में अहम भूमिका निभाए, ये भारत को सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय स्पेस सेक्टर, 130 करोड़ देशवासियों की प्रगति का एक बड़ा माध्यम है। हमारे लिए स्पेस सेक्टर यानी, सामान्य मानवी के लिए बेहतर मैपिंग, इमेजिंग और कनेक्टिविटी की सुविधा! हमारे लिए स्पेस सेक्टर यानी, इंटरप्रिन्योर के लिए शिपमेंट से लेकर डिलीवरी तक बेहतर स्पीड है।

### प्र.म. मोदी ने जय प्रकाश नारायण-नानाजी देशमुख को याद किया

प्रधानमंत्री ने जय प्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख को भी याद किया। उन्होंने कहा कि आज देश के दो महान सपूतों, भारत रत्न जय प्रकाश नारायण जी और भारत रत्न नानाजी देशमुख की जन्म जयंती है। आजादी के बाद के भारत को दिशा देने में इन दोनों महान व्यक्तित्वों की बहुत ( शेष पृष्ठ 8 पर )

# नेहरू से नाराज होने के बाद जेपी ने बदली राह

**केसी त्यागी**

11 अक्टूबर (1902) जेपी का जन्मदिन है। गांधी के बाद देश की राजनीति में जितने और जिस तरह के प्रयोग जेपी ने किए, वैसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं। समतामूलक समाज, लोकतंत्र, नागरिक अधिकार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी प्रकार के शोषण और जुल्म-ज्यादती से मुक्त समाज का जिक्र होते ही जयप्रकाश याद आते हैं। उनका समूचा जीवन दर्जनों नए आदर्शों को समर्पित रहा।

अमेरिका के प्रसिद्ध संस्थानों में शिक्षा पूरी कर भारत लौटने से पहले जेपी प्रखर मार्क्सवादी रंग में रंग चुके थे। लेनिन के नेतृत्व में 1917 की सोवियत साम्यवादी क्रांति को तब तक एक दशक से ज्यादा हो चुका था। भारत में भी वैचारिक तौर पर प्रतिबद्ध नौजवानों का बड़ा वर्ग तैयार हो चुका था जो सोवियत संघ को एक आदर्श के रूप में निहारता था और सभी प्रकार के शोषण विहीन समाज की स्थापना के लिए तैयार था। 1929 में भारत आगमन के साथ ही जेपी



स्थानीय तौर पर सक्रिय मार्क्सवादी लोगों के संपर्क में आते हैं और उनकी राजनीतिक गतिविधियां शुरू होती हैं। उधर पं. नेहरू ब्रिटेन में अपनी पढ़ाई समाप्त कर स्वदेश लौट कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में रूचि लेते हैं और जेपी जैसे वैचारिक रूझानों के समर्थकों मसलन मीनू मसानी, मोहनलाल गौतम, एन.जी. गोरे, ई.एम.एस. नंबूदरीपाद, आचार्य नरेंद्र देव, डॉ. संपूर्णानंद, कमला देवी चटोपाध्याय, डॉ.राम मनोहर लोहिया, एस.एम. जोशी, नवकृष्ण चौधरी, अच्युत पटवर्धन, यूसुफ मेहर अली, सज्जाद जहीर, अशोक मेहता, दिनकर मेहता और रामवृक्ष बेनीपुरी आदि के साथ कांग्रेस पार्टी के व्यापक मोर्चे में शामिल होकर इसको आर्थिक, सामाजिक परिवर्तन के औजार रूप में परिवर्तित करना चाहते हैं।

जेपी 1932 में पहली बार गिरफ्तार किए जाते हैं। उन्हें नासिक सेंट्रल जेल में रखा जाता है। उससे पहले वह भूमिगत रहकर सशस्त्र संघर्ष की संभावनाओं को तलाश करते हुए नौजवानों के साथ सक्रिय तौर पर जुड़े होते हैं। यह वही दौर है जब सरदार भगत सिंह एवं उनके साथियों को लाहौर सेंट्रल जेल में फांसी दिए जाने की सनसनी हवा में फैली हुई है। इससे पहले भगत सिंह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन पार्टी नामक संगठन का नेतृत्व कर सोवियत संघ सरीखी क्रांति का बिगुल भी बजा चुके हैं। 1933 में पं नेहरू मीनू मसानी को लिखे पत्र में कहते हैं कि मैं कांग्रेस पार्टी में समाजवादी ग्रुप के गठन का स्वागत करूंगा, कांग्रेस पार्टी आर्थिक और सामाजिक बदलाव का भी संगठन बने जो आजादी के बाद नए भारत का निर्माण करे। जेपी के प्रयासों से इस संगठन की भी शुरूआत बिहार से होती है जब पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में 17 मई 1934 को आचार्य नरेंद्र देव की अध्यक्षता में समाजवादियों का एक सम्मेलन आयोजित होता है, जेपी इस संगठन के महासचिव बनाए जाते हैं। इसमें अच्युत पटवर्धन, मीनू मसानी, अशोक मेहता, एन.जी. गोरे, यूसुफ मेहर अली आदि शामिल हैं।

आजादी के आंदोलन के नायक के रूप में उनका पुनर्जन्म होता है जब वे भारत छोड़ो आंदोलन के चलते हजारीबाग जेल की 17 फुट ऊंची दीवार को फांद कर 8 नवंबर 1942 को जेल तोड़ने में कामयाब हो जाते हैं। भूमिगत रहकर वह एक शीर्षस्थ नेता के रूप में युवाओं को संगठित कर एक व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन संचालित करते हैं और इसी क्रम में 1943 में नेपाल में डॉ. लोहिया के साथ गिरफ्तार होकर लाहौर सेंट्रल जेल लाए जाते हैं और वहां भीषण यातनाओं का शिकार बनते हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध में साम्यवादियों की भूमिका उन्हें गांधी के करीब और कम्युनिस्टों से दूर कर देती है। 21 अप्रैल 1946 को जेल से छूटने के बाद पटना के गांधी मैदान में उनका अभिनंदन आयोजित किया जाता है। 1947 आते-आते संविधान सभा के निर्माण, भारत-पाक बंटवारा आदि सवालों पर समाजवादी पं. नेहरू से निराश हैं। गांधी जी की इच्छा के विरूद्ध जाकर 1948 में सभी समाजवादी नासिक में एक सम्मेलन आयोजित कर अलग दल का निर्माण करते हैं। 1952 में पं. नेहरू के आभामंडल से टकराकर उनकी चुनाव में बुरी हार होती है और जेपी सक्रिय राजनीति को तिलांजलि देकर भूदान की राह पकड़ते हैं। फिर 1974 में लोकनायक के रूप में उनका पुनर्जन्म होता है, जब वह संपूर्ण क्रांति के वाहक बनकर उभरते हैं। जेपी के कार्य सदा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**(लेखक जेडीयू के महासचिव हैं)**

# परिवारवाद की राजनीति में परिवार और पार्टी के बीच 'दरार' की 5 कहानियां

**पति की मौत के बाद मेनका गांधी ने गांधी परिवार से तोड़ा नाता**

**समाजवादी पार्टी में मुलायम-शिवपाल-अखिलेश के बीच विवाद जारी**

**लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान की पार्टी भी टूटी परिवार भी बिखरा**

**राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के परिवार में कलह**

**नई दिल्ली/पटना (एजेंसी)।** देश और प्रदेश की राजनीति करने वाले कई ऐसे परिवार हैं जिन्होंने अपनी विरासत परिवार के लोगों को ही सौंपी है। गांधी नेहरू परिवार वाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले मुलायम सिंह यादव ने अपने समाजवादी पार्टी का उत्तराधिकारी भी अपने बेटे को ही बनाया, लेकिन उनके परिवार के भीतर ही घमासान छिड़ा है।

राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना करने वाले और खुद को कर्पूरी ठाकुर और जयप्रकाश नारायण का शिष्य बताने वाले लालू प्रसाद यादव को भी सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा चिंतक अपने ही परिवार में मिला। उन्होंने पहले बड़े बेटे तेजप्रताप को दरकिनार कर छोटे बेटे तेजस्वी यादव को उप मुख्यमंत्री बनाया और बिहार की सत्ता से हटने के बाद, पार्टी की कमान भी उनके हाथ में थमा दी। नतीजा आज लालू प्रसाद यादव के परिवार की कहानी भी मुलायम सिंह यादव के परिवार से जुदा नहीं है।

## गांधी परिवार से मेनका गांधी ने तोड़ा नाता

देश के बड़े राजनीतिक परिवार, गांधी परिवार में संजय गांधी के निधन के बाद मौत को लेकर हुए कलह के कारण उनकी पत्नी मेनका गांधी ने



बगावत कर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ चली गईं। नतीजा यह निकला कि मेनका गांधी ने परिवार से अलग होकर कांग्रेस के खिलाफ राजनीति शुरू कर दिया। फिलहाल मेनका गांधी और उनके पुत्र वरूण गांधी भाजपा में हैं। बता दें कि 1980 में जब वरूण गांधी के पिता संजय गांधी की मौत एक विमान दुर्घटना में हुई थी तब उनकी उम्र महज 3 महीने की थी। आज परिवारवाद की वजह से ही कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता नाराज है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर कभी सोनिया गांधी तो कभी राहुल गांधी को बिठाए जाने से नाराज 23 वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आने वाले समय में पार्टी की हालत और भी पतली कर सकते हैं।

## समाजवादी पार्टी में मुलायम-शिवपाल-अखिलेश विवाद

कांग्रेस की तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी में भी पारिवारिक विवाद देखने को मिलता है। राम मनोहर लोहिया को आदर्श मानने वाले मुलायम सिंह यादव ने जब समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी, तब उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन वे खुद ही पार्टी से अलग हो जायेंगे। जब



मुलायम के भाई शिवपाल यादव अपने 13 साल बड़े भाई मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव के विरोध में खड़े हो गए। लेकिन जब वे अखिलेश सिंह को पार्टी से बाहर का रास्ता न दिखा सके तो शिवपाल यादव ने दूसरी पार्टी बनाने की कोशिश में लग गए। दूसरी तरफ अखिलेश के रिश्ते भी अपने पिता मुलायम सिंह यादव से बिगड़ने लगे। आज की तारीख में भी मुलायम परिवार में आपसी खींचतान जारी है।

## बाला साहेब ठाकरे का परिवार भी टूटा

महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहेब ठाकरे और शिवसेना सिक्का आज भी चलता है। बाला साहेब ठाकरे की वजह से लंबे समय तक परिवार एकजुट रहा। लेकिन पावर



गेम में बाला साहेब के भतीजे राज ठाकरे की राजनीतिक महत्वाकांक्षा बढ़ने लगी। इसे देख बाला साहेब के पुत्र उद्धव ठाकरे ने अपने पिता के जरिये राज ठाकरे को कंट्रोल करने की कोशिश की। लेकिन उद्धव ठाकरे की इस कोशिश ने राज ठाकरे को आर भी ज्यादा आक्रामक बना दिया और उन्होंने शिव सेना से अलग होकर महाराष्ट्र नव निर्माण सेना का गठन कर लिया।

## लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान का परिवार भी बिखरा

लालू प्रसाद यादव से अलग होने के बाद रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी का गठन किया था। सत्ता की चाबी जेब में लेकर घूमने वाले रामविलास पासवान ने पार्टी का गठन करते वक्त कभी नहीं सोचा होगा कि उनके निधन के बाद न सिर्फ पार्टी के दो टुकड़े होंगे, बल्कि उनका परिवार भी बिखर जाएगा। रामविलास पासवान के पशुपति कुमार पारस और चिराग पासवान के बीच पार्टी के उत्तराधिकारी बनने की लड़ाई का नतीजा यह हुआ कि पार्टी दो टुकड़ों में बंट गई। अब रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी और पार्टी के सिंबल को चुनाव आयोग ने फ्रीज कर दिया है। चुनाव आयोग ने रामविलास के भाई पशुपति पारस को राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का नाम दिया और चुनाव चिन्ह सिलाई



मशीन एलॉट किया है। वही रामविलास के पुत्र चिराग पासवान को पार्टी का नाम लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास और चुनाव चिन्ह हेलीकॉप्टर अलॉट कर दिया है।

## राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के परिवार में कलह

मुलायम सिंह यादव, रामविलास पासवान की तरह लालू प्रसाद यादव ने भी यह कभी नहीं सोचा होगा कि उनके जीते जी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए परिवार के अंदर ही घमासान मच सकता है।

लालू प्रसाद यादव के दोनों बेटों तेज प्रताप यादव और तेजस्वी के बीच शीत युद्ध जारी है। उसे देखकर अंदाज़ा लगाना कठिन नहीं है कि लालू परिवार में किस तरह की राजनीतिक खींचतान है। जब से लालू प्रसाद यादव ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के बजाय छोटे बेटे तेजस्वी यादव पर भरोसा जताना शुरू किया तभी से परिवार के भीतर चिंगारी सुलगने लगी थी, जो अब आग



का रूप ले चुकी है। लालू परिवार में सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती के अलावा तीसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य के साथ तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव की अलग अलग राजनीतिक महत्वाकांक्षा है।

लालू प्रसाद यादव के इन बच्चों के अंदर राजनीतिक महत्वाकांक्षा इस कदर भरी है कि आने वाले समय में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो के परिवार का हाल भी दिवंगत रामविलास पासवान और मुलायम सिंह यादव के परिवार जैसा हो सकता है। इनके अलावा जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस में शेख़ अब्दुल्ला के बाद फारूक अब्दुल्ला और अब उनके बेटे उमर अब्दुल्ला के हाथ में कमान हैं। जम्मू कश्मीर में ही मुफ्ती मोहम्मद सईद की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अब महबूबा मुफ़्ती संभाल रही हैं। हरियाणा की इंडियन नेशनल लोकदल को चौधरी देवीलाल के बाद उनके बेटे ओमप्रकाश चौटाला चला रहे हैं। इसी प्रकार अब्दुल वहाद ओवैसी द्वारा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन का विस्तार उनके बेटे असदुद्दीन ओवैसी ही कर रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में मायावती बहुजन समाज पार्टी की कमान अपने भाई को सौंपने की तैयारी लगभग पूरी कर चुकी हैं। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी टीएमसी का उत्तराधिकारी अपने भतीजे को बना सकती हैं। यानी देश में ज्यादातर क्षेत्रीय राजनीतिक दल में परिवारवाद ही हावी है।



# कांग्रेस की खरी-खरी, राजद से आमने-सामने की लड़ाई

**बिहार में उपचुनावों में दोस्ताना संघर्ष की बात खारिज**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में कांग्रेस-राजद के रिश्ते की तल्खी बढ़ती जा रही है। बिहार में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के दोस्ताना संघर्ष के दावे को खारिज कर दिया है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी भक्त चरणदास ने बिहार कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं के साथ हुई बैठक में राजद को आखिरी चेतावनी दी है। कहा कि दोस्ताना संघर्ष बिल्कुल नहीं होगा। आमने-सामने की लड़ाई होगी। कांग्रेस को गठबंधन में बनाए रखना है तो राजद को कुशेश्वरस्थान से प्रत्याशी वापस लेना ही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में राजद कांग्रेस को कमजोर करने में लगा हुआ है। भक्त चरणदास ने कहा कि राजद के साथ कांग्रेस का गठबंधन रहेगा या नहीं, यह दो दिन बाद फैसला होगा। अगर राजद ने कुशेश्वरस्थान से प्रत्याशी वापस नहीं लिया तो हम मुकाबले के लिए तैयार हैं।

विस उपचुनाव की दोनों सीटों, कुशेश्वरस्थान और तारापुर, पर पार्टी के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए 51 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। कुशेश्वरस्थान को लेकर राज्यसभा सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. अखिलेश प्रसाद सिंह को समन्वयक और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी को सह-समन्वयक बनाया गया है। तारापुर सीट के लिए कार्यकारी अध्यक्ष डा. समीर कुमार सिंह को समन्वयक और महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पूर्व विधायक अमिता भूषण को सह-समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई। कौकब कादरी ने कहा कि हम चुनाव को चुनौती की तरह लेंगे।

भक्त चरणदास ने पहली बैठक कांग्रेस के सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों के साथ हुई। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी भक्त चरणदास ने मंत्रणा की। लखीमपुर खीरी कांड को लेकर हुई बैठक में भक्तचरण ने कहा कि किसानों के प्रति भाजपा का स्याह पक्ष सामने आया है। कांग्रेस केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र के इस्तीफे की मांग करती है।

भाजपा नहीं दे रही वरूण गांधी को भाव

# थामेंगे कांग्रेस का 'हाथ'?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा सांसद वरूण गांधी और पार्टी के के बीच दूरी बढ़ने लगी है। पूर्व में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे वरूण बीते काफी समय से पार्टी में नजरअंदाज किए जा रहे थे। उनको न तो संगठन में ही महत्वपूर्ण जगह मिल पा रही थी, न ही केंद्र सरकार में कोई जगह मिली थी। अब लखीमपुर खीरी की घटना के साथ भाजपा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन वरूण की नाराजगी क्या बड़ा कारण बनी है।



नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वरूण गांधी और मेनका गांधी दोनों को नहीं रखा गया है। इसके पहले दोनों ही नेता इसमें शामिल थे। संगठन में उनकी घटती रूचि भी इसका एक कारण बनी थी। वैसे भी कार्यकारिणी के पुनर्गठन में 25 से 30 फीसद सदस्य बदले जाते हैं और इस बार भी पार्टी में कई प्रमुख नेताओं को बदला है। चूंकि वरूण और उनकी मां मेनका गांधी, गांधी परिवार से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए उनको हटाया जाना चर्चा का विषय रहा। दरअसल मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मेनका गांधी को मंत्री नहीं बनाया था। इसके बाद से ही यह दूरी दिखने लगी थी। वरूण गांधी भी संगठन के कामों में ज्यादा रूचि नहीं ले रहे थे और हाल में उन्होंने उनका यह बयान भी चर्चा में रहा कि उन्हें नहीं मालूम था कि वह कार्यकारिणी में भी थे या नहीं। अब जबकि उत्तर प्रदेश के चुनाव सिर पर है। इस समय वरूण गांधी के बयान भाजपा को असहज करने वाले हैं।

हालांकि भाजपा नेतृत्व भी वरूण गांधी को के बयानों को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहा है। उनके किसी भी बयान पर कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी जा रही है। इससे इससे साफ संकेत है कि भाजपा वरूण गांधी को लेकर बहुत ज्यादा गंभीर नहीं है।

**कैप्टन पर नरम पड़े हरीश रावत के सुर : बोले-**

# 'अमरिंदर के लिए कांग्रेस के दरवाजे खुले'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस इंचार्ज हरीश रावत ने प्रदेश की राजनीति में फिर हलचल मचा दी है। उन्होंने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह के लिए कांग्रेस के दरवाजे खुले हैं। वो कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिल सकते हैं। अभी तक रावत अमरिंदर पर हमलावर रूख अपना रहे थे। अमरिंदर के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कांग्रेस कैप्टन की खूब आलोचना कर रही थी। उन्होंने इस मुलाकात के बाद ही कांग्रेस छोड़ने की घोषणा कर दी थी। वहीं, रावत ने नवजोत सिद्धू और सीएम चरणजीत चन्नी के बीच पैदा हुए विवाद को पूर्व कांग्रेसियों की साजिश बताया। रावत ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर इस तरह की बातों का प्रचार कर रहे हैं।



### रावत ने फिर कहा- अमरिंदर का अपमान नहीं किया

हरीश रावत ने कैप्टन अमरिंदर सिंह के अपमानित करने के आरोप का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अमरिंदर का अपमान नहीं किया। पंजाब में पैदा हुई कलह का हल उनकी सहमति से निकालने की कोशिश थी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। जब ज्यादातर विधायक अमरिंदर के खिलाफ हो गए तो हमें विधायक दल की बैठक बुलानी पड़ी। उसमें आने की जगह कैप्टन ने इस्तीफा दे दिया।

### 'पंजाब कांग्रेस में अब स्थिति सामान्य'

रावत ने कहा कि चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बनाने के बाद पंजाब में स्थिति सामान्य हो चुकी है। कहीं कोई पावर स्ट्रगल नहीं है। कुछ दिन पहले सीएम चन्नी और नवजोत सिद्धू एक मार्च में इकट्?ठा हुए थे। रावत ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर सीएम और सिद्धू के बीच दूरियां बना रहे हैं। इनमें कुछ विपक्षियों के साथ भूतपूर्व कांग्रेसी भी शामिल हैं।

### हकीकत : सीएम चन्नी से नाराज सिद्धू, इस्तीफा तक वापस नहीं लिया

रावत के दावे के उलट हकीकत यह है कि नवजोत सिद्धू की सीएम चन्नी से नाराजगी बरकरार है। वह डीजीपी और एडवोकेट जनरल की नियुक्ति के विरोध में इस्तीफा दे चुके हैं। जिसे अभी तक वापस नहीं लिया। इसके बाद पंजाब कांग्रेस के मार्च में देरी पर सिद्धू का विवादित वीडियो भी सामने आ चुका है। जिसमें उनके भीतर पंजाब का सीएम बनने की छटपटाहट दिखाई दे रही है। सिद्धू सीएम चन्नी के बेटे के शादी समारोह में तक नहीं गए।

### कैप्टन खेमे का जवाब- विधायक दल की बैठक का हक अमरिंदर को था

रावत को कैप्टन खेमे की तरफ से भी जवाब दिया गया है कि अमरिंदर सिंह विधायक दल के नेता थे। कांग्रेस हाईकमान की जगह उन्हें यह बैठक बुलाने का हक था। इसके बावजूद दो बार विधायकों को दिल्ली बुलाया गया। तीसरी बार उनसे मशविरा किए बगैर चंडीगढ़ में बैठक बुला ली गई। इसे ही अमरिंदर सिंह का अपमान बताया जा रहा है। रावत पहले कह चुके हैं कि अमरिंदर को पार्टी ने 3 बार संगठन प्रधान और 2 बार सीएम बनाया। ऐसे में यह अपमान नहीं है।

## सार-समाचार

### कृषि संकाय में छात्राओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**जयपुर ( कासं )।** कृषि में अध्ययनरत छात्राओं का प्रोत्साहन राशि मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। आवेदन हेतु राज किसान पोर्टल (rajkisan.rajasthan.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जयपुर जिला परिषद के कृषि उप निदेशक राकेश कुमार अटल के अनुसार सीनियर सैकण्डरी की छात्राओं को पांच हजार रूपये की राशि कृषि स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं को बारह हजार और शोध अध्ययनरत छात्राओं को पन्द्रह हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जायेगे।

### 16 ग्राम पंचायतों पर मंगलवार को लगेगे प्रशासन गांवों के संग अभियान के शिविर

**जयपुर ( कासं )।** जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मंगलवार को जिले की 16 ग्राम पंचायतों पर प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर लगाये जायेंगे। नेहरा ने बताया कि मंगलवार को गोकुलपुरा, कुंथाडा खुर्द, आनन्दपुरा, देवका हरवाड़ा, लखेर, डांगरवाड़ा, राम्यावाला, फतेहपुरा, मूण्डियागढ़, पचाला, चतुर्भज, बजरंगपुरा, साईवाड, फतेहपुरा खुर्द, बोबास और उगरियावास में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर लगेगे।

### मालवीय नगर मंडल के वार्ड -126 में स्थित पार्कों का औचक निरीक्षण



**जयपुर ( कासं )।** ग्रेटर नगर निगम जयपुर उधान समिति की चैयरमेन श्रीमती राखी राठौड़ ने सोमवार को मालवीय नगर मंडल के वार्ड -126 में स्थित पार्कों का औचक निरीक्षण किया। मीडिया प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चैयरमेन ने पार्कों की दशा सुधारने के लिऐ मौके पर ही सम्बन्धित निगम अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिये। वहीं पार्षद ओम स्वामी ने अपने वार्ड में अविकसित पार्कों को जल्द ही विकसित कराये जाने का आग्रह चैयरमेन से किया। पार्षद ओम स्वामी ने कहा कि पार्कों के विकास से ही वार्ड के विकास की राह खुलती है क्योकि क्षेत्र में निवासरत हर उम्र के लोग पार्क में अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ के लिऐ आते है। ऐसे में निगम द्वारा संघारित उधानो का रखरखाव करने वाले निगम के ठेकेदार द्वारा अपने कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से पार्कों की साफ -सफाई व पेड -पौधों का उचित रखरखाव किया जाना ही विकसित पार्क का प्रमाण हैं। इस अवसर पर मालवीय नगर मंडल अध्यक्ष शैलेश शाह, महामन्त्री घनश्याम भार्गव, वार्ड 126 अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, कमल बिहारी शरण सहित मंडल कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहें।

प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021

### शिविरों में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

**6 ग्राम पंचायतों पर सोमवार को लगे प्रशासन गांवों के संग अभियान के शिविर**

**जयपुर ( कासं )।** जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत सोमवार को जिले की 6 ग्राम पंचायतों पर प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर लगाये गए। नेहरा ने बताया कि सोमवार को पाटन, जाटावाली, चित्तौड़ा, मोहनपुरा, शाहपुरा और तुलसीपुरा ग्राम पंचायत में शिविर लगाये गये। तूंगा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पाटन में सोमवार को प्रशासन गावों के संग शिविर में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। शिविर में चार बालिकाओं का जन्मदिन मनाया गया। शिविर प्रभारी शिव चरण शर्मा ने बालिकाओं को उपहार और केक भी भेंट किया। शिविर में सोमवार को नो पट्टे जारी किये। पशु चिकित्सालय और उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिये भी पट्टे जारी किये गये।

### प्रशासन शहरों के संग अभियान की समीक्षा



**जयपुर ( कासं )।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज के आयुक्त अवधेश मीना ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि संचालित प्रशासन शहरों के संग अभियान मेंआगामी सप्ताह में कम से कम 500 पट्टे जारी करने हैं, इसके लिए तत्परता से सभी को मिलकर पारदर्शिता से काम करना है। उन्होंने कहा कि पट्टा जारी करने में किसी तरह की शिकायतें एवं कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए लंबित पट्टा संबंधी पत्रावली का प्राथमिकता से निस्तारण करें। आयुक्त मीना ने सोमवार को नगर निगम हेरिटेज के सभागार में प्रशासन शहरों के अभीयान की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास ज्यादा से ज्यादा लोगों को नियमानुसार पट्टा जारी कर राहत पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पट्टा जारी करने के लिए कई तरह की छूट दी है जिसका जानकारी आम जनता को देवें। मीना कहा कि शिविर स्थल पर आवेदन में लगने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट प्रदर्शित करें कहीं कोई आवेदन में किसी तरह की कमी हो तो तत्काल आवेदक को जानकारी देवें जिससे वह समय पर उसकी पूर्ति कर सके जिससे समय पर पट्टा जारी हो सके। उन्होंने कष्ट कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि आने वाले आवेदकों की मौका रिपोर्ट तत्काल तैयार कर जोन कार्यालय में दें, जिसके आधार पर पत्रावली का शीघ्रता से निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बैठक में सूचना होने के पश्चात अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

*जैसलमेर में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया*

**अतिथियों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन, उत्कृष्ट कार्यों के लिए 180 से अधिक मेधावी बालिकाएं एवं महिलाएं सम्मानित**

# बालिका शिक्षा के विकास एवं विस्तार के लिए सरकार भरसक प्रयत्नशील- शाले मोहम्मद

**जयपुर ( कासं )।** अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ एव जन अभियोग निराकरण मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा है कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा के विकास एवं विस्तार तथा महिला सशक्तिकरण के लिए हरसंभव प्रयासों में जुटी हुई है। इनका लाभ पाने के लिए पूरी जागरुकता के साथ आगे आने की जरूरत है।




अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने सोमवार को जैसलमेर जिला मुख्यालय पर शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में समग्र शिक्षा एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' पर आयोजित 'मेरी बेटी मेरा सम्मान' समारोह में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। समसेह की अध्यक्षता जिला कलक्टर आशीष मोदी ने की जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, बाल अधिकार संरक्षण समिति के अध्यक्ष अमीन खां, जिला परिषद सदस्य अंजना मेघवाल, समाजसेवी गोवन्दि भार्गव, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी एवं अमरदीन, पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष सुमार खां, डाक अधीक्षक उदय शेजू आदि उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामखिलाड़ी बैरवा, महिला एवं बाल विकास विभागीय उप निदेशक सुभाष विश्नोई, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक कुमार गोयल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक हिम्मत सिंह कविया सहित जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, छात्राएं एवं उनके अभिभावक, महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**सम्मानित किया, पोस्टर विमोचन, शपथ दिलायी**

समारोह में मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद, जिला कलक्टर आशीष मोदी एवं अन्य अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 180 से अधिक मेधावी बालिकाओं और महिलाओं को सम्मानि किया गया। इनमें कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 1-1 छात्रा को 10-10 हजार रुपए राशि का चैक प्रदान कर तथा शेष 10-10 छात्राओं को 5-5 हजार रुपए पुरस्कार राशि के चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार 150 मेधावी छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 11 रोल मॉडल्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने समग्र शिक्षा विभाग की ओर से प्रकाशित दो पोस्टरों का विमोचन किया। मुख्य अतिथि शाले मोहम्मद ने इस अवसर पर उपस्थितजनों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा 'घूंघट छोड़ो अभियान' की शपथ दिलायी।

**बालिका शिक्षा विस्तार के प्रयास जारी**

अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने बालिकाओं के विकास एवं महिला सशक्तिकरण की योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि जिले की बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे और और कॉलेज खोले पर विचार चल रहा है।

**योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें**

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बालिकाओं का जीवन संवारने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए हैं। इनसे संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं इनसे अधिक से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित करने का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में बेटियों के अव्वल रहने पर प्रसन्नता जाहिर की और बालिकाओं से कहा कि वे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

**सशक्त भागीदारी निभाने का आह्वान**

नगर परिषद के सभापति हरिवल्लभ कल्ला ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश सरकार बालिकाओं के सर्वागीण विकास के लिए हर स्तर पर विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से बेहतर प्रयास कर रही हैं। इनका लाभ पहुंचाकर बालिका विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयासों में भागीदारी निभाने का उन्होंने आह्वान किया।

विधानसभा उप चुनाव-2021

## 9 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब, नकदी व अन्य सामग्री की जब्त

**जयपुर ( कासं )।** प्रदेश की 2 विधानसभाओं में होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग के निर्देश पर संबधित विभागों ने लगभग 9 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब, नकद राशि, नशीले पदार्थ व अन्य सामग्री जब्त की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधान सभा उप चुनाव की घोषणा होने के साथ ही संबंधित विभागों की टीमों ने काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि वल्लभनगर (उदयपुर) एवं धरियावद (प्रतापगढ़) में 10 अक्टूबर तक 8 लाख 98 हजार 204 रुपए मूल्य विभिन्न सामग्री जब्त की है। गुप्ता ने बताया कि इन क्षेत्रों में काम कर रही एफएसटी, एसएसटी और पुलिस ने मिलकर 6 लाख 20 हजार रुपए मूल्य की अवैध शराब, 1 लाख 25 हजार रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ और 1 लाख 50 लाख से ज्यादा मूल्य की अन्य संदेहास्पद सामग्री को जब्त किया है। उन्होंने कहा क्षेत्र में विभागों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि दोनों विधानसभाओं में आगामी 30 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा, जबकि 2 नवंबर को मतगणना होगी। दोनों विधानसभाओं में कुल 5 लाख 11 हजार 455 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वल्लभनगर में 2 लाख 53 हजार 831 व धरियावद में 2 लाख 57 हजार 624 मतदाता मत डाल सकेंगे।

*दो दिन में 795 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में उत्पादन शुरु*

## उत्पादन निगम व अडानी की जेवी से कोयले की रेक बढ़ी- डॉ. अग्रवाल

**जयपुर ( कासं )।** राज्य में पिछले दो दिनों में 795 मेगावाट विद्युत क्षमता के कालीसिंध एवं कोटा तापीय विद्युत गृहों में बिजली का उत्पादन आरंभ हो गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने सोमवार को एक बार फिर संदेश भेजकर केन्द्रीय कोयला सचिव अनिल जैन से प्रदेश में कोल इंडिया से कोयला की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया से राजस्थान को करीब साढ़े ग्यारह रेक प्रतिदिन उपलब्ध करानी है जबकि अभी कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई से 5 रेक ही डिस्पेच हो रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अग्रवाल ने सोमवार को जयपुर में अवकाश के दिन भी विद्युत भवन में विद्युत उत्पादन निगम, प्रसारण निगम व उर्जा विकास निगम के उच्च अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राज्य में विद्युत संकट की स्थिति की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं और उसी का परिणाम है कि स्थिति में सुधार होने लगा है। पर कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों से आपूर्ति अभी नहीं बढ पाई है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उच्च स्तरीय प्रयासों से अब प्रदेश में 15 से 16 रेक डिस्पेच होने लगी है जबकि इससे पहले कम मात्रा में रेक डिस्पेच हो रही थी। उन्होंने बताया किं 10 अक्टूबर को कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइ एनसीएल से 4 और एसईसीएल से एक ही रेक डिस्पेच हुई है वहीं विद्युत उत्पादन निगम व अडानी के संयुक्त उपक्रम से अधिक रेक प्राप्त होने लगी है। 10 अक्टूबर को उत्पादन निगम के कोल ब्लॉक से 11 रेक डिस्पेच हुई है। इस तरह से 10 अक्टूबर को कुल 16 रेक डिस्पेच हुई है जबकि इससे पहले दिन 15 और इससे पहले इससे भी कम रेक आ रही थी। राज्य में सभी तापीय इकाइयों के लिए कोयला की करीब 21 रेक प्रतिदिन की आवश्यकता है। एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राज्य में 9317 मेगावाट की उपलब्धता रही है वहीं 10683 मेगावाट की औसत मांग व 12200 मेगावाट की अधिकतम औसत मांग रही है।



## देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरी- प्रो. वी एन प्रधान

**जयपुर ( कासं )।** प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत पर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉलानी, जयपुर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता मानसरोवर स्थित दीपशिखा, कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वी एन प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह पाठ्यक्रम रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है। और प्राथमिक चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को शुरू करके हमारा विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् (फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ़ इंडिया), दिल्ली को चिन्हित किया गया है तथा अनन्य ज्ञापन समझौता भी हस्ताक्षरित किया गया है। विश्वविद्यालय अध्यापन सहयोगी संस्था भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् के माध्यम से पूरे राजस्थान में कई वर्चुअल, परंपरागत केंद्र व सूचना केंद्र स्थापित कर रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ़ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. शबाब आलम ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालाजी, जयपुर द्वारा प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ डिप्लोमा कोर्स एक अनोखा कोर्स है जिसके माध्यम से पूरे देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में एक सकारात्मक संदेश जनहित स्वरोजगार हेतु दिया गया है तथा इसके लाभ पूरे देश के छात्र-छात्राएं राजस्थान राज्य में स्थित अध्ययन अध्यापन केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। यह कुशल योजना के अंतर्गत स्वरोजगार व रोजगार हेतु विश्वविद्यालय व एफएसीआई के माध्यम से किया जा रहा है। इस मौके पर दीपशिखा के अंशुल, अंशु सुराणा और प्रोफेसर अंकित गांधी मौजूद थे। वहीं इस अवसर पर एफएसीआई द्वारा फर्स्ट ऐड विषयों की 5 पुस्तकों का विमोचन किया गया जिसे यूनिवर्सिटी में पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा।




बांकलसर में किया शिविर अवलोकन

## प्रशासन गांवों के संग अभियान ग्रामीणों के लिए राज का वरदान- शाले मोहम्मद

**जयपुर ( कासं )।** अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ एवं जन अभियोग निराकरण मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा है कि प्रशासन गांवों के संग अभियान ग्रामीणों के लिए सरकार का वरदान है। इसके महत्व को समझें और पूरा-पूरा लाभ लेने के लिए शिविरों में आएं, जानकारी पाएं तथा अपनी समस्याओं का समाधान पाएं। अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने सोमवार को जैसलमेर जिले की मोहनगढ़ पंचायत समिति अन्तर्गत बांकलसर ग्राम पंचाय मुख्यालय पर आयोजित प्रशासन गांवों के संग अभियान के शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने कहा कि इस अभियान में जितनी अधिक ग्रामीणों की भागीदारी होगी, उतना अधिक ग्राम्य विकास होगा, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होगा तथा गांव के लोगों को विकास की नई दिशा-दृष्टि प्राप्त होगी।

### नेमिनाथ मंदिर में हुआ मणिभद्र अनुष्ठान

**डूंगरपुर ( प्रात:काल संवाददाता )।** श्री जयणा मंगल ग्रुप एवं लाभार्थी परिवार के सानिध्य में श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में पंचमी के अवसर पर ओटा स्थित नैमिनाथ मंदिर में विधि विधान के साथ मणिभद्र हवन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान विधिकारक द्वारा प्रभु गीतों की जब धून छेडी तो उपस्थित धर्म प्रेमी झूम उठे। इस दौरान विधिकारण द्वारा मणिभद्र पूजन की विधि एवं उसकी महत्ता पर संगीतमयी प्रस्तुतियां दी तो धर्म प्रेमी मंत्र मुग्ध हो गये।

## सीमित ऊंचाई के पुल निर्माण के कारण रेल यातायात प्रभावित

**अहमदाबाद-योग नगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद स्पेशल रेलसेवा रहेगी आंशिक रद्द**

**जयपुर ( कासं )।** उत्तर रेलवे के लक्सर-देहरादून रेलखंड के कांसरो-रायवाला स्टेशनों के मध्य सीमित ऊंचाई के पुल निर्माण हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। जिसके कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्नलिखित रेलसेवाएं आंशिक रद्द रहेंगी। गाड़ी संख्या 09031, अहमदाबाद-योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 12.10.2021 को अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा हरिद्वार तक संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा हरिद्वार-योग नगरी ऋषिकेश के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09032, योग नगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद स्पेशल रेलसेवा जो दिनांक 13.10.2021 को योग नगरी ऋषिकेश से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा हरिद्वार से संचालित होगी अर्थात योग नगरी ऋषिकेश-हरिद्वार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

RELIANCE HOME FINANCE रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड
शाखा कार्यालय : 6वां तल, प्लाट नम्बर सी-44, मन उपासना सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर राजस्थान-302001, पंजी. कार्यालयः 11वां तल, द रूबी, प्लाट नं. 29, रूबी मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई 400 028

**शुद्धिपत्र**

यह विज्ञापन दिनांक 08/10/2021 को इस प्रकाशन में प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में है जिसमें ऋणकर्ता का नाम भूलवश सागरवल परवल लिखा गया है जबकि इसको सागरमल परवल पढ़ा जाये। अन्य सभी विवरण यथावत रहेगा।

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
रिलाइंस होम फाइनेंस लिमिटेड
स्थान : जयपुर
दिनांक : 4 अक्तूबर, 2021

मध्योत्तरी
**उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
14, सी.एस.पी. सिंह मार्ग, प्रयागराज-211001
दूरभाष : 0532-2421855

**राष्ट्रीय शिल्प मेला-2021**

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज द्वारा **दिनांक 01 दिसम्बर 2021 से 12 दिसम्बर 2021 तक राष्ट्रीय शिल्प मेले** का आयोजन केन्द्र के **'प्रयागराज हॉट'** में किया जा रहा है, आवेदन पत्र फार्म **(अभ्यर्थी की फोटो, आधार कार्ड, बुनकर कार्ड/डी.सी.एच. रजिस्ट्रेशन कार्ड सहित)** रु0 10,000/- (रुपये दस हज़ार मात्र) के बैंक ड्राफ्ट के साथ जो **निदेशक, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज** के नाम देय होगा। केन्द्र कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 11 नवम्बर 2021 को सायं 5.00 बजे तक है। शिल्प मेले के नियम शर्तों, आवेदन फार्म, दरों एवं लाटरी की तिथि आदि जानकारी केन्द्र की वेबसाइट **nczcc.in** पर दिनांक **11 अक्टूबर 2021** से या किसी भी कार्य दिवस में केन्द्र से व्यक्तिगत रूप से या दूरभाष संख्या 0532-2421855 पर प्राप्त की जा सकती है। **निदेशक**

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance
**पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई - 400059
**शाखा कार्यालय :** द्वितीय तल, राजवंश निसान बिल्डिंग, पटेल स्टेडियम के सामने, बजरंग पेट्रोल पम्प के पास, जयपुर रोड, अजमेर - 305001

जबकि
अधोहस्ताक्षरी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्रतिभूतिकरण, वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत अधिकृत अधिकारी होने के नाते और सुरक्षा ब्याज के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (प्रवर्तन) नियम 2002, ने नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया। चूंकि उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में विफल रहा, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ निम्न तिथियों पर पठित किया गया। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम तौर पर जनता को संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | उधारकर्ता का नाम/ सह-उधारकर्ता/ऋण खाता संख्या | संपत्ति का विवरण/ कब्जे की दिनांक | डिमांड नोटिस की तिथि / डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सादिक मोहम्मद (उधारकर्ता) जरीना बानो (सह-उधारकर्ता) एनएचएमआरसी00000913468 | मोहल्ला मेड़ता सिटी पिनकोड 341512 हाडीपुरा मेड़ता सिटी - 341512 राजस्थान 341412 घिरा हुआ – उत्तर से : सत्तार की संपत्ति से दक्षिण सेः वहीउद्दीन की संपत्ति से, पूर्व से : सुगनाराम जी की संपत्ति से पश्चिम सेः सड़क से। कब्जा की दिनांक - 09/10/2021 | 15-06-2021 रू. 7,06,690/- | अजमेर-बी |
| 2. | सादिक मोहम्मद (उधारकर्ता) जरीना बाना (सह-उधारकर्ता), एनएचएमआरसी00001256625 | मोहल्ला मेड़ता सिटी पिनकोड 341512 हाडीपुरा मेड़ता सिटी - 341512 राजस्थान 341412 घिरा हुआ – उत्तर से : सत्तार की संपत्ति से दक्षिण सेः वहीउद्दीन की संपत्ति, पूर्व से : सुगनाराम की संपत्ति से पश्चिम सेः सड़क से। कब्जा की दिनांक - 09/10/2021 | 15-06-2021 रू. 6,03,739/- | अजमेर-बी |

उपर्युक्त उधारकर्ताओं (गारंटरों) को एतद्वारा राशि चुकाने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवी रखी गई संपत्तियों को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति पर, प्रावधानों के अनुसार बेचा जाएगा। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के तहत।

**दिनांक : 12 अक्टूबर, 2021**
**स्थान : अजमेर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

ऐक्शन में आई एंटी टेररिस्ट स्पेशलिस्ट टीम

# कश्मीर पहुंचते ही 2 खतरनाक आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और बांदीपुरा जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो खतरनाक आतंकवादी मार गिराए। बांदीपुरा में जो आतंकी ढेर हुआ है, वह लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर था। उसकी पहचान इम्तियाज अहमद डार के रूप में हुई है और वह शाहगुंड बांदीपुरा में हाल में हुई एक नागरिक की हत्या में शामिल था।

सुरक्षाबलों के इस सख्त ऐक्शन को कहीं ना कहीं हाल ही में गृह मंत्रालय के फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में आतंकियों की कायराना हरकत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने ऐंटी टेररिस्ट स्पेशलिस्ट्स की टॉप टीम जम्मू-कश्मीर भेजने को हरी झंडी दी थी। यह टीम घाटी में स्थानीय पुलिस को आतंकी हमलों में शामिल पाकिस्तान समर्थित स्थानीय मॉड्यूल को बेअसर करने में महारत हासिल है।



### सुरक्षा एजेंसियां पहुंचीं

इसके तहत खुफिया ब्यूरो के सीटी ऑपरेशन प्रमुख तपन डेका घाटी में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। वह भी कश्मीर पहुंच गए हैं। वहीं अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की सीटी टीमें जम्मू-कश्मीर पुलिस की मदद के लिए कश्मीर पहुंच चुकी हैं।

### आतंकी इम्तियाज ने की थी हत्या

5 अक्टूबर को ही आतंकी इम्तियाज ने पाकिस्तानी आतंकियों के साथ मिलाकर सुमो टैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लोन की हत्या कर दी थी। इसके बाद से ही वह सुरक्षाबलों के निशाने पर था। इम्तियाज के पास मिले पिस्टल से उसके खतरनाक मंसूबे का पता चला।

### एक पुलिसकर्मी मुठभेड़ में हुआ घायल

इससे पहले सोमवार सुबह हुए दो मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने अनंतनाग जिले के वेरिनाग इलाके के खागुंड में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने से अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी का माकूल जवाब दिया।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) के इम्तियाज अहमद डार के रूप में हुई है। वह शाहगुंड बांदीपुरा में हाल में हुई एक नागरिक की हत्या में शामिल था।

वोटर रजिस्ट्रेशन में बड़े बदलाव की तैयारी

# ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वोटर आईडी बनाना अब और आसान हो सकता है। चुनाव आयोग (ईसी) वोटर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बड़े बदलवा की तैयारी में है। जल्द ही व्यक्तिगत वेरिफिकेशन की प्रक्रिया खत्म हो सकती है। ईसी पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने पर विचार कर रहा है। कहा जा रहा है कि नए वोटर बनने के लिए 5 से 6 दस्तावेज मांगे जाएंगे और इन सबको ऑनलाइन ही अपलोड करना होगा। फिलहाल वोटर लिस्ट में नाम डलवाने के लिए ऑन लाइन की सुविधा तो है, लेकिन बाद में बूथ स्तर के कर्मचारी वोटरों का व्यक्तिगत वेरिफिकेशन करते हैं।

चुनाव आयोग वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म में भी बदलाव की तैयारी में है। फॉर्म 8ए को हटाया जा सकता है। फॉर्म 8ए का इस्तेमाल उन मतदाताओं के लिए किया जाता है जो अपना वोटर आईडी कार्ड एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसफर करना चाहते हैं। आयोग मतदाता पहचान पत्र को दूसरे राज्य में ट्रांसफर करने के लिए एक अलग प्रक्रिया की योजना बना रहा है।



### बदलाव से होगा फायदा

आयोग अपनी सामान्य मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को जारी रखेगा, लेकिन लोगों को प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक विकल्प दिया जाएगा। ये उन लोगों के लिए स्वैच्छिक है जो अपना मतदाता पहचान पत्र जल्द से जल्द प्राप्त करना चाहते हैं। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त वीएस संपत के मुताबिक बूथ स्तर पर वेरिफिकेशन को हटाने का कदम क्रांतिकारी होगा। उन्होंने कहा, 'ये एक अच्छा कदम होगा, क्योंकि ये प्रक्रिया लोगों को और सुविधा देगी। कई बार ऐसा होता है जब एक व्यक्ति घर पर होता है और दूसरा नहीं। इससे लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से अपनी पहचान सत्यापित करना मुश्किल हो जाता है।'

### रिमोट वोटिंग सिस्टम को लेकर भी तैयारी

चुनाव आयोग रिमोट वोटिंग सिस्टम लाने की भी तैयारी में है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे राज्य में रहने के बावजूद अपना वोट डाल सकता है। रिमोट वोटिंग को लेकर चुनाव आयोग ने सारी तैयारी कर ली है। लेकिन उन्हें इस सिस्टम पर राजनीतिक दलों की राय का इंतज़ार है। कहा जा रहा है कि इससे वोटिंग सिस्टम में नई क्रांति आ सकती है। चुनाव के दौराम किसी दूसरे राज्य में रहने पर भी लोग वोट डाल सकेंगे।



# अलमारियों में रखे मिले 142 करोड़ नकद

## आयकर अफसर भी देखकर रह गए दंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयकर विभाग ने हेटेरो फार्मास्यूटिकल ग्रुप पर छापे मारे। रेड करने वाले अफसर तब दंग रह गए, जब उन्हें 142 करोड़ रूपये कैश दफ्तर की अलमारियों में पड़ा मिला। यह कंपनी अधिकांश उत्पादों का निर्यात विदेशों यानी यूएसए, यूरोप, दुबई और अन्य अफ्रीकी देशों में करती है। आयकर ने 6 राज्यों में करीब 50 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था। तलाशी के दौरान, उन ठिकानों की पहचान की गई जहां खातों की किताबों और नकदी का दूसरा सेट मिला था। डिजिटल उपकरण, पेन ड्राइव, दस्तावेज आदि के रूप में कई साक्ष्य मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इन छापों के दौरान फर्जी और गैर-मौजूद कंपनी से की गई खरीद में गड़बड़ी का भी खुलासा हुआ। भूमि की खरीद के लिए भुगतान के साक्ष्य भी पाए गए और कई अन्य कानूनी मुद्दों की भी पहचान की गई जैसे कि कंपनी की किताबों में व्यक्तिगत खर्च और संबंधित सरकारी पंजीकरण मूल्य से नीचे खरीदी गई भूमि। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान कई बैंक लाकर मिले हैं, जिनमें से 16 लाकर संचालित हैं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के मुताबिक, हैदराबाद स्थित एक प्रमुख फार्मास्युटिकल समूह पर 6 अक्टूबर को तलाशी अभियान चलाया गया था और अबतक लगभग 550 करोड़ रूपये की बेहिसाब आय का पता चला है। अघोषित आय का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जारी है।

चांग ई-5 मिशन

# चंद्रमा की चट्टानों से 40 साल बाद धरती पर नमूने लेकर आया चीन



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** चीनी अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से शुरू की गई चंद्रमा की जांच के अंतर्गत चांग ई-5 मिशन में 40 से अधिक वर्षों के बाद चंद्रमा की ज्वालामुखीय चट्टान (लावा) के पहले ताजा नमूने लाए गए हैं। चंद्रमा की चट्टानों पर किए गए इस अध्ययन के वैज्ञानिकों में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ब्रैड जोलिफ भी शामिल हैं, जिन्होंने चंद्रमा की ज्वालामुखीय चट्टान की आयु करीब दो अरब साल निर्धारित की है। इन अध्ययन के निष्कर्ष साइंस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

अमेरिका के निवासी जोलिफ चाइनीज एकेडमी ऑफ जियोलॉजिकल साइंसेज के नेतृत्व में चंद्रमा की चट्टानों के विश्लेषण के सह-लेखक हैं।

जोलिफ बताते हैं, चांग ई-5 मिशन चंद्रमा पर सबसे कम उम्र की ज्वालामुखीय सतहों से चट्टानों को इकट्ठा करने और उन्हें वापस पृथ्वी पर लाने के लिए डिजाइन किया गया है। बेशक यह अभी नया मिशन है, लेकिन इसके निष्कर्ष काफी महत्वपूर्ण हैं।

### चांग ई-5 मिशन ने जुटाए दो अरब साल पुराने ज्वालामुखीय चट्टान के नमूने

उन्होंने बताया कि अपोलो मिशन में एकत्रित सभी ज्वालामुखी चट्टानें तीन अरब वर्ष से अधिक पुरानी थी। वहीं, इस युवा मिशन में मिले चट्टानों के नमूनों की उम्र दो अरब वर्ष है, जो इसके प्रभावी होने का संकेत देती है। चांग ई-5 मिशन से जुटाए गए नमूने न केवल चंद्रमा के अध्ययन के लिए बल्कि सौर मंडल के अन्य चट्टानी ग्रहों के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

### चट्टानों की उम्र पता लगाना महत्वपूर्ण

जोलिफ बताते हैं, चंद्रमा स्वयं लगभग 4.5 अरब वर्ष पुराना है, लगभग पृथ्वी जितना पुराना। लेकिन पृथ्वी के विपरीत, चंद्रमा पर ऐसी चट्टानों की निर्माण प्रक्रिया नहीं होती है, जो वर्षों के ज्वालामुखी का संकेत दे। वैज्ञानिकों ने इसकी सतह पर विभिन्न क्षेत्रों की उम्र का अनुमान लगाने के लिए चंद्रमा के स्थायी ज्वालामुखी के नमूने लिए, जो इस बात पर आधारित है कि यह क्षेत्र कैसा प्रतीत होता है। इस अध्ययन से पता चला कि चांग ई-5 मिशन की मदद से लाई गई चांद की चट्टानों की उम्र दो अरब साल थी, जिसे जानने के बाद वैज्ञानिक अब अपने महत्वपूर्ण जांच उपकरणों को ज्यादा सटीक रूप देने में सक्षम होंगे।

### ज्वालामुखी इतिहास जानना हुआ आसान

जोलिफ ने बताया कि बीजिंग की प्रयोगशाला जहां नए विश्लेषण किए गए थे, वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ लैब है। इसमें चंद्रमा पर मिली ज्वालामुखीय चट्टान के नमूनों को चिह्नित करने और उनका विश्लेषण करने में अभूतपूर्व काम किया है। इस विश्लेषण का दूसरा निष्कर्ष यह रहा कि इससे जुटाए गए नमूने बेसाल्ट की संरचना के बारे में पता चला हैं, जिसकी मदद से चंद्रमा के ज्वालामुखी इतिहास का पता लगाना आसान हो गया है।



# अग्रिम जमानत देने से पहले कोर्ट को अपराध की गंभीरता देखनी चाहिए

सुको ने अग्रिम जमानत देने के मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को रद्द किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालत को आरोपित को अग्रिम जमानत देते समय अपराध की गंभीरता और विशिष्ट आरोप जैसे मानदंडों पर विचार करना चाहिए। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने यह टिप्पणी हत्या के दो आरोपितों को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दी गई अग्रिम जमानत के आदेश को रद करते हुए की।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उसे तय करना है कि इस स्तर पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने के लिए सही सिद्धांतों का अनुपालन किया है या नहीं। पीठ ने कहा, अदालतों को अग्रिम जमानत अर्जी को स्वीकार करने या उसे खारिज करते वक्त आम तौर पर अपराध की प्रकृति और गंभीरता, आवेदक की भूमिका और मामले के तथ्यों के आधार पर निर्देशित होना चाहिए। पीठ ने कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति की है, जिसमें एक व्यक्ति की हत्या की गई। प्राथमिकी और बयान संकेत देते हैं कि आरोपित की अपराध में विशेष भूमिका है।

पीठ ने कहा, अग्रिम जमानत देने का आदेश देते वक्त अपराध की प्रकृति और गंभीरता और आरोपित के खिलाफ विशेष आरोप सहित ठोस तथ्यों को नजरअंदाज किया गया। इसलिए हाई कोर्ट द्वारा मंजूर अग्रिम जमानत को रद करने के लिए उचित मामला है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि मौजूदा चरण में तथ्यों का विस्तार से परीक्षण करने की जरूरत नहीं है।

# इमरान ने रखी तालिबान की नींव!



'रहमतुल लील आलमीन अथॉरिटी' के गठन का किया एलान'

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाले तालिबान की शान में कसीदे गढ़ने वाले पाकिस्तान ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इस कट्टरपंथी संगठन का समर्थन किया है। अब इमरान खान अपने देश पाकिस्तान में तालिबान की तरह ही शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। इसी के मद्देजनर इमरान ने रहमतुल लील आलमीन अथॉरिटी के गठन का एलान किया। इमरान के इस फैसले ने साफ जाहिर कर दिया है वह पाकिस्तान को किस दिशा में ले जाना चाह रहे हैं। अगर सही मायनों में कहें तो प्र.म. इमरान खान ने पाकिस्तान में तालिबान की नींव रख दी है। इमरान का असली मकसद इस अथॉरिटी के जरिए पाकिस्तान की शिक्षा व्यवस्था को शरिया के मुताबिक बदलना है।

### तालिबान की शुरूआत भी छात्र संगठन के रूप में हुई थी

अगर तालिबान के इतिहास की बात करें तो तालिबान एक कट्टरपंथी संगठन है इसकी शुरूआत भी छात्र संगठन के रूप में हुई थी, ये भी खुद को इस्लाम का पैरोकार और शरिया का पालनकर्ता बताते हैं। वहीं इमरान ने कई जगहों पर अहिंसा का समर्थन किया है लेकिन शरिया के नाम पर क्रूरता करने वाले संगठन की इमरान तारीफ करते देखे गए हैं। इससे साफ पता चलता है कि वह अपने देश को भी तालिबान के रास्ते पर ले जाता चाहते हैं।

### अथॉरिटी में शामिल होंगे विद्वान

इमरान खान ने इस्लामाबाद में 'अशरा-ए-रहमत-उल-लिल-अलामिन' सम्मेलन को संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने कहा कि इस नई अथॉरिटी में विद्वानों को शामिल किया जाएगा और इनको इस बात पर शोध करने का काम सौंपा जाएगा कि बच्चों और वयस्कों के बीच पैगंबर की शिक्षाओं को कैसे फैलाया जाए। साथ ही दुनिया को यह बताना होगा कि असल में इस्लाम क्या है? पाक प्र.म. इमरान खान ने कहा कि इस अथॉरिटी के जरिए स्कूलों के पाठ्यक्रम की निगरानी की जाएगी। साथ ही अथॉरिटी का हिस्सा होने वाले विद्वान ये हमें बताएंगे कि क्या पाठ्यक्रम को बदलने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि कि इस अथॉरिटी के जरिए दूसरे धर्मों की भी शिक्षा दी जाएगी।

# टीकाकरण 95 करोड़ के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 46.57 लाख से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही कुल टीकाकरण 95.19 करोड़ के पार हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 18,132 नए मामले सामने आयें हैं। देश में इस समय 2,27,347 कोविड रोगियों का इलाज चल रहा है जो कुल मामलों का 0.67 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में 21,563 कोविड रोगी स्वस्थ हो गये हैं। अभी तक कुल 3,32,93,478 लोग कोविड संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं। देश में स्वस्थ होने की दर 98 प्रतिशत है।



रिकवरी दर बढ़कर 98%

### रिकवरी रेट इस समय मार्च 2020 के बाद अपने उच्चतम शिखर पर है

आंकड़ों में बताया गया है कि पिछले 24 घंटों में 46,57,679 कोविड टीके लगायें गये हैं। सोमवार सुबह सात बजे तक 95 करोड़ 19 लाख 84 हजार 373 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। देश भर में कोविड परीक्षण जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 10,35,797 परीक्षण किए गयें हैं। देश में अब तक 58 करोड़ 36 लाख 31हजार 490 कोविड परीक्षण किए हैं।

# आधुनिक पीकदान रखेंगे रेलवे स्टेशनों को चमाचम




थूकने से पड़ने वाले निशानों को साफ करने में रेलवे हर साल खर्च करता है 1200 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना महामारी के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर थूकने पर प्रतिबंध के कड़े प्रविधानों के बावजूद यह बड़ी चुनौती बनी हुई है। इससे निपटने के लिए रेलवे 42 स्टेशनों पर रीयूजेबल और बायोडिग्रेडेबल स्पिटून (पीकदान) की वेंडिंग मशीनें या कियोस्क लगा रहा है ताकि स्टेशन चमाचम रहें। इन पीकदान में बीज भी होंगे। लिहाजा इन्हें फेंकने पर इनमें मौजूद बीजों से पौधे उग सकेंगे और हरियाली बढ़ेगी। रेलवे अपने परिसरों को पान, गुटका और तंबाकू खाने वालों के थूकने से पड़े निशानों को साफ करने पर हर साल करीब 1,200 करोड़ रूपये और काफी पानी खर्च करता है। ऐसे यात्रियों को अपने परिसरों में थूकने से हतोत्साहित करने के लिए ही रेलवे ने यह पहल की है। इसके लिए रेलवे के पश्चिम, उत्तर और मध्य जोन ने नागपुर स्थित स्टार्टअप 'ईजीस्पिट' को कांट्रेक्ट दिया है और उसने काम शुरू भी कर दिया है। कंपनी ने नागपुर और औरंगाबाद नगर निगमों के साथ भी अनुबंध किया है।

### 5 से 10 रूपये होगी कीमत

पीकदान में मैक्रोमोलेक्यूल पल्प टेक्नोलाजी और ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है जिससे लार में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस पीकदान में ही कैद होकर रह जाते हैं। ये पीकदान 5 से 10 रू. में उपलब्ध होंगे।

### तीन साइज में होंगे उपलब्ध

ये तीन साइज में उपलब्ध होंगे। पाकेट पाउच (10 से 15 बार इस्तेमाल कर सकने योग्य), मोबाइल कंटेनर (20 से 40 बार इस्तेमाल कर सकने योग्य) और स्पिट बिन।

# म.प्र. में पकड़े गए ज्वैलर से लूटपाट करने के 2 आरोपी

**साबला व पालोदा में लूट की वारदात करना कबूला**

**बांसवाड़ा के रहने वाले है दोनों आरोपी, डूंगरपुर पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर करेगी गिरफ्तार**

**डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)।** डूंगरपुर के साबला में ज्वैलर से हुई लूट की वारदात का खुलासा हो गया हैं। एमपी के बांजना में शराब ठेके पर लूट की वारदात में बांसवाड़ा के रहने वाले दो आरोपी पकड़े गए थे। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने साबला व बांसवाड़ा के पालोदा में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट की वारदात करना कबूल किया हैं। साबला थानाधिकारी मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ बांजना में आरोपियों से पूछताछ के बाद लौट आए हैं। बांजना थानाधिकारी रेवल सिंह भरडे ने बताया कि शराब ठेके पर लूट की वारदात के मामले में सुनील पुत्र संतोष सरपोटा निवासी खेरड़ा थाना भूंगड़ा और दूसरा आरोपी चिराग पुत्र विक्रम मईड़ा निवासी कोटड़ा थाना दानपुर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ करने पर दोनों ने डूंगरपुर के साबला कस्बे में सर्राफा व्यापारी मोहनलाल भगोरिया व बांसवाड़ा जिले के पालोदा में पिस्तौल की नोंक पर ज्वैलर्स लूट की वारदात कबूल कर ली है।



**साबला लूट मामले में एक आरोपी फरार:** साबला में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट में 3 आरोपी सीसीटीवी में दिखाई दे रहे है। बांजना पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरार एक आरोपी के गुजरात में होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में पुलिस की टीम उसे गुजरात में भी तलाश रही है।

**प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाएगी साबला पुलिस:** पकड़े गए आरोपी सचिन और चिराग से बांजना पुलिस शराब के ठेके पर फायरिंग कर लूटपाट में मामले में छानबीन करेगी। बांजना पुलिस की कार्रवाई पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों को डूंगरपुर की साबला पुलिस प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार कर डूंगरपुर लाएगी और पूछताछ की जाएगी।

**सबूत जुटाने में लगी पुलिस:** साबला में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट में बांजना की घटना के आरोपी सचिन व चिराग के कबूलनामे के बाद अब पुलिस तकनीकी साक्ष्य जुटाने में लग गई है ताकि आरोपियों के किसी भी तरह से बचने की संभावनाए नहीं रहे। इसके लिए पुलिस उनकी कॉल डिटेल में साथ वारदात के दिन उनकी मोबाइल लोकेशन को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा भी घटना से जुड़े तमाम साक्ष्य को जुटाया जा रहा है।

**म.प्र. में शराब ठेके पर सैल्समैन को पैर में गोली मारकर नगदी लूटकर भागे:** मध्यप्रदेश के बांजना थाने के थानाधिकारी रेवल सिंह भरडे ने बताया कि बाइक पर आए दो बदमाशों ने सरकारी शराब के ठेके पर सेल्समैन दीपक जायसवाल से विवाद करते हुए पैरों में गोली मारी। इसके बाद नगदी लूटकर ले गए। मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया।

### एक पिस्तौल और एयरगन बरामद

बांसवाड़ा के आरोपियों से पुलिस ने एक पिस्तौल और एक एयर गन बरामद की है। साबला में हुई लूटपाट में एक बदमाश के हाथ में जिस तरह की पिस्तौल नजर आ रही है,उसी तरह की पिस्तौल को बांजना पुलिस ने बरामद किया है।

## बाईक सवार उचक्कों ने झपटी सोने की बालियां

**चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)।** जिले के भदेसर उपखण्ड क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाश रास्ता पूछने के बहाने एक महिला के कानों से सोने की बालियां झपट कर फरार हो गए। भदेसर उपखंड क्षेत्र के शक्तिपीठ आसावरा माता के तेजपुरा रोड पर नीमच से 23 लोगों का एक समूह पैदल यात्रा कर माता जी के दर्शन के लिए आया था, जिसमें महिलाएं पीछे चल रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और नीमच निवासी निर्मला देवी पत्नी मोहन दास बैरागी को रोककर रास्ता पूछने लगे, बाइक के पीछे बैठे दूसरे युवक ने महिला के कानों से 2 तोले की बालियां झपट कर फरार हो गए। महिला के कानों से खून निकलने लगे, जिसे चिकित्सालय ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया गया। समूह के लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन भाग गए।

## भोली में पड़ौसी भिड़े, 5 चोटिल, परस्पर मामले दर्ज

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** मंगरोप थाने के भोली गांव में दो पड़ौसी भिड़ गये। इस झगड़े में 5 लोग घायल हो गये। इसे लेकर पुलिस ने परस्पर मामले दर्ज किये हैं। मंगरोप थाना प्रभारी मोतीलाल ने बताया कि गीता पत्नी रामचंद्र जाट व कमलेश जाट के परिवारों के बीच झगड़ा हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों में विशाल, रामलाल, रतन, रामचंद्र व गोपाल चोटिल हो गये। पुलिस ने गीता व कमलेश की रिपोर्ट पर परस्पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## असंगठित श्रेणी के महिला श्रमिको के बनाये ई श्रम कार्ड

**चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)।** राष्ट्रीय घरेलू महिला श्रमिक संगठन के तत्वावधान में मीठाराम जी का खेड़ा सामुदायिक भवन में पार्षद विजय चौहान, महेंद्र सिंह मेडतीया के मुख्य आतिथ्य, कीर्ती की अध्यक्षता एवं श्रम विभाग से सहायक प्रशासनिक अधिकारी मदन सालवी के विशिष्ठ आतिथ्य में 100 महिला श्रमिकों व पुरुष श्रमिकों आदि के ई श्रम कार्ड जारी होने हेतु आधार कार्ड व बैंक खाते प्राप्त हुए। शिविर में प्रेम लता, शांता नायक, वर्षा बेरवा, चांद बानु, मंजू छींपा, मिनाक्षी बेरवा, तुलसी सालवी, केलाशी रेगर, लक्ष्मी नायक, धापु, केसर धोबी, गुलाबी रेगर, रुबीना, सीमा रेगर, पुनम गुजर, जशोदा कंवर, सुशीला ओड, गंगा ओड, नरेश सोनी, चन्द्र प्रकाश भावसार, जय दीप सिंह, राजवीर सिंह, पुष्कर जाट आदि के साथ ही अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

## महिला कृषक प्रशिक्षण में 21 मूल मंत्र द्वारा दी खेती की जानकारी

**बड़ीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)।** उपखंड क्षेत्र के गांव रति चंद जी का खेड़ा के गांव रातीतलाई में एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा 21 मूल मंत्र द्वारा खेती के बारे में जानकारी बताई गई। अतिथि व्याख्याता द्वारा जैविक खेती वर्मी कंपोस्ट सुपर कंपोस्ट बायो फर्टिलाइजर आदि की तकनीकी जानकारी दी गई। सहायक कृषि अधिकारी हरिशंकर व्यास द्वारा कृषकों को समय पर खरीफ फसल कटाई तथा रबी फसल बुवाई करने की सलाह दी गई,वर्तमान में कृषि जिंसों के भाव को देखते हुए सरसों शीघ्र ही लगाने की बात कही तथा सरसों में बीज उपचार कीट रोग व्याधि आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई,कृषि पर्यवेक्षक ईश्वर लाल द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को पुरस्कार एवं अल्पाहार वितरित किया गया।

## भाजपा आमेट नगर महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**आमेट (प्रातःकाल संवाददाता)।** विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ की अनुशंसा पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष संविता सनाढ्य एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील गांधी के दिशा निर्देश में भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष श्री मति गीता सोनी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर विद्या टेलर, नौसर देवी देशांतरी, उल्लास देवी खटीक, महामंत्री पद पर सविता शर्मा, केसर कंवर मौर्य, कोषाध्यक्ष पद पर शोभा पालीवाल, मीडिया प्रभारी रेखा पालीवाल, कार्यालय प्रभारी वंदना चौहान, आईटी प्रभारी भूमि माहेश्वरी, मंत्री पद पर कमलेश कंवर, जसोदा सोनी, रुक्मण सेन, विमला खटीक को मनोनीत किया गया।

## राजकीय महाविद्यालय में बढ़ाई जाये सीटें

**बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** एसटी-एससी छात्र संगठन एवं एनएसयूआई ने राजकीय महाविद्यालयों में सीटे बढ़ाने की मांग को लेकर श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से आयुक्त एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। एसटी-एससी छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष प्रकाश बामनिया एवं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आसीफ खान ने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के मद्देनजर रा%य सरकार ने सभी विद्यार्थियों को बिना परीक्षा दिये ही उत्तीर्ण कर दिया है जिससे बारहवी में मेरिट अधिक रहने पर प्रथम वर्ष के छात्रों का प्रवेश संभव नहीं रहेगा क्योंकि रा%य सरकार ने महाविद्यालय में 5 हजार 16 सीटे सीमित कर रखी है जबकि आवेदन 17 हजार 664 विद्यार्थियों ने किया है। इन लोगों ने बताया कि निजी महाविद्यालयों में प्रवेश शुल्क अधिक होने के कारण आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रवेश लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह जनजाति वर्ग की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अभिभावक चाहकर भी अपने बच्चों को अध्ययन नहीं करवा पायेंगे। ज्ञापन देने वालों में पूर्व उपाध्यक्ष कांतिलाल निनामा, महासचिव गंगा राम मीणा, जितेंद्र डोडियार, बतुल मईड़ा, विकास डामोर, अभिताब मईड़ा, निकेश चरपोटा, केसुराम निनामा, निलेश डोडियार, सुभाष खराड़ी, बापू लाल निनामा, सुभाष मालवीया, गोविन्द निनामा, ईश्वर लाल, नवीन आदि प्रमुख रहे।

## मासूम की जहरीले जंतु के काटने से मौत

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** कोटड़ी गांव के एक दस साल के मासूम बालक की खेत पर जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

सहायक उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि कोटड़ी गांव निवासी दस वर्षीय देवराज पुत्र प्रकाशचंद्र बलाई आठ अक्टूबर को सुबह साढ़े छह बजे घर से खेत पर मोटर चलाने गया था। जहां देवराज को खेत पर जहरीले जंतु ने काट लिया। देवराज घर लौट आया और इसकी जानकारी पिता प्रकाशचंद्र को दी। देवराज ने उन्हें बताया कि उसके आंखों के सामने अंधेरा छा रहा है। मुंह से झाग निकल रहा था। इसे लेकर देवराज को तुरंत निजी अस्पताल ले गये। जहां कुछ समय उपचार करने के बाद उसे रैफर कर दिया गया। देवराज को वहां से जिला अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया।

**ट्रक में ठूंस ठूंस कर भरे गाय के 29 बछड़े**

# 27 की हो चुकी थी मौत, चालक फरार

**छोटीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)।** प्रतापगढ़- निम्बाहेड़ा के राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर एक ट्रक से धोलापानी पुलिस ने कत्लखाने ले जाए जा रहे गोवंश को जब्त किया। तस्कर मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। निर्दयता पूर्वक ट्रक में भरे 29 गोवंश में से 27 की मौत हो गई। घटना के बाद गौ रक्षकों में आक्रोश देखा गया। पशु क्रूरता निवारण समिति के जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि गौ सेवक दिलीप तिवारी, श्याम लाल गुर्जर और गोपाल गुर्जर बरोल घाटे से होकर गुजर रहे थे।

यहां पर उन्होंने एक ट्रक को संदिग्ध हालत में खड़े देखा उसके आसपास कोई नहीं था। उन्होंने तिरपाल हटाकर देखा तो अंदर निर्दयता पूर्वक गोवंश भरा हुआ था। गौ रक्षकों ने धोलापानी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तिरपाल हटाकर देखा तो अंदर निर्दयता पूर्वक गाय के बछड़े भरे हुए थे। तस्करी का यह गोवंश अजमेर से महाराष्ट्र के धुलिया कत्लखाने ले जाया जा रहा था। धोलापानी थाना अधिकारी मानसिंह ने बताया कि तस्करी के काम में लिए जा रहे ट्रक को जप्त कर लिया गया है। ट्रक के अंदर 29 गोवंश भरे हुए थे जिनमें से 27 की मौत हो गई है। संभवतया ट्रक में खराबी होने के कारण यह ट्रक यहां खड़ा था। पुलिस ने जीवित गोवंश को बारावरदा की महावीर गोवर्धन गौशाला पहुंचाया। मृत पशुओं को पोस्टमार्टम कर गड्ढे में गढ़वाया जाएगा। पुलिस ने अज्ञात गौ तस्करों के खिलाफ गोवंश एवं पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। रमेश चंद्र शर्मा ने आक्रोश जताते हुए कहा कि क्षेत्र से बड़ी संख्या में गोवंश से भरे ट्रक कत्लखाने ले जाए जा रहे हैं। प्रशासन ऐसे गोवंश तस्करों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करें।



## अवैध बायोडीजल बेचने वाले गिरोह को पकड़ा

**एक पिकअप, तीन ट्रेलर, 2 हजार लीटर बायो डीजल, नोजल, पंप सेट जप्त, 5 लोग हिरासत में**

**भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** गंगापुर में राजसमंद-भीलवाड़ा हाइवे पर होटल की आड में अवैध बायो डीजल बेचने वाले गिरोह के 5 लोगों को पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा ने पकड़ा है। अवैध बायोडीजल बेचने वाली पिकअप, उसमें भरा हुआ 2 हजार लीटर बायो डीजल, पंप, नोजल, बायो डीजल भरवाने के लिए खड़े 3 ट्रेलर को पुलिस ने जब्त कर लिया। अवैध बायोडीजल बेचने व खरीदने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बायोडीजल के अवैध गिरोह पर पुलिस की धरपकड़ से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बायोडीजल का अवैध गोरखधंधा कई दिनों से गंगापुर क्षेत्र में चल रहा था। पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा ने बताया कि रात्रि में सूचना मिली की कुछ लोग बायोडीजल एक पिकअप में लोड करके लाते हैं। जिसमें एक टैंक लगा हुआ है। पंप लगा हुआ है। गाड़ियों में डाल रहे हैं। सरकार को टैक्स, जीएसटी और वेट का चूना लगा रहे हैं। मामले की सूचना पर पुलिस जाब्ते सहित मौके पर पहुंचे। भीलवाड़ा मुख्य राजमार्ग पर गलोदिया बस स्टैंड के निकट स्थित होटल चमन पर एक पिकअप खड़ी मिली जिसमें बायोडीजल का टैंक भरा हुआ था। पिकअप में ही छोटा पंप लगा हुआ था। नोजल पाइप लगी हुई थी। टैंक में 2 हजार लीटर बायोडीजल भरा हुआ था। जिसे जप्त कर लिया गया। बायोडीजल का अवैध गोरख धंधा करने वाले संचालक और ऑपरेटरों, बायो डीजल भरवाने आए ट्रेलर चालकों को हिरासत में लिया गया। मौके से पिकअप, बायोडीजल, अवैध पंप, नोजल, डीजल भरवाने आए 3 ट्रेलर को जप्त कर लिया गया। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। हिरासत में लिए गए संचालकों व ऑपरेटरों से पूछताछ की जाएगी।



## ढूंढिया में कुल की रस्म के साथ उर्स संपन्न

**आकोला (प्रातःकाल संवाददाता)।** क्षेत्र के ढूंढिया गांव के मरहूम मोहम्मद हुसैन की बाड़ी में हजरत हबीब साहब उर्फ दरवेश कमर अली बैग रहमतुल्लाह अलैहे (र.अ.) (मलंग बाबा) के यंहा आयोजित दो दिवसीय उर्स रविवार को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ। कमेटी के तत्वावधान में शनिवार से आयोजित दो दिवसीय उर्स के दौरान महफिले मिलाद व कव्वालियों का प्रोग्राम आयोजन किया गया। कव्वाल पार्टियों ने कलाम पेश किए। उर्स में शिरकत करने वाले हजरत फाजिल सा. बेंगलुर (कर्नाटक), जावेद सा. वासनी (नागोर शरीफ), हजरत रमजान अली बापू दादा मदार (कुचेरा शरीफ), कुदरत अली शाह बाबा दादा मदार (परबतसर), हुसैन मोलाना माण्डल, गफूर बाबा माण्डल, चिकने बाबा दिल्ली, सदर इकबाल भाई ढूंढिया सहित उदयपुर, कपासन, फतहनगर, ढूंढिया आकोला सहित आसपास के जायरीन उपस्थित थे। महफिले मिलाद के बाद सदाकत साबरी कव्वाल पार्टी कपासन ने अपने कलाम पेश किए। आखिर में कव्वाल पार्टी ने मेहबूब ईलाही निजामुद्दीन औलिया के मुरीदे खास अमीर खुसरो द्वारा ब्रज भाषा में लिखित 'आज रंग है री मां रंग है' पढ़ा।

**नारी-पुरूष समानता को लेकर जिला सन्दर्भ दल की बैठक**

# हिंसात्मक मर्दानगी समाज के लिए घातक : डॉ. पालीवाल

**राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)।** जतन संस्थान द्वारा घटते बाल-लिंगानुपात को रोकने, बालिकाओं की गरिमा को समाज में पुनर्स्थापित करने और सामाजिक स्थिति के आधार पर किए जा रहे भेद-भाव को समाप्त करने के उद्देश्य से वर्ष 2010 में जिले के प्रबद्धजनों के साथ मिलकर एक जिला स्तरीय सन्दर्भ दल का गठन किया गया। सन्दर्भ दल में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, चिकित्सक, अधिवक्ता, पत्रकार, जन प्रतिनिधि, व्याख्याता और सरकारी कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया। कार्यक्रम में मरूधर सिंह ने जिला संदर्भ दल के गठन के उद्देश्यों से अवगत करवाया।




कार्यक्रम मैनेजर राजदीप सिंह ने मर्द और मर्दानगी पर पीपीटी के माध्यम से बैठक के सदस्यों से प्रश्न किए कि मर्द कौन है? पुरुषों से जुड़े स्टेटमेंट पर विचार व्यक्त किए। पितृसत्ता, मातृसत्ता, मर्दानगी के मायने, इसका समाज पर प्रभाव, समाज में हिंसात्मक मर्दानगी, यह हमें कैसे प्रभावित करती है व किस तरह हम एक सकारात्मक मर्दानगी के मंतव्य को आगे देखते है। महावीर इंटरनेशनल से जेके डांगी ने कहा कि व्यक्ति दो तरह के होते है एक तो बाहरी व्यक्ति और दूसरा आंतरिक व्यक्ति दोनों व्यक्तियों के भाव अलग-अलग होते है इन्ही भावों को मर्द कहा गया है। संस्थान निदेशक कैलाश बृजवासी ने कहा कि इस मुद्दे पर हम सभी की सांझा समझ की जरूरत है और लगातार संवाद करने की ताकि आने वाले समय में हम मिलकर सकारात्मक मर्दानगी के सोच को आगे ले जा सकें। पूर्व सरपंच वर्द्धिनी पुरोहित ने कहा कि गांवों में देखते हैं कि लड़के और लडकियों में भेदभाव किया जा रहा है, उनको समान अवसर नहीं दिए जा रहे है तो हमें समानता बनाने के लिए समुदायों को जागरूक करना चाहिए और शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। पूर्व महिला प्रचेता पुष्पा पालीवाल ने कहा कि लड़के व लड़कियों के लिए हमने ही रीति रिवाज बनाएं है जो गलत रिवाज है उनमें बदलाव लाना होगा। बैठक में बाल कल्याण समिति सदस्य हरकलाल बाफना, परसराम वैष्णव, सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पा कर्नावट, सुरेश भाट, विजय शर्मा, अल्केश सनाढ्य सहित चाइल्डलाइन टीम के साथियों ने भाग लेकर विषय अनुसार विचार से अवगत कराया।

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**एसी ओएचई प्रणाली परिवर्तन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत Tr.D), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं.1 : निविदा सं.** ईएल/टीआरडी/निविदा/21-22/07 । **कार्य का नाम:** वडोदरा मंडल के सुरत-गोधरा एवं वडोदरा-गेरतपुर अनुभाग में वर्तमानित 1 x 25kV AC OHE प्रणाली का 2 x 25kV AC OHE प्रणाली में परिवर्तन एवं अन्य सहायक कार्य । **कार्य की अनुमानित लागत (रु.में):** ₹ 133,36,10,044.72/- **ईएमडी (रु.में):** बिड सिक्युरीटी डिक्लेरेशन **समापन अवधि:** 18 माह **निविदा समय सारणी :** निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय: 11/11/2021 को 15:00 बजे । **वेबसाइट विवरण एवं नोटीस स्थान जहाँ संपूर्ण विवरण देख सकते हैं तथा कार्यालय का पता विवरण जानकारी के लिए: वेबसाईट: @ www.ireps.gov.in** मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत Tr.D), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004.

BRC-158

हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

## हिंदुस्तान जिंक को बेस्ट ऑवरऑल एक्सीलेंस इन सीएसआर श्रेणी में सीएमओ एशिया का बेस्ट सीएसआर प्रेक्टिस अवार्ड

**जयपुर (कासं)।** हिंदुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत् किये जा रहे नवाचारो और विकास कार्यो हेतु बेस्ट ऑवरऑल एक्सीलेंस इन सीएसआर श्रेणी में सीएमओ एशिया का बेस्ट सीएसआर प्रेक्टिस अवार्ड प्रदान किया गया। यह पुरस्कार अपने आसपास के समुदायों के जीवन में विशेष रूप से सकारात्मक बदलाव लाने की मान्यता हैं। यह पुरस्कार हिंदुस्तान जिंक द्वारा समुदाय को पुनः लौटाने के सिद्धांत को प्रतिपादित करता है। यह पुरस्कार महिलाओं के रोजगार और रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों, युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने, समुदाय को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने सहित हिंदुस्तान जिंक की अभिनव और प्रगतिशील सीएसआर कार्यक्रमों एवं योजनाओं हेतु दिया गया। हिंदुस्तान जिंक राजस्थान के 5, उत्तराखंड एक -एक जिले में सीएसआर पहलों के माध्यम से 7 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक बदलाव ला रहा है।



कंपनी द्वारा खुशी और नंद घर परियोजना, शिक्षा संबल, ऊंची उड़ान और रिंगस में बालिका उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। खेल के क्षेत्र में, कंपनी जिंक फुटबॉल अकादमी प्रौद्योगिकी के माध्यम से जमीनी स्तर पर फुटबॉल प्रतिभाओं को विकसित करती है। राजस्थान में जिंक फुटबॉल अकादमी की टीम अंडर 18 वर्ग में चैंपियन है। सखी हिन्दुस्तान जिंक द्वारा प्रमुख महिला सशक्तिकरण परियोजना है जहां 27000 महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होने की ओर अग्रसर हैं।

## बांगेड़ा में आया मगरमच्छ, बांध में छोड़ा

**निम्बाहेड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)।** कनेरा कस्बे के निकट बांगेड़ा घाटा में प्रातःकाल ग्रामीणों को खेत पर जाते समय बिजली घर के समीप एक मगरमच्छ दिखाई दिया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारी एवं वन्य जीव प्रेमियो को दी जिस पर सभी मौके पर पहुंचे तथा मगरमच्छ को पकड़ कर औराई बांध में छोड़ा। बांगेड़ा के अजय धाकड़ एवं देवीलाल धाकड़ ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर नरेंद्र कुमार के निर्देशन में 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को काबू में लिया।



## बड़ीसादड़ी में बारिश

**बड़ीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)।** तहसील क्षेत्र में शाम को अचानक तेज बरसात आने से किसानों के खेतों में पड़ी मक्का सोयाबीन फसल को नुकसान हो गया। अचानक बरसात होने से खेतों में भी पानी भर गया। किसान बरसात में गीली हुई मक्का की फसल और सोयाबीन को जैसे-तैसे खेतों से बाहर निकालते नजर आए। सड़कों पर पानी बहने लगा ।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, इन्दौर**
**eepwd1ind@mp.nic.in ph.no.0731-2490978**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 28/ व.ले.लि/2021-22 इन्दौर दिनांक — 29.09.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2021_PWDRB_162130_1 | राजेन्द्र नगर - केट (2 लेन से 4 लेन) मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 900 मीटर | 296.14 | 296140.00 | 15000.00 | 300 दिन वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2021_PWDRB_162255_1 | गोगाखेड़ी मुण्डी मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 0.55 कि.मी. | 72.23 | 72230.00 | 10000.00 | 180 दिन वर्षाकाल सहित |
| | | **कुल योग** | **368.37** | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।
1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2 अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 01.10.2021 सुबह 10:30 से दिनांक 21.10.2021 सांय 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 इन्दौर**

**G18017/21**

## अनमोल वाणी

**स्त्री को पति के बल और पुरूषत्व का दर्प होता है। उसका बल और साहस, मान और मर्यादा पति होता है।**

**- प्रेमचंद**

अश्विन शुक्ला 7, मंगलवार, 12 अक्टूबर, 2021

# संपादकीय

## फिर न हो पलायन

**कश्मीर** में बचे खुचे अल्पसंख्यकों को चुन चुनकर निशाना बनाए जाने की हाल की घटनाओं के बाद आतंकियों, उनके समर्थकों और अन्य संदिग्ध तत्वों की धरपकड़ आवश्यक ही है, लेकिन इसके साथ यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि वैसी घटनाएं फिर न होने पाएं जैसी पिछले कुछ दिनों श्रीनगर में हुई हैं। यह इसलिए सुनिश्चित किया जाना चाहिए, क्योंकि कश्मीर में रह रहे सिखों और हिंदुओं के नए सिरे से पलायन का खतरा पैदा हो गया है। इस खतरे का सामना हर हाल में किया जाना चाहिए। यह शुभ संकेत नहीं कि अन्य राज्यों के कामगार कश्मीर छोड़ने को मजबूर दिख रहे हैं। इन कामगारों के साथ वहां रह रहे हिंदुओं और सिखों को केवल पर्याप्त सुरक्षा देने की ही जरूरत नहीं, बल्कि एक ऐसा माहौल बनाने की भी आवश्यकता है जिसमें वे स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। ऐसा माहौल बनाने में सफलता तभी मिलेगी जब आतंकियों को कुचलने के अभियान को आगे बढ़ाने के साथ आम कश्मीरी समाज और विशेष रूप से वहां का मुस्लिम समाज अपनी सक्रियता दिखाएगा। उसे यह सक्रियता इसलिए दिखानी होगी, क्योंकि हिंदुओं और सिखों की हत्या से कश्मीरियत कलंकित हो रही है। ऐसे सवाल उठ रहे हैं कि क्या कश्मीरियत में हिंदुओं और सिखों के लिए कोई स्थान नहीं। कश्मीरी समाज इस सवाल से मुंह नहीं मोड़ सकता। यदि कश्मीर से किसी भी हिंदू-सिख का पलायन होता है तो इससे यही साबित होगा कि कश्मीरियत एक छलावा ही है। श्रीनगर के एक सरकारी स्कूल के सिख और हिंदू शिक्षक की हत्या के बाद जिस तरह बड़ी संख्या में आतंकियों के मददगार, प्रतिबंधित संगठनों के सदस्य और पत्थरबाज गिरफ्तार किए गए हैं उससे यही पता चलता है कि घाटी में आतंकवाद और अलगाववाद को खाद पानी देने वाले अभी भी सक्रिय हैं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ऐसे तत्वों को शह देने का काम कई नेता भी कर रहे हैं। इन पर भी लगाम कसनी होगी। इसके अलावा पाकिस्तान से होने वाली आतंकियों की घुसपैठ को भी रोकना होगा। वास्तव में यह सब करने से ही आतंक की विषबेल को जड़ से उखाड़ फेंकने में सफलता मिलेगी। कश्मीर के अल्पसंख्यकों को शेष देश से भी यह संदेश जाना आवश्यक है कि पूरा भारत उनके साथ है। यह संदेश सही तरीके से उन तक पहुंचे, इसके लिए यह जरूरी है कि सभी राजनीतिक दल आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का वास्तव में प्रदर्शन करें। यह ठीक नहीं कि कश्मीर की घटनाओं को लेकर कई राजनीतिक दल केंद्र सरकार की नीतियों को तो कोसने के लिए आगे आ गए, लेकिन उन्होंने आतंकियों और उनके खुले छिपे समर्थकों के खिलाफ कठोर भाषा का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं समझी।




## कांग्रेस में शामिल हो सकते वरूण गांधी ?

क्या वरूण गांधी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं? भाजपा के गलियारों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि यूपी विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले गांधी परिवार का सबसे कम उम्र का सदस्य कांग्रेस का दामन थाम सकता है। लखीमपुर खीरी त्रासदी के उनके महत्वपूर्ण आलोचनात्मक ट्वीट पहला सार्वजनिक संकेत है कि वरूण और मोदी-शाह की जोड़ी के बीच सब ठीक नहीं है। वह तब तक चुप्पी साधे रहे जब तक उनकी मां मेनका गांधी मोदी कैबिनेट में मंत्री थीं। मोदी के दूसरे कार्यकाल में उन्हें मंत्री के रूप में शामिल नहीं किए जाने के बाद, वह इस उम्मीद में लो प्रोफाइल बने रहे कि जब प्र.म. अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे तो वह अपनी मां की जगह हासिल कर लेंगे। वास्तव में, मोदी कैबिनेट के बड़े फेरबदल से ठीक पहले, वरूण का नाम एक संभावित नए आगुंतक के रूप में चर्चा में था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

ऐसा लगता है कि वरूण ने अब भाजपा में कोई पद पाने की उम्मीद खो दी है और अब वह भाजपा की नैय्या से कूदने के लिए तैयार दिख रहे हैं। यह सर्वविदित है कि उन्होंने अपने भाई-बहनों, विशेष रूप से प्रियंका वाड्रा के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखा है, वरूण गांधी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने कुछ समय पहले प्रियंका और उसके परिवार के साथ विदेश में छुट्टियां मनाई थीं। भाजपा के हलकों में हमेशा यह रहा है कि उनका कांग्रेस में जाना तय ही था, शायद यही वजह है कि मोदी-शाह की जोड़ी ने उनको कभी अपने भरोसे के लायक नहीं समझा। कांग्रेस उनके लिये संभावित ठिकाना हो सकती है। उनके लोकसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा तराई पट्टी है जहां सिखों की आबादी अच्छी खासी है। उनकी मां मेनका सिख समुदाय से आती हैं।

वास्तव में, पीलीभीत में सिख दूसरे सबसे बड़े मतदाता समूह हैं। कृषि कानूनों को लेकर किसानों का विरोध और अब लखीमपुर खीरी में एक भाजपा केंद्रीय मंत्री के बेटे के स्वामित्व वाली कार ने चार सिख किसानों को कुचल दिया, की घटना ने सिख समुदाय को मोदी सरकार के खिलाफ कर दिया है। वरूण अच्छी तरह से जानते हैं कि अगर वह भाजपा के टिकट पर खड़े होते हैं तो अगले चुनाव में सिखों के समर्थन पर पूर्ण भरोसा नहीं कर सकते। तथ्य यह है कि उनकी मां एक सिख हैं, इसी कारण से वरूण पर लखीमपुर खीरी त्रासदी पर किसानों के समर्थन में पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर बात करने का दबाव है। अगर कांग्रेस अगले साल पंजाब में जीत हासिल करती है, तो वरूण के लिए आगे का रास्ता साफ हो जाएगा।

### नाम चल गया

कांग्रेस में जब भी किसी नेता का नाम किसी पद या टिकट के लिए आता है, तो यह लगभग तय है कि उस नेता को वह पद या टिकट नहीं मिलेगा। पार्टी के अंदर किसी पद के लिए नाम इसीलिए चलाया जाता है, ताकि उसे दावेदारी से बाहर किया जा सके। ऐसे ही गुजरात के लिए एक वरिष्ठ नेता का नाम चर्चा में था, पर प्रभारी कोई और बन गया। जब उस नेता से इस बारे में पूछा गया तो उसने मायूस होकर जवाब दिया कि उसकी दावेदारी खत्म करने के लिए ही उसका नाम चलाया गया था।

# लखीमपुर सिर्फ लहूकथा नहीं है

**शशि शेखर**

**ऐसा लगता है, जैसे हम किसी सनसनीखेज फॉर्मूला फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। हर रोज एक नया नेता और नया वीडियो खबरों में छाया रहता है। जिन्होंने जान गंवाई, जो घायल हए, वे अपनी जगह हैं, पर 'मेरे किसान, तेरे किसान' के इस कोलाहल में क्या असली मुद्दे ओझल नहीं हो गए हैं?**



**वह** 4 अक्तूबर की शाम थी। हम गजरौला से दिल्ली की ओर बढ़े ही थे कि जाम में फंस गए। जहां तक नजर जाए, वहां तक अगर कुछ था, तो सिर्फ एक-दूसरे से सटी हुई गाड़ियां और अफरा-तफरी। हम जाम की वजह जानने की कोशिश कर ही रहे थे कि अचानक एंबुलेंस का व्याकुल कर देने वाला सायरन सुनाई पड़ा। इस जंजाल से बाहर निकलने की कोशिश में ड्राइवर हॉर्न, डीपर और हूटर के बेतहाशा प्रयोग के बावजूद एंबुलेंस को आगे बढ़ाने में कामयाब नहीं हो पा रहा था। एंबुलेंस की छत पर लगी लाइट की चमक इस बेबसी को बढ़ा रही थी।

मैं खुद गाड़ी चला रहा था और कशमकश में था कि मदद को उतरा, तो पीछे के सहयात्री और अधिक छटपटाहट के शिकार हो सकते हैं, पर रहा नहीं गया। उतरकर पीछे वाली गाड़ी के ड्राइवर से शीशा नीचे करने की विनती की। वह एसी चलाकर संगीत सुनने में लीन था। उसे बताया कि मैं एंबुलेंस की सहायता करना चाहता हूं, और हो सकता है कि इस दौरान आगे का ट्रैफिक थोड़ा खिसके और आप परेशानी महसूस करने लगें। अनमने ढंग से उसने सिर हिलाया। आगे की दो-तीन गाड़ियों के चालकों से भी इसी तरह अनुनय-विनय करना पड़ा। एंबुलेंस लगभग तीन सौ मीटर पीछे थी। उसे रास्ता दिलाने की कोशिश कर रहा था कि अब तक तमाशा देख रहे दो-चार और लोग मदद को आ जुटे। काफी जद्दोजहद के बाद हम उसे आगे निकाल पाने में कामयाब हुए। एंबुलेंस जा चुकी थी, पर परदे के पीछे से झांकती दो व्याकुल आंखें और उनसे टपकती कातरता लंबे समय तक भिगोने के लिए साथ रह गई थी। एंबुलेंस में पड़ा व्यक्ति जाने किस हाल में रहा होगा?

यह वह राजमार्ग है, जिससे रोजाना हजारों वाहन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को मुंहमांगा टोल चुकाकर गुजरते हैं। टोल की शर्तों में एक यह भी है कि संचालक की जिम्मेदारी होगी कि सड़क सुचारू रूप से चलती रहे, पर जब पुलिस ने ही सड़क बंद करने का नेक उपक्रम रच रखा हो, तब भला कौन किसकी सुने? दरियाफ्त करने पर मालूम पड़ा कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी घंटों पहले इसी रास्ते से लखीमपुर खीरी जा रहे थे। उन्हें तो रोका नहीं जा सका, पर आम आदमी और बीमार बाद में उपजी इस 'एहतियात' के शिकार बनते रहे। तब कहां मालूम था कि आने वाला पूरा हफ्ता उत्तर प्रदेश की तमाम सड़कों पर इसी जद्दोजहद की गवाही देता नजर आएगा। विपक्ष के बड़े नेता लखीमपुर और बहराइच जाना चाहते थे। सरकार उन्हें रोक रही थी, ताकि कोई और 'अप्रिय' घटना न घट जाए। प्रशासन और राजनीतिज्ञों की इस रस्साकशी में राहगीर अप्रिय क्षणों का संत्रास भुगतें तो भुगतते रहें, समरथ को नहिं दोष गुसाईं।

अब आते हैं, लखीमपुर की व्यथा-कथा पर। ऐसा लगता है, जैसे हम खुद किसी सनसनीखेज फॉर्मूला फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। हर रोज एक नया नेता और नया वीडियो खबरों में छाया रहता है। जिन्होंने जान गंवाई, जो घायल हुए, वे अपनी जगह हैं, पर 'मेरे किसान, तेरे किसान' के इस कोलाहल में क्या असली मुद्दे ओझल नहीं हो गए हैं? इस रक्त स्नान के साथ क्या एक साल से जारी किसानों का यह अहिंसक आंदोलन कहीं नजीर बनने की राह से भटक तो नहीं गया है? यहां यह भी गौरतलब है कि जिन लोगों की गाड़ियों से किसान कुचले गए, वे सत्तारूढ़ पार्टी और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री से जुड़े थे। क्या उनसे इस व्यवहार की उम्मीद की जा सकती है? गृह राज्यमंत्री के सुपुत्र इस वहशियाना हत्याकांड के नामजद अभियुक्त हैं और सुप्रीम कोर्ट की गहरी नाराजगी के बाद वह पुलिस के समक्ष उपस्थित हुए। क्या उन्हें खुद पुलिस के सामने पेश नहीं हो जाना चाहिए था? समाज के लिए राजनीति हो या राजनीति के लिए समाज, इस पर विचार करने का वक्त आ गया है।

पिछले साल जब पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों से किसानों के जत्थे-दर-जत्थे दिल्ली की दर पर इकट्ठा हो रहे थे, तब सवाल उभरा था कि वे कब तक टिकेंगे? मौसम, महामारी और किस्म-किस्म के लांछनों से मुकाबला करते हुए वे आज तक डटे हुए हैं। राहगीरों को उनसे दिक्कत है और आसपास की रिहाइशों के लोग भी हलकान हैं। किसान इससे वाकिफ हैं। उन्होंने हर चंद कोशिश की कि उनके और सरकार के बीच का यह द्वंद्व भटकने न पाए। वे इसमें काफी कुछ कामयाब रहे। गुजरी 26 जनवरी को जब कुछ लोगों ने लाल किले के प्राचीर पर हिमाकत का प्रदर्शन किया, तो यह भरोसा डगमगाया, लेकिन किसान नेता यह समझाने में कामयाब रहे कि यह अराजक और अवांछनीय तत्वों की कारस्तानी थी। लोग मानते हैं, ये धरतीपुत्र पसीना बहाकर हमारे लिए अनाज उगाते हैं। इनके बेटे खून बहाकर सीमाओं की रक्षा करते हैं। वे ऐसा कैसे कर सकते हैं?

इस वक्त भी लखीमपुर खीरी हिंसा के वीडियो से प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि पहले उनकी भीड़ पर गाड़ियां चढ़ाई गईं और बाद में वे प्रतिहिंसक हो गए। हालांकि, मामला इतना सहज नहीं है। कुछ ऐसे भी वीडियो और फोटो सामने आए हैं, जिनमें जानलेवा डंडा भांजते नौजवानों में से एक की टीशर्ट पर जरनैल सिंह भिंडरावाले की तस्वीर छपी है। अगर ये चल-अचल तस्वीरें सही हैं, तो किसान नेताओं को संभल जाना चाहिए। ऐसे तत्व उनके आंदोलन की दिशा भटका सकते हैं। लाल किले की घटना के वक्त भी कुछ ऐसी बातें उठी थीं।

आप इतिहास की पोथियां पलट देखिए। ज्यादातर उन्हीं आंदोलनों ने नई रीति रची, जो अहिंसक रहे। कल्पना करें, अगर लखीमपुर खीरी में प्रतिहिंसा नहीं हुई होती, तो क्या होता? शांत प्रदर्शनकारियों को कुचलने वाले तब भी उतनी ही सजा के हकदार होते, जितने आज हैं। आज राजनेता चुनावी फायदे के लिए वहां उमड़े पड़ रहे हैं, तब समूची दुनिया के लोग उनके साथ खड़े होते। यह कहते वक्त मैं जानता हूं कि अपनों को दबा-कुचला और कराहता देख खुद को बेकाबू होने से रोकना नामुमकिन को मुमकिन करने जैसा है, पर भटके हुए आंदोलन किसी काम के नहीं होते। उम्मीद है, किसान नेता इस तथ्य को समझेंगे।

# बर्बरता का बेशर्मी से बखान

**हृदयनारायण दीक्षित**

**यह तालिबान की भारत को चुनौती है कि हम आपके देश को 17 बार लूटने और मंदिर तोड़ने वाले खलनायक महमूद को अपना हीरो मानते हैं**



**बर्बरता** प्रशंसनीय नहीं होती, लेकिन आतंकी हक्कानी नेटवर्क के नेता अनस हक्कानी ने भारत पर 17 बार के हमलावर और सोमनाथ मंदिर का ध्वंस करने वाले महमूद गजनवी का महिमामंडन किया है। तालिबान की अंतरिम सरकार का हिस्सा हक्कानी नेटवर्क असल में पाकिस्तान की कठपुतली है। अमेरिका ने उसे आतंकी संगठन घोषित किया था। इस्लामी विचारधारा में मूर्ति तोड़ना मुस्लिम का फर्ज माना जाता है। महमूद ने सोमनाथ मूर्तियों के टुकड़ों को अफगानिस्तान की जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर लगवाया था। महमूद ने सोमनाथ का ध्वंस 1055 में किया था। उसने एक हजार ईस्वी में भी भारत पर हमला किया। राजा जयपाल से दो लाख 50 हजार दीनार लूटे। सन 1004 के हमले में वह मौलवी भी लाया था। हजारों हिंदुओं का मतांतरण कराया। वर्ष 1008 में फिर आया। भंयकर लूट हुई। सन 1011 में लूट के साथ मंदिर भी गिराए। उसके सहायक इतिहासकार उतवी ने तारीखे यामिनी में लिखा, 'नदी का रंग काफिरों के खून से लाल हो गया था। अल्लाह इस्लाम और मुसलमानों को सम्मान अता करता है। उसका शुक्रिया।' सन 1013 के हमले की खुशी में उतवी ने लिखा, 'सुल्तान बेहिसाब माल लेकर लौटा। गुलामों की तादाद के कारण बाजार भाव गिर गया।' वह मथुरा भी गया। उतवी ने लिखा है, 'काफिर भागे। नदी पार करने की कोशिश में डूब गए। सुल्तान ने हुकुम दिया कि सभी मंदिरों को आग लगा दो।' महमूद अकेला हमलावर नहीं था। मुहम्मद गौरी जैसे अनेक हमलावरों ने लाखों हिंदुओं को मारा, लूटपाट की। इतना ही नहीं साल 2000 में भारत के ऐसे ही एक आतंकी संगठन 'स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया यानी सिमी ने 'भारत में एक और महमूद गजनवी की जरूरत' बताई थी। भारत को इस्लामी राज्य बनाना ऐसे आतंकी संगठनों का मकसद रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत विभाजन की घटना को याद रखने की अपील की थी। भारत को इसी विचारधारा ने तोड़ा था। पाकिस्तानी मुल्क की मांग के पीछे भी यही विचारधारा थी। 30 जुलाई, 1945 को मुस्लिम लीग के नेता अब्दुल रब नस्तर ने 'लेट पाकिस्तान स्पीक फार हर सेल्फ' में लिखा था, 'पाकिस्तान खून बहाकर ही प्राप्त किया जा सकता है। जरूरी हुआ तो गैर-मुस्लिमों का रक्त भी बहाया जाएगा।' कोलकाता मुस्लिम लीग के तत्कालीन सचिव ने 'डायरेक्ट एक्शन डे' पर कहा था, 'हम हलफ लेते हैं या अल्लाह हमें काफिरों पर फतेह दीजिए, जिससे हम हिंदुस्तान में इस्लाम का राज स्थापित कर सकें।' मोहम्मद बिन कासिम से लेकर ओसामा और अफजल गुरू तक ऐसी ही कट्टरपंथी आतंकी सोच का एक लंबा इतिहास है। इस्लामी मामलों के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप लिखते हैं, 'पिछली सदी के आठवें दशक के उत्तरार्ध में भारत के कट्टरपंथी आक्रामक हो गए। उनके दंगे पहले स्थानीय थे, फिर वह एक शहर से दूसरे शहर में फैलने लगे।' दरअसल पाकिस्तान का गठन कट्टरपंथी तत्वों की आखिरी मांग नहीं थी। इस्लामी विद्वान एफके दुर्रानी ने 'मीनिंग आफ पाकिस्तान' में लिखा, 'पाकिस्तान का निर्माण इसलिए अहम था कि उसे आधार बनाकर शेष भारत का इस्लामीकरण किया जाए।' पाकिस्तान की स्थापना भारत विरोधी मकसद में कामयाब रही। पाकिस्तान देश नहीं, सैनिक छावनी है। पाकिस्तानी सेना में मिसाइलों के नाम भी गजनी, गौरी पर रखे गए हैं। जम्मू-कश्मीर की ताजा घटनाएं भी पाकिस्तानी षड्यंत्र का हिस्सा हैं।

अफगानिस्तान में अब कट्टर तालिबान राज है। भारत में तालिबान के समर्थक हैं। इनमें राजनेता और शायर भी हैं। पाकिस्तान और तालिबान कट्टर इस्लामी विचारधारा के कारण एक हैं। भारत के लिए नई चुनौती है। अयोध्या, मथुरा और काशी के मंदिर भी मूर्ति भंजक विचारधारा के कारण ध्वस्त किए गए। तोड़े गए मंदिरों की गिनती संभव नहीं है। जिहादी आतंकवाद स्पष्ट युद्ध विचारधारा है। निदरेषों की हत्या, हिंसा और लूट इस विचारधारा में अपराध नहीं है। ये दुनिया को इस्लामी छतरी के नीचे लाने के साधन हैं। इसके लिए आत्मघाती मानव बम बनाने तक से परहेज नहीं।

सारी दुनिया इस विचार से सहमी है। कहा जा रहा था कि तालिबान में बदलाव आया है, लेकिन उनकी हरकतें अब भी हिंसक हैं। वह मूर्ति और मंदिर बर्दाश्त नहीं करते। वह दीगर पंथों को सम्मान नहीं देते। पाकिस्तान में भी मंदिर और हिंदू सुरक्षित नहीं हैं। तालिबानी लोग पाकिस्तानी मदरसों से ही निकले थे। इस्लामी परंपरा के विद्वान डा. मुशीरूल हक ने लिखा है, 'मुसलमान जानते हैं कि इन मदरसों से पढ़कर निकले युवकों की दुनियावी तरक्की की उम्मीद कम है, लेकिन मुसलमानों के बड़े हिस्से में विश्वास है कि मदरसों से पास आलिम कयामत के दिन अपने रिश्तेदारों की तरफ से माफ करने की पैरवी अल्लाह पाक से करने में सक्षम हैं।' सैयद मकबूल अहमद ने ठीक कहा था, 'रूढ़वादिता फैलाने वाले साधनों में मदरसा शिक्षा महत्वपूर्ण है। भौतिकी, रसायन, गणित, भूगोल आदि मदरसों में नहीं पढ़ाए जाते। इसके कारण अनुदारवाद और मतांधता आई। दर्शनशास्त्र को कुफ्र कहा गया।'

भारत आतंकवादी विचार का निशाना है। तालिबान और पाकिस्तान की राजनीति भारत विरोधी है। हक्कानी ने जानबूझकर महमूद की तारीफ में सोमनाथ का ध्वंस जोड़ा है। यह भारत को सीधी चुनौती है कि हम आपके देश को 17 बार लूटने और मंदिर तोड़ने वाले खलनायक महमूद को अपना हीरो मानते हैं। सोमनाथ पहले की तुलना में ज्यादा आकर्षक, दिव्य और भव्य है। इस बीच भारत ने श्रेष्ठ उपलब्धियां अर्जित की हैं। भारत ने पाकिस्तान से कई प्रत्यक्ष युद्ध जीते हैं। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक द्वारा पाकिस्तान को औकात बताई गई। इसके बावजूद भारत को सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारत की संस्कृति और आस्था विश्व मानवता का लोकमंगल है। अलगाववादी शक्तियां भारत में लंबे अर्से से सक्रिय रही हैं। भारत ने अपनी संस्कृति पौरूष और पराक्रम के बल पर ऐसी शक्तियों का सामना किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक कहा है कि सोमनाथ मंदिर भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए विश्वास और आश्वासन है। तोड़ने वाली शक्तियां किसी अल्पकाल में भले ही हावी हो जाएं, लेकिन वे भारत की जिजीविषा और पराक्रम को नहीं दबा सकते। हक्कानी नेता अनस लुटेरे महमूद की शव उपासना कर रहे हैं, लेकिन मुर्दे में जीवन नहीं होता। (लेखक उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं)

श्रीनगर स्कूल में आतंकवादियों ने मुस्लिम टीचर्स को अलग कर दो हिन्दू-सिख टीचर्स की गोली मार की हत्या






डूंगरपुर। कंसारा चौक स्थित कालिका माता, भावसारवाडा स्थित मां हिंगलाज माता, पुलिस लाईन स्थित मां रूद्राणी तथा देवल स्थित वाजेडा माता।     कानोड़। सजी सोनेरी माता की प्रतिमा एवं खेरोदा में खेड़ा खुट माता जी के प्रांगण में गरबा खेलती हुई।

# पहाड़ों में बिराजी नागणेची मां म्हारी सभा में पधारों...

## खूब जमी एक श्याम मां नागणेची के नाम भजन संध्या, कलाकारों ने देर रात तक दी प्रस्तुतियां

**राजसमंद (प्रात:काल संवाददाता)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती बागोटा गांव में शारदीय नवरात्रा को लेकर नागणेची माता मंदिर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। एक श्याम मां नागणेची के नाम आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकारों द्वारा भजनों की एक से बढ़कर एक शानदान प्रस्तुतियां देकर पांडाल में बैठे लोगों झुमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या में गायक भगवतीलाल सुथार कोशीवाड़ा ने गणपति वंदना से भजनों की शुरूआत की। इसके बाद पहाड़ों में बिराजी नागणेची मां म्हारी सभा में पधारों..., हंसा सुन्दर काया रो मत करजे अभिमान..., सिंह की सवारी कर आई नागणेची मां..., सरीखे भक्ति भजनों की शानदान प्रस्तुतियां देकर पांडाल में बैठे भक्त झुम उठे। गायक उमेश पुरोहित ने म्हारी मैया देवजो भक्ता ने बेलू... सहित कई भजनों की प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय हो गया। इससे पूर्व महा प्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बागोटा गांव सहित सांगठ, बीड़ों की भागल, खरवड़ों की भागल, गुर्जरों की भागल, चौहानों, भूडान सहित आस-पास के गांवों के लोग महा प्रसादी में पहुंचे। सभी भक्तों ने पहले मां नागणेची के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना कर भक्ति भजन संध्या का आनंद लिया।

**भजन संध्या में झांकिया रही आकर्षण का केंद्र :** भजन संध्या में भैरूजी, कालिका मां, नागणेची मां, श्रीकृष्ण राधा की झांकियों के साथ भक्ति भजनों पर भक्त देर रात्रि तक झुमते रहे। भजन संध्या में श्रीकृष्ण राधा की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही भजन संध्या में भजनों की प्रस्तुतियों के बीच-बीच में हास्यप्रद चुटकलों ने भक्तों को खुब गुदगुदाया।

**नवरात्री के तहत हो रहे विविध अनुष्ठान**

शहर सहित ग्राम्याचंल में नवरात्रि को लेकर देवालयों व विभिन्न शक्तिपीठों के मंदिरों हर रोज नित नए विविध अनुष्ठान हो रहे हैं। इसी के साथ रात्रि में भजन संध्या, भोज बगड़ावत, गरबा महोत्सव, भक्ति संध्या के साथ कई सांस्कृतिक व मनोरंज के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गांवों में देर रात तक माता के दरबार में बने गरबा पाण्डाल में संध्या आरती के बाद शुरू हो रहे गरबा रास देर रात तक चले रहे हैं। जिसमें युवक-युवतियों के साथ बच्चे व बूढ़े भी डांडियां नृत्य कर रहे हैं। इधर, शहर के समीपवर्ती धांयला कस्बे स्थित चामुंडा माता मंदिर पर नवरात्रि में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। यहां माता की प्रतिमा को पुजारी द्वारा रोजाना विशेष आकर्षक श्रृंगार धराए जा रहे हैं। मंदिर में महंत मंगलमुखी आमेटा द्वारा पूजा-पाठ व जप-तप के साथा ही रोजाना हवन में आहुतियां दी जा रही है। महोत्सव के तहत यहां मंगलवार रात को गांव के ही कलाकारों के द्वारा गवरी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

**धरियावद।** शारदीय नवरात्रि पर प्रमुख शक्तिपीठों एवं मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार पूजन के बीच सुबह शाम माता की आरती उतारी गई। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की आवाजाही लगी रही इधर नगर के दीपज्योति टॉकिज के पीछे गातोड़ कल्याण सेवा धाम पर नवरात्रि के मौके पर सेवक जगदीश सालवी के निर्देशन में मंदिर में विशेष सगााधगाा के बीच मातारानी एवं गातोड महाराज की अखंड दीप ज्योति निरंतर प्रज्वलित कर रखी वही रात्रि को भक्तो की मौजूदगी में आरती उतारी गई।

**कानोड़।** नवरात्रि पर्व को लेकर नगर सहित आसपास के सभी मां के दरबार सजे हुए है जहां कई प्रकार के अनुष्ठान भी किए जा रहे है। कस्बे की सोनेरी माता व चामुण्डा माता की प्रतिमा को विशेष श्रृंगार धराया गया। वहीं जवाहर विद्यापीठ स्थित हनुमान प्रतिमा की आंगी के साथ भक्तो द्वारा पूरे मंदिर पर विद्युत सज्जा कर मंदिर को जगमगाया गया। निकट चक्रभवानी मंदिर पर अखण्ड रामायण पाठ जारी है।

**डूंगरपुर।** शारदीय नवरात्रि के तहत इन दिनों जिले भर में कोरोना गाइड लाईन के कारण प्रशासनिक सख्ती से नवरात्रि पर डाण्डिया नृत्यों की धूम तो थमी हुई हैं, लेकिन विविध धार्मिक अनुष्ठान देवी मंदिरो में विधि विधान के साथ किये जा रहे हैं। शहर के फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर, दर्जीवाडा स्थित खोडियाल माता मंदिर, कंसारा चौक स्थित महाकाली मंदिर, भावसारवाडा स्थित हिंगलाज माता मंदिर, गेपसागर की पाल स्थित विजवा माता मंदिर, पुलिस लाईन स्थित मां रूद्राणी मंदिर, शास्त्री कॉलोनी, न्यू कॉलोनी तथा हाउसिंग बोर्ड स्थित अंबामाता मंदिर में रोजाना पूजा अर्चना के साथ माता रानी का श्रृंगार तथा शाम को आरती व पंच गरबो का आयोजन किया जा रहा हैं। इस बार भी जिला प्रशासन द्वारा गरबा नृत्यों की स्वीकृति नहीं देनें से भक्तजनों में खासी नाराजगी हैं। रविवार को खडक पंचमी के तहत माता रानी के शस्त्रों की पूजा अर्चना की गई। इधर, जिले के शक्तीपीठ स्थल गलियाकोट स्थित शीतला माता मंदिर, विजवामाता मंदिर तथा निठाऊवा गामडी स्थित आशापुरा मंदिर में रोजाना भक्तों की भीड दर्शनार्थ लगी रहती हैं।

इधर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्टीय सचिव व पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने रविवार को डूंगरपुर के समीपवर्ती देवल गांव स्थित वाजेड माताजी मन्दिर के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि शक्ति स्वरूपा देवी नव दुर्गा का अलग- अलग स्वरूपों में पूजा की जाती है यही नहीं कन्याओं को भी देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में देवी को शक्ति, नारी, मां, बुद्धि और लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है, कहा भी गया है जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर डूंगरपुर पँचायत समिति पूर्व प्रधान लक्ष्मण कोटेड व भक्तजन उपस्थित थे।

**आमेट।** तहसील मुख्यालय से 7 किमी की दूरी पर देवगढ़ मार्ग पर स्थित टिकर गांव के कमेरी चौराहे से सात पहाड़ियां पार करने व 3 किमी की ऊंचाई पर बिराजीत सिम माता का चमत्कार तहसील सहित पूरे जिले भर में प्रसिद्ध है। नवरात्रा के चलते इन दिनों श्रद्धालुओं की चहल पहल है। कमेरी गांव के राम सिंह चूंडावत ने बताया कि मान्यता है कि यह मंदिर 1 हजार वर्ष पूर्व इनके पूर्वजों द्वारा बनवाया गया।

इस मंदिर पर जाने के लिए 7 पहाड़िया पार करते हुए 3 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद सिम माता जी के दर्शन श्रद्धालु कर पाते हैं। लोग माता जी के दर्शन के साथ ही पनोरमा देखने भी आने लगे हैं। माता जी की पूजा पाठ गुर्जर परिवार के द्वारा निरंतर की जा रही है तथा वर्तमान में उदय लाल गुर्जर निवासी पबराणा के परिजनों द्वारा पूजा पाठ किया जा रहा है।

# मस्जिद में रात 10 बजे अवैध निर्माण का प्रयास

## शांतिभंग में 6 गिरफ्तार, बेगूं रहा बंद

**बेगूं (प्रात:काल संवाददाता)।** मुस्लिम समुदाय के कुछ असामाजिक तत्वों ने बेगूं की आम शांति को भंग करने का प्रयास करते हुए शनिवार रात 10 बजे के करीब बड़ी मस्जिद की पीछे की दीवार तोड़कर दो दरवाजे रखने का प्रयास किया। अवैध निर्माण का रात में ही हिंदू समाज द्वारा विरोध करने पर नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचे और इसे बंद करवाकर तोड़ी गई दीवार की हाथों हाथ चुनाई करवाई। इधर देर शाम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शांति भंग के आरोप में छह जनों को गिरफ्तार कर लिया। मुस्लिम समुदाय के असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए इस कृत्य का विरोध कर बेगूं वासियों ने रविवार को संपूर्ण बेगूं को बंद रख जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश, बेगुं पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह जैन एवं उपखंड अधिकारी मुकेश मीणा को ज्ञापन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओसवाल जैन समाज के पंचायती नोहरा, दिगंबर जैन मंदिर एवं सेन समाज के मंदिर के समीप स्थित बड़ी मस्जिद के पीछे एक बड़ा सार्वजनिक चौक है। इस चौक में हिंदू समाज के कई धार्मिक आयोजन होते हैं, लेकिन शनिवार रात को बड़ी मस्जिद कमेटी के अराजक तत्वों ने मस्जिद के पीछे की दीवार तोड़कर 2 दरवाजे रखने का प्रयास किया। असामाजिक तत्वों द्वारा बेगूं की शांति को भंग करने के प्रयास का हिंदू समाज ने विरोध करते हुए रविवार को बेगूं बंद रख अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। हिंदू समाज ने ज्ञापन में मस्जिद कमेटी द्वारा मस्जिद के समीप सार्वजनिक पानी की कुईं के चारों तरफ अवैध दीवार का निर्माण करा कर कुईं को हड़पने का प्रयास किया गया। उसे प्रशासन तत्काल दीवार हटाकर सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित करें। हिंदू समाज ने आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा नगर की आम शांति भंग करने वालों ऐसे तत्व अमीन मिर्जा हनीफ मिर्जा फरीद मिर्जा अनवर मिर्जा जाकिर अगवान शहजाद नीलगर एवं अजीत पठान के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की मांग की।




बेगूं। असामाजिक तत्वों द्वारा मस्जिद की दीवार तोड़कर दरवाजा लगाने का प्रयास तथा हिंदू समाज द्वारा सौंपा गया ज्ञापन।

**शांति भंग के आरोप में 6 गिरफ्तार**

बेगूं पुलिस ने 6 असामाजिक तत्वों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह जैन ने बताया कि शनिवार रात को बड़ीमस्जिद स्थान पर मस्जिद की पिछली दीवार तोड़ बेगूं की शांति भंग करने के प्रयास में पुलिस ने मोहम्मद फारूख पिता फतेह मोहम्मद उम्र 42 साल , इमरान पिता बाबू मंसूरी उम्र 26 साल, भोला पिता रहीम उम्र 20 साल, मोहम्मद अमीन पिता नूर मोहम्मद 54 साल, अनवर पिता मोहम्मद अमीन उम्र 33 साल एवं शखावत पिता मोहम्मद अमीन उम्र 28 साल को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। अधीक्षक जैन ने बताया कि नगर में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात है। प्रशासन पूरी तरह स्थिति पर नजर रखे हुए हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश ने घटनास्थल का दौरा किया एवं कानून व्यवस्था की जानकारी ली।



# बारिश से क्षतिग्रस्त हुई पुलिया से हादसे की आशंका

**छोटीसादड़ी (प्रात:काल संवाददाता)।** जिले की दलोट पंचायत समिति क्षेत्र के निनोर-लखनिया सड़क मार्ग पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि निनोर से लखनिया गांव को जोड़ने वाली पुलिया गत दिनों हुई तेज बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गयी है। इस विषय मे संबंधित पीडब्ल्यूडी एंव ग्राम पंचायत को भी अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। वही बारिश पुलिया का आधा हिस्सा बहने से यहां कोई बढ़ी दुर्घटना होने का भी खतरा रहता है। उक्त सड़क मार्ग से निनोर के अलावा लखनिया, भूतिया, लाम्बी ओड़िया व खुटवास सहित आदि गांव जुड़े है। वर्तमान में खेतो में खड़ी सोयाबीन फसल की कटाई का भी कार्य चल रहा है। जिससे काश्तकारों को भी कई परेशानियों से जुझना पढ़ रहा है।

# नरपत की खेड़ी अंडरब्रिज बन सकता है हादसों का पर्याय

**चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)।** शहर के समीपस्थ नरपत की खेड़ी अंडरब्रिज कभी भी बड़े हादसे का पर्याय बन सकता है। दरअसल भीलवाड़ा व कपासन जाने वाले मार्ग पर स्थित नरपत की खेड़ी पुलिया के नीचे खासी तादाद में ठेला व्यापारी खाने पीने का सामान बेचने का कार्य करते है। प्रचण्ड गर्मी व बरसात के दौरान भी इस पुलिया के नीचे लोग बचाव के लिये भी खड़े हो जाते है। ऐसे में ठेला व्यापारी के कारण स्थान पर खासी चहल पहल होने से मार्ग सकड़ा होने से भारी वाहनों को गुजरने में काफी परेशानी होती है, वही कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। ऐसे में यदि तेज गति से कोई भारी वाहन इस स्थान के लिये बड़े हादसें का पर्याय भी बन सकता है।



# एक्सीडेंट मामले में 10 साल से फरार स्थाई वारन्टी को दिवेर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**देवगढ़ (प्रात:काल संवाददाता)।** एक्सीडेंट मामले में 10 साल से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी को दिवेर पुलिस ने पांच दिनों की मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर देवगढ न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दिवेर थानाधिकारी दिलीप सिंह के अनुसार प्रदेश में वांछित अपराधीयो की धरपकड हेत पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा तथा पुलिस अधीक्षक राजसमंद सुधीर चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बेरवा द्वारा चलाये गये अभियान के तहत पुलिस उप अधीक्षक वृत भीम हेमन्त कुमार के निर्देशन मे दिवेर थानाधिकारी दिलीपसिह के नेतृत्व मे थाना दिवेर पर वांछित अपराधीयो की धरपकड हेतु टीम गठित कर एक्सीडेन्ट के मामले मे 10 साल से फरार चल रहे वारन्टी आजम खॉन उम्र 30 वर्ष पिता आस मोहम्मद मुसलमान निवासी कठोल थाना पहाडी (मेवात क्षेत्र) जिला भरतपुर को कठोल मेवात से गिरफतार किया गया है। आरोपी ऐसीजेएम न्यायालय देवगढ के प्रकरण सं 450 / 12 धारा 304 ए, 283 भादस मे 10 साल से फरार चल रहा था और दिवेर थाने का स्थाई वारण्टी था। जिस पर 1 अक्टूबर को दिवेर थाने से थानाधिकारी के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल विरेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल रामचन्द्र को शामिल करते हुए टीम गठीत कर आरोपी को पकड़ने के लिए भेजी गयी थी।



# सार-समाचार

## घरेलु नौकरानी से पुलिस ने बरामद किये मालिक के घर से चुराये सोने-चांदी के गहने

**भीलवाड़ा (प्रात:काल संवाददाता)।** आरसी व्यास कॉलोनी में घर से नकदी व गहने चोरी के मामले की जांच कर रही भीमगंज पुलिस ने करीब नाबालिग नौकरानी से सौ ग्राम सोना और 50 ग्राम चांदी के गहने और बरामद किये हैं। भीमगंज थाना प्रभारी सुरजीत ने बताया कि आरसी व्यास कॉलोनी निवासी लतीश बदलानी ने गत दिनों सुभाषनगर थाने में मामला दर्ज कराया था कि घरेलू कार्य के लिए परिजनों ने एक नाबालिग को रखा था। उसने एक पखवाड़े के भीतर मौका देखकर घर से 25 हजार नकद व 26 तोला सोने के गहने चुरा लिए। पुलिस ने चोरी के आरोप में नौकरानी को डिटेन उसकी निशानदेही पर सोने की दो चेन व एक पैंडल बरामद की थी। बाद में बदलानी की ओर से जांच बदलने की मांग पर जांच भीमगंज थाना प्रभारी सुरजीत को सौंप दी गई। जांच अधिकारी ने नौकरानी से पूछताछ के बाद उसके घर से चोरी के चार कड़े, दो अंगूठियां सोने की ओर एक चांदी का कड़ा बरामद किया है। बरामद गहनों में सोने का वजन करीब सौ ग्राम व चांदी 50 ग्राम बताई गई है।

## विश्वकर्मा समाज पांचों वंशजों की हुई संयुक्त बैठक

**सागवाडा (प्रात:काल संवाददाता)।** पंचाल समाज के छात्रावास में विश्वकर्मा समाज के पांचों वंशजों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक ललित पंचाल सासगवाडा,लालशंकर सूत्रधार पुनाली मुख्य आतिथ्य,ध्यानीलाल कंसारा अध्यक्षता व रमेश सुथार पूंजपुर, गंगाराम पंचाल नादिया, गिरीश सोमपुरा सागवाड़ा, गौरीशंकर सूत्रधार सरेड़ी, देवीलाल सुथार बांसवाड़ा, सत्यनारायण सोनी सागवाड़ा,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकांता सुथार विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में रमेश सूत्रधार सूरजगांव ने पांचों विश्वकर्मा वंशजों के एकीकरण पर जोर देते हुए उद्देश्यों की जानकारी दी। राजेंद्र पंचाल सामलिया ने विश्वकर्मा संगठन के स्वरूप एवं धरातल पर कार्य करने तथा पंचाल, सुथार, कंसारा, सोमपुरा एवं सोनी को एक जाजम पर लाने के लिए विगत तीन वर्ष से किए जा रहे प्रयास तथा सफलता के बारे में जानकारी दी। धर्मीलाल कंसारा, बंसीलाल पंचाल, नर्मदाशंकर सुथार, जितेंद्र सुथार ने विचार व्यक्त किए। विश्वकर्मा समाज के पांच समाज के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

## भाविप के शाखा पदाधिकारियों की बैठक

**सागवाड़ा (प्रात:काल संवाददाता)।** भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय वित्त सचिव संपत खुर्दिया तथा राष्ट्रीय मंत्री डॉ जयराज आचार्य के मार्गदर्शन में रविवार को गोपी रेस्टोरेंट में विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। राष्ट्रीय वित्त सचिव खुर्दिया ने कहा कि सभी शाखाओं को चुनाव मार्च माह से पूर्व करवा लेने चाहिए ताकि समाज सेवा के कार्य को समय पर गति मिल सके। उन्होंने बताया कि सभी शाखाओं का बैंक में खाता एवं पैन कार्ड आवश्यक है तथा समय समय पर हिसाब कर लेना चाहिए। उन्होंने राय दी कि संभव हो तो सदस्यता राशि का रूपया बिल्कुल भी खर्च नहीं करें। खुर्दिया ने समाज के सभी लोगों से संपर्क बनाने तथा उन्हें भारत विकास परिषद से जोड़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आचार्य ने कहा कि परिषद् की ओर से मनाए जाने वाले सभी त्योहार तथा प्रकल्पों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।


### कार्यालय नगर परिषद टोंक

क्रमांक: एमसीटी/2021-22/ 636     दिनांक :- 11.10.21

**इश्तेहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री राजेन्द्र चौधरी पुत्र श्री रामकरण चौधरी निवासी शिव कॉलोनी महादेवाली, टोंक, जिला टोंक, राजस्थान ने आवेदन प्रस्तुत कर शिव कॉलोनी महादेवाली टोंक में स्थित भूखण्ड ....... का क्षेत्रफल 212.36 वर्गगज का पट्टा प्राप्त करना चाहते है, जिसका पड़ोस निम्न प्रकार है:-

पूर्व में — मकान रामकरण चौधरी,
पश्चिम में — रास्ता कॉलोनी 37 फिट,
उत्तर में — रास्ता कॉलोनी 11 फिट,
दक्षिण में — रास्ता राजाराम चौधरी का स्थित है।

यदि इस कार्य से किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो परिषद में सात दिवस के अन्दर - अन्दर अपनी आपत्ति मय प्रकरण से संबंधित दस्तावेजात सहित प्रस्तुत करे बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**आयुक्त**
**नगर परिषद टोंक**



### कार्यालय : नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला-सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक:-75     दिनांक-08/10/2021

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

| क्रं. सं. | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम/पता | खसरा नं. | क्षेत्रफल वर्गगज | आवासीय/ व्यवसायिक | आपत्ति प्रस्तुत करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मकसूदन पत्नी मोहम्मद सलीम | उदेईकलां | 5393, 5394 | 295.83 | आवासीय | 3 दिवस |
| 2. | श्री हरविलास माली पुत्र नारायण माली | हिंगोटया | 423 से 431 | 133.33 | आवासीय | 3 दिवस |
| 3. | श्री हरिसिंह मीणा पुत्र जगन मीणा | सालोदा | 35, 36 | 120.00 | आवासीय | 3 दिवस |
| 4. | श्री गिर्राज प्रसाद शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा | हिंगोटया | 166, 167, 977 | 266.67 | आवासीय | 3 दिवस |
| 5. | श्री गिर्राज प्रसाद शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा | महानन्दपुर | 172 से 174 | 128.89 | आवासीय | 3 दिवस |
| 6. | श्री राजफूल गुर्जर पुत्र भेरू सिंह गुर्जर | महानन्दपुर | 172 से 174 | 133.33 | आवासीय | 3 दिवस |
| 7. | श्री अंगद लाल मीना पुत्र भीमा मीना | सालोदा | 382 | 328.00 | आवासीय | 3 दिवस |
| 8. | श्री गोपाल लाल सैन पुत्र रामस्वरूप सैन | गंगापुर | 517, 510, 522, 523 | 160.00 | आवासीय | 3 दिवस |
| 9. | श्री पुष्पेन्द्र कुमार बंसल पुत्र रामदयाल बंसल | महानन्दपुर | 278 | 266.66 | आवासीय | 3 दिवस |
| 10. | श्री श्यामलाल मीना पुत्र गिर्राज प्रसाद मीना | उदेईकलां | 5872 | 133.33 | आवासीय | 3 दिवस |
| 11. | श्री रामकुमार गोयल, खेमराज गोयल, मुकेश कुमार गोयल पुत्रांन स्व. श्री चिरंजीलाल गोयल एवं श्रीमती शारदा देवी पत्नी स्व. योगेश कुमार गोयल, अरविन्द कुमार गोयल, विजय गोयल, विरेन्द्र गोयल पुत्रांन स्व. योगेश कुमार गोयल | उदेईकलां | 6051 | 604.83.3 | आवासीय | 3 दिवस |

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों में पट्टा देने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उक्त वर्णित अवधि में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। अंदर अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदकनकर्ता को भूमि का नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात कोई भी आपत्ति नही सुनी जाएगी। सूचित रहे।

**आयुक्त**
**नगर परिषद गंगापुर सिटी**

## विभिन्न मामलों में 8 लोग गिरफ्तार

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में ८ लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने बताया कि अवैध शराब बेचते हुए कृष्ण कुमार पुत्र सोणाराम गुर्जर निवासी पंवाला राजपूत को गिरफ्तार कर 48 देशी शराब के पव्वे जप्त किये। वहीं थाना क्षेत्र में विभिन्न गांवो में सार्वजनिक स्थानों पर ट्रैक्टरों पर तेज आवाज में गाने बजाने पर मनीष पुत्र मोहन बंजारा, सत्यवीर पुत्र अमीलाल यादव निवासी देवता, राजेश पुत्र गोकुल चन्द गुर्जर, जयसिंह पुत्र फकीर चन्द गुर्जर, सचिन चौधरी पुत्र भीमसिंह जाट, शमशेर पुत्र अमीचन्द गुर्जर व विनोद पुत्र रामौतार खारवाल निवासी लाखां का नांगल थाना बानसूर को गिरफ्तार कर डेक मशीन का सामान जप्त किया।

# रीट भर्ती परीक्षा में कथित धांधली व घोटाले का मामला

**● परीक्षा को रद्द करने की माँग को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जयपुर के सिविल लाईन्स फाटक पर किया प्रदर्शन ● कोटपूतली से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुँचे जयपुर**





प्रदर्शन में भाग लेते भाजयुमो कार्यकर्ता।

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा हाल ही में आयोजित करवाई गई रीट भर्ती परीक्षा में हुई कथित धांधली व घोटाले के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को राजधानी स्थित सिविल लाईन्स फाटक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में भाग लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल के नेतृत्व में जयपुर पहुँचे। जहाँ भाजपा मुख्यालय से सिविल लाईन्स फाटक तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियाँ, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष एड. हिमांशु शर्मा, प्रदेश मंत्री विनोद सिंह तंवर, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा व भाजयुमो जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा के विरूद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए भर्ती परीक्षाओं को रद्द कर पुनः आयोजित करवाये जाने की माँग की। साथ ही ज्ञापन के रूप में बड़ी संख्या में रीट अभ्यर्थियों द्वारा हस्ताक्षरीत ज्ञापन भी राज्यपाल के नाम सुपुर्द किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल व सिद्धार्थ टोरडा, महामंत्री महेश हलसर, सौरभ सिंह शेखावत, कपिल शर्मा, रिंकू सैनी, विजय आर्य, गिरवर शर्मा, गजानंद शर्मा, राजेश सराधना, दीपक मीणा, गौरव शर्मा, सुनील रावत, कृष्ण मीणा, बलवीर मीणा, अक्षय सैनी, अजीत सिंह, कमलेश गुर्जर, नितिन शेखावत, रामसिंह रावत, मोहन यादव, नरेन्द्र गुर्जर, प्रदीप सैनी, निम्पु जाट, अमित चौधरी, विक्की सिंह, कंवर सिंह, जीतु चौधरी, संजू जाट, दारासिंह, सोनू बाज्या, हेमंत जाट, राहुल व संजय समेत अन्य कार्यकर्ता जयपुर पहुँचे।

## सीएसआर योजना के तहत आरएमआरएस को 15 मल्टी-पेरा-मॉनिटर का समर्पण करेगा पीएनबी

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सीएसआर योजना के तहत भरतपुर जिला मुख्यालय पर चिकित्सकीय सेवा में सुधार के लिए राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसाइटी के माध्यम से आरबीएम चिकित्सालय को 15 मल्टी-पेरा-मॉनिटर समर्पण समारोह जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं पंजाब नेशनल बैंक जयपुर के उपअंचल प्रबंधक नाथूराम बंजारा की अध्यक्षता में 12 अक्टूबर को सायः 04 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रजत श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष चौधरी एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जिज्ञासा साहनी रहेंगे।

# सार-समाचार

## बृज औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए भूखण्ड आवंटन का अन्तिम अवसर

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** रीको द्वारा बृज औद्योगिक क्षेत्र भरतपुर में उद्योग लगाने हेतु भूखण्ड संख्या जी-160 एवं जी-161 क्षेत्रफल 1965 वर्गमीटर की ई-नीलामी प्रक्रिया 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक की जाएगी। रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज खट्टर ने बताया कि इन भूखण्डों की नीलामी के बाद जिले के समस्त औद्योगिक क्षेत्रों में रिक्त भूखण्डों की संख्या शून्य हो जायेगी। इच्छुक उद्यमी ई-नीलामी प्रक्रिया में आवश्यक रूप से भाग लेकर अंतिम अवसर का लाभ उठाकर भरतपुर संभाग मुख्यालय पर अपना उद्योग स्थापित करें तथा एनसीआर क्षेत्र में मिलने वाली विशेष सुविधा का लाभ लें। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त धौलपुर जिले के ग्रोथ सेन्टर, ग्रोथ सेन्टर (विस्तार), औद्योगिक क्षेत्र, विश्नोदा एवं औद्योगिक क्षेत्र बाडी में 13 औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी की जायेगी। इच्छुक उद्यमी 11 अक्टूबर से 26 अक्टूबर की सांय 6:00 बजे तक आरटीजीएस या एनईएफ्टी के द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवाकर एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन कर ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं।

## प्रशासन गांवों के संग अभियान के शिविरों का किया अवलोकन



**भरतपुर (प्रा.सं.)।** जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने पंचायत समिति की बयाना की ग्राम पंचायत थानाडांग के प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रचार सामग्री के माध्यम से दी जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कदीमी रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज करने एवं रास्तों पर मनरेगा योजना के तहत ग्रेवल सड़क निर्माण करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को से पट्टे एवं नरेगा कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक टेबल पर जाकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से जानकारी लेकर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये।

## ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** कुम्हेर पशु विज्ञान केंद्र द्वारा दुधारू पशुओं के लिए संतुलित आहार के संबंध में पशुपालकों को 11 अक्टूबर को ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया। जिसमे केंद्र के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार, डॉ. मुनेश कुमार पुष्प एवं डॉ. रोहित कुमार तिवाड़ी ने पशुपालको को दुधारू पशुओं में संतुलित आहार का महत्व की विशेष जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को दुधारू पशुओं में दूध एवं वसा के आधार पर दाना (कंसन्ट्रेट), हरा चारा और सूखे चारे की संतुलित मात्रा, कम लागत में बनाने की विधि के साथ ही पशु आहार आसानी से पचने वाला, उच्च गुणवत्ता का, मिनरल युक्त, रेचक युक्त के विषय में भी जानकारी दी। इसके अलावा पशुपालको की विभिन्न समस्याओ का निस्तारण किया। इस प्रशिक्षण में 20 पशुपालकों ने भाग लिया।

## जूडो चयन प्रतियोगिता 15 को

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** आगामी 22 से 24 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु सब जूनियर व कैडेट वर्ग के बालक बालिकाओं की चयन प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम का चयन 15 अक्टूबर को किला स्थित कराटियंस स्कूल राजस्थान में किया जावेगा। जिला जूडो संघ के सचिव ओंकार पंचोली ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने बालक बालिकाएँ इच्छुक खिलाडी का जन्म 2004 से 2009 के मध्य होना चाहिये। इस हेतु खिलाडी अपने आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति की छाया प्रति व दो फोटो के साथ अपनी प्रविष्टि अंतिम तिथि 14 अक्टूबर गुरूवार को सांय 6 बजे तक किला स्थित जिला जूडो संघ कार्यालय पर जमा करा सकते हैं।

## अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का किया आयोजन

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभांग के संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा रामकेश मीना द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्र्यापण कर किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी साहब सिंह एवं विशिष्ट अतिथि समग्र शिक्षा एडीपीसी प्रेमसिंह रहे।

## लवानियां बनें युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** विप्र फाउंडेशन जोन-1 डी राजस्थान युवा के प्रदेशाध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा की अनुशंसा से विप्र फाउंडेशन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय व प्रदेश संगठन महामंत्री शान्तनु पाराशर की सहमति से युवा प्रकोष्ठ महासचिव अभिषेक तिवारी ने भरतपुर निवासी आदित्य लवानिया (सन्नी) को विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।



आदित्य लवानियां।

## ग्रामीणों ने तीन चोरों को चोरी करते पकड़ा, रात भर रस्सियों से बांधकर रखा

**सुबह परिजन राजीनामा कर ले गए हरियाणा, पुलिस को नहीं लगी भनक**

**कामां (प्रा.सं.)।** कामां थाना की कमजोर प्रणाली के चलते चोर बदमाशों के हौसले बुलंद हैं जिसका जीता जागता उदाहरण गत रात्रि को थाना क्षेत्र के गांव गुड़गांव में देखने को मिला जहां टेंपो में सवार होकर चोरी करने आए तीन चोरों को ग्रामीणों ने दबोच लिया और 8 घंटे तक रस्सो से बांधकर घर मे हीं पटके रखा चोरों के परिजन हरियाणा से आकर चोरों को छुड़ाकर अपने साथ ले गए लेकिन कामां पुलिस को कानो कान खबर नहीं लगी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कामा क्षेत्र के गांव गुंडगांव में रात्रि का फायदा उठाकर चोरी आए ऑटो से सवार तीन चोरों ने छह फोन चोरी कर लिए जैसे ही दूसरे मकान में तीनों चोर घुस रहे थे तभी महिला को भनक लग गई और महिला ने हल्ला मचा दिया और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर तीनों चोरों को धर दबोच लिया। तीनों चोरों की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी रस्सियों से बांधकर नौहरे में पटक दिया करीब आठ घंटे तक रस्सियो से बंधे रहे



ग्रामीणों ने इनके परिजनों को सूचना दे दी हरियाणा से परिजनों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों और परिजनों में हुई समझाइस के बाद परिजन चोरों को साथ लेकर हरियाणा रवाना हो गए लेकिन सबसे मजेदार बात यह है कि कामा पुलिस को घटना की भनक भी नहीं लगी जबकि घटनास्थल कामां थाने से महज चार किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है चोरों की धुनाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों चोर हरियाणा के नूह जिले के गांव अखलिमपुर निवासी बताए जा रहे हैं जो ऑटो में सवार होकर कामा क्षेत्र के गुड़गांव में चोरी करने आए थे चोरों ने 6 मोबाइल चोरी कर लिए थे महिला की जगार होने के कारण ग्रामीणों ने पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी।

## कॉलोनी की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** विजय नगर कोलोनी सारस सर्किल की साधारण बैठक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में कोलोनी विकास समिति के अध्यक्ष वीरी सिंह कुंतल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कुन्तल ने बताया कि बैठक में विजय नगर कोलोनी के आवासीय भूखण्डों और भवनों के नियमितीकरण यूआईटी भरतपुर द्वारा 2 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरण पर कोई कार्यवाही नहीं करने के कारण बैठक में आक्रोश उत्पन्न किया गया तथा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला कलक्टर के ध्यान में प्रकरण को लाया जावे। कोलोनी में नालियों के पानी का निकास का स्थाई समाधान कराने, कॉलोनी के अंदर सूअरों के भारी प्रकोप से छुटकारा दिलाने आदि विषयों पर चर्चा की जाकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपेंगे।

## दुर्गा पाठ का हुआ आयोजन

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** विहिप मातृ शक्ति द्वारा स्थानीय कोडियान मौहल्ला स्थित वैष्णो माता मंदिर में दुर्गा शक्ति पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृ शक्ति की विभाग संयोजिका कमला शर्मा द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए योग शिक्षिका मोनिका अग्रवाल द्वारा नारी के विभिन्न रूपों के बारे में बताया, महिषासुर मर्दानगी, मां काली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आव्हान किया कि समाजकटंकों से अपनी रक्षा के लिए मां काली का रूप धारण करें।

विहिप के प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खण्डेलवाल द्वारा विहिप द्वारा नारी उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने लव जिहाद के प्रति युवतियों को सचेत किया। इस अवसर पर रानी महावर को लक्ष्मण मंदिर प्रखण्ड की दूर्गा वाहिनी की संयोजिका नियुक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं द्वारा भजन, कीर्तन एवं दुर्गा चालीसा आदि के पाठ प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मातृ शक्ति तिलक नगर प्रखण्ड संयोजिका शीला खण्डेलवाल, रनजीत नगर प्रखण्ड संयोजिका सुदेश गुप्ता, रीना, अंजली, यशोदा, अनीता, एकता, भावना, कोमल, राधा, कोयल, कमलेष आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक पंचांग

**12 अक्टूबर 2021 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2021 वर्ष का 285 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 21.48 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 11.26 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 08.50 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.47 बजे तदनन्तर वणिज 21.48 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 24'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871034
**जूलियन दिन** 2459499.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2547
**हिजरी सन्** 1443 **महीना** रवि उलावल
**तारीख** 05
**विशेष** सरस्वती पूजा, नवपत्रिका पूजा, आश्विन नवपद ओली प्रारंभ।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.22 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृश्चिक | 08.37 ब.से |
| मंगल | कन्या में | धनु | 10.53 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 12.58 बजे से |
| गुरु | मकर में | कुंभ | 14.45 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 16.18 बजे से |
| शनि | मकर में | मेष | 17.48 बजे से |
| राहु | वृष में | वृष | 19.28 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | मिथुन | 21.26 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.40 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | सिंह | 01.56 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.08 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# कृषक डीएपी का वैकल्पिक उपाय अपनायें: जिला कलक्टर

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने कृषकों से अपील की है कि जिले में ही नहीं वरन संपूर्ण देश में डीएपी की कमी को मद्देनजर रखते हुए डीएपी के वैकल्पिक उपायों का प्रयोग करें।

जिला कलक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले के किसान वर्तमान में सरसों की फसल बुवाई के लिए डीएपी की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में डीएपी की कमी को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा कृषकों को सलाह दी है कि डीएपी के वैकल्पिक प्रयोग के रूप में तीन बैग सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं एक बैग यूरिया के मिश्रण का उपयोग कृषक कर बेहतर उर्वरक क्षमता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वैकल्पिक उर्वरक की दरें भी डीएपी की दर से कम है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कृषि विभाग द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए पंपलेट जारी किया है जिसकी सहायता से किसान वैकल्पिक उर्वरक का उपयोग कर बेहतर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार को डीएपी की डिमांड एवं सप्लाई के अंतर के बारे में अवगत करा दिया गया है एवं समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद जताई है।

**प्रशासन गाँवों के संग अभियान**

# ग्राम पंचायत मोहनपुरा में हुआ शिविर का आयोजन

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत सोमवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोहनपुरा में एसडीएम डॉ. टी. शुभमंगला की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान नामान्तरण के 32, राजस्व अभिलेख/खातों का शुद्धिकरण के 2, आपसी सहमति से खातों का विभाजन के 7, रास्ते का 1, सहमति से पैतृक भूमि (कृषि) के लम्बित वाद निस्तारण के 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आठ नये जॉबकार्ड जारी किये गये एवं ११० जॉब कार्डो का सत्यापन किया गया, जन्म-मृत्यु के दस प्रमाण पत्र जारी किये, नरेगा सॉफ्टवेयर पर 5 मोबाईल नम्बर अपलोड किये गये, 11 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये, त्रुटिपूर्ण मीटर सम्बंधी समस्याओं के 7 मामलों का निस्तारण किया गया, फव्वारा सिंचाई संयंत्र के 4 आवेदन ऑनलाईन पंजीकृत किये गये। मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से १० लोगों को लाभान्वित किया गया। वहीं १०५ लोगों का उपचार किया गया, २० लोगों के कोरोना वैक्सीन की द्वितीय डोज लगाई गई, ९ लोगों की ब्लड शुगर की जाँच की गई। जबकि चार हैण्डपम्प दुरूस्त करवाये गये एवं दो ढ़ीले तारों को भी व्यवस्थित करवाया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पोस्टर का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान एडीएम जगदीश आर्य ने भी शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा, बीडीओ शशीबाला, सीडीपीओ कोटपूतली, मनोज कुमार शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जगमाल यादव समेत अन्य मौजुद थे।

**विभिन्न अभाव-अभियोगों का मौके पर किया निस्तारण**



ग्राम पंचायत मोहनपुरा में प्रशासन गाँवों के संग अभियान शिविर का आयोजन हुआ।

# भविष्यफल

**पं. रमाकृष्ण नाथूलाल रावल**

**आश्विन शुक्ला 7 मंगलवार संवत 2078 शाके 1943 दिनांक 12-10-2021 दैनिक ग्रह गोचर से राशिवार फलादेश।**

**(आज धनु का चन्द्र है)**



मेष :- आज का दिन अभिष्टप्रद है। गोचर में चन्द्रबल नवमा अनुकूल व लक्ष्मीप्रद बना रहेगा। परिजनों के साथ मेलजोल बना रहेगा। आपसी लेनदेन में आर्थिक लाभ होना संभव रहेगा। समाज में मान सम्मान बना रहेगा। यात्रा योग सुखद रहेगा।



वृषभ :- आज का दिन प्रतिकूल है। गोचर में चन्द्रबल आठवां पीड़ाकारक व कलुषित बना रहेगा। प्रपंच व प्रलोभन से पारिवारिक कलुषित वातावरण से विवाद भय तथा समाज में निंदा, अपयश होना संभव है। यात्रा योग स्थगित रखें।



मिथुन :- आज का दिन अभिष्टप्रद है। गोचर में चन्द्रबल सातवां शांतिप्रद व सुखद बना रहेगा। घरेलू विडम्बनाओं का अंत हो जाने से मानसिक शांति बनी रहेगी। पारिवारिक प्रेम बना रहेगा। समाज में मान बना रहेगा। यात्रा योग हितकर रहेगा।



कर्क :- आज का दिन उत्साहवर्धक है। गोचर में चन्द्रबल छठा प्रगतिप्रद व सुखद बना रहेगा। कोर्ट व कचहरी के उलझे कामों में अपनों के सहयोग से मनोनुकूल सफलता प्राप्ति होगी। समाज में मान प्रतिष्ठा बनी रहेगी। यात्रा योग अनुकूल है।



सिंह :- आज का दिन आनंदप्रद है। गोचर में चन्द्रबल पांचवां प्रतिष्ठाप्रद व सुखद बना रहेगा। प्रशासनिक कामों में अपनों के सहयोग से अनपेक्षित सफलता प्राप्ति का सुयोग बना रहेगा। समाज में प्रतिष्ठा बनी रहेगी। यात्रा योग सुखद बना रहेगा।



कन्या :- आज का दिन सामान्य है। गोचर में चन्द्रबल चौथा कलुषित व पीड़ाकारक बना रहेगा। स्वास्थ्य प्रतिकूल बना रहने से मन उद्विग्न बना रहेगा। बनते कामों में रूकावट होना संभव रहेगा। आत्मबल रखें। यात्रा योग टालना ठीक है।



तुला :- आज का दिन उत्साहवर्धक है। गोचर में चन्द्रबल तीसरा हितकर व सुखद बना रहेगा। पारिवारिक महत्वपूर्ण कामों में अनपेक्षित सफलता प्राप्ति का सुयोग बना रहेगा। समाज में मान बना रहेगा। यात्रा योग हितकर रहेगा।



वृश्चिक :- आज का दिन अभिष्टप्रद है। गोचर में चन्द्रबल दूसरा लाभप्रद व सुखद बना रहेगा। परिजनों व मित्रों के सहयोग से कारोबार तथा व्यापार लाभ मनोनुकूल प्राप्ति का हर्ष होगा। मान सम्मान बना रहेगा। यात्रा योग अनुकूल बना रहेगा।



धनु :- आज का दिन सुखद है। गोचर में चन्द्रबल जन्म का हितकर व प्रगतिप्रद बना रहेगा। पारिवारिक सुख सुविधा यथावत बनी रहेगी। सोचे काम यथा समय सरलता से बनेंगे। वैभव में वृद्धि होगी। यात्रा योग सुखद बना रहेगा।



मकर :- आज का दिन सामान्य है। गोचर में चन्द्रबल बारहवां ठंडा मीठा बना रहेगा। पारिवारिक कलुषित वातावरण से विवाद होना संभव है। वाणी पर संयम रखें। समय व स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान रखें। इष्टबल बनाये रखें। यात्रा योग टालना ठीक है।



कुंभ :- आज का दिन अभिष्टप्रद है। गोचर में चन्द्रबल ग्यारहवां प्रगतिप्रद व सुखद बना रहेगा। पारिवारिक व प्रशासनिक कामों में मनोनुकूल सफलता प्राप्ति का सुयोग बना रहेगा। समाज में मान सम्मान बना रहेगा। यात्रा योग हितकर रहेगा।



मीन :- आज का दिन आनंदप्रद है। गोचर में चन्द्रबल दसवां अनपेक्षित लाभ प्राप्ति का सूचक बना रहेगा। सामान्य परिश्रम करने पर कारोबार तथा व्यापार लाभ मनोनुकूल निश्चित होगा। नवीन काम होंगे। यात्रा योग अनुकूल रहेगा।

## पेज एक का शेष...

### बाल विवाह के...

समारोह में मुख्यमंत्री ने पैरालिंपिक में गोल्ड मैडलिस्ट निशानेबाज अवनी लेखरा तथा 9 साहसी बालिकाओं का सम्मान किया। उन्होंने बाल श्रम से मुक्त होकर बाल शिक्षा आश्रम में अध्ययन के लिए नामांकित बच्चों को पोशाक का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के तहत लाभान्वित निराश्रित बच्चों एवं विधवाओं से संवाद किया। गहलोत ने गांधी योजना सुगम सेतु अभियान के लोगो एवं पोस्टर तथा इंदिरा गांधी महिला एवं बाल विकास शोध संस्थान एवं उड़ान योजना के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पोस्टर 'चुप्पी तोड़ो हमसे कहो' का भी विमोचन किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मती ममता भूपेश ने कहा कि बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विभाग दूरगामी सोच के साथ काम कर रहा है। इस दिशा में पूरे विश्व में सशक्त प्रधानमंत्री के रूप में भारत का नाम रोशन करने वाली हमारी महान नेता स्व. इंदिरा गांधी के नाम पर इंदिरा महिला शक्ति योजना एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रही है।

### उत्तराखंड में भाजपा...

प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, कांग्रेस प्रदेश कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल सहित राष्ट्रीय महामंत्री-संगठन केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला की मौजदूगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। बाजपुर से विधायक और समाज कल्याण मंत्री यशपाल आर्य व उने बेटे संजीव आर्य नैनीताल विधानसभा सीट से विधायक है। दोनों ने 2017 में कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा था। जिसके बाद भाजपा ने दोनों को विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया था। पिता और बेटे ने भाजपा को निराश न करते हुए जीत भी दर्ज की थी। इसके बाद भाजपा सरकार ने यशपाल आर्य को कैबिनेट मंत्री बनाया।

### तीन अमेरिकियों को...

नहीं किया गया था, बल्कि स्वीडिश केंद्रीय बैंक द्वारा 1968 में उनकी स्मृति में इसकी शुरूआत की गई थी, जिसमें पहले विजेता को एक साल बाद चुना गया था, यह प्रत्येक वर्ष घोषित नोबेल का अंतिम पुरस्कार है। पिछले साल का पुरस्कार स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के दो अर्थशास्त्रियों पॉल आर मिल्ग्रोम और रॉबर्ट बी विल्सन को मिला, जिन्होंने नीलामी को अधिक कुशलता से संचालित करने की मुश्किल समस्या का समाधान प्रस्तुत किया।

### माकन को छोड़...

नहीं किया गया था, बल्कि स्वीडिश केंद्रीय बैंक द्वारा 1968 में उनकी स्मृति में इसकी शुरूआत की गई थी, जिसमें पहले विजेता को एक साल बाद चुना गया था, यह प्रत्येक वर्ष घोषित नोबेल का अंतिम पुरस्कार है।

### 'भारत को इनोवेशन...

बड़ी भूमिका रही है। सबको साथ लेकर, सबके प्रयास से, राष्ट्र में कैसे बड़े-बड़े परिवर्तन आते हैं, इनका जीवन दर्शन हमें आज भी इसकी प्रेरणा देता है। मैं जय प्रकाश नारायण जी और नानाजी देशमुख जी को नमन करता हूं।

**आईएसपीए में कई दिग्गज कंपनियां शामिल :** आईएसपीए के संस्थापक सदस्यों में लार्सन एंड टुब्रो, नेल्को (टाटा ग्रुप), वनवेब, भारती एयरटेल, मैपमायइंडिया, वालचंदनागर इंडस्ट्री, अनंत टेक्नॉलजी लिमिटेड शामिल हैं। इसके अन्य सदस्यों में गोदरेज, अजिस्टा-बीएसटी एरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, बीपीएल, सेंटम इलेक्ट्रानिक्स एंड मैक्सर इंडिया शामिल हैं।

# महूकलां प्रशासन गांवों के संग अभियान में ग्रामीण हुए लाभान्वित

**गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)।** ग्राम पंचायत महूकला में सोमवार को लगे प्रशासन गांवों के संग अभियान में महूकला में ग्रामीण लाभान्वित हुये। ग्राम पंचायत महूकलां सरपंच लखन लाल सैनी ने बताया कि ग्राम पंचायत में करीब 30 लोगों को पट्टा वितरण किया गया और 74 लोगों की पट्टा फाइलें प्राप्त हुई। जिनके पट्टे बनाने की प्रक्रिया जारी रही एवं ग्राम पंचायत में पालनहार के 12 फार्म प्राप्त हुए इसी तरह 20 20 जन्म मृत्यु ग्रामीणों को तुरंत ही मौके पर ग्राम पंचायत ने जारी किए और नरेगा के तहत करीब 50 जॉब कार्ड बनाए गए। इस मौके पर जिला परिषद सवाई माधोपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कैंप का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को मौके पर ही पट्टे बांटे गए।



इसके कुछ क्षणों बाद विधायक रामकेश मीणा ने कैंप में पधार कर ग्रामीणों को पट्टे वितरण किए और सभी विभागों को कार्य की फॉरमल्टि नहीं करने के एवं ग्रामीणों को संतुष्टि पूर्वक कार्य करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान में लोगों की पूर्ण शिकायतों का निस्तारण हो। उनकी वर्षों पुरानी चली आ रही बटवारा, नामांकन, विरासत, रास्तो के मामलों जैसों मामलो का तत्काल ही निस्तारण किया जाए। इस मौके पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार चौधरी तहसीलदार ज्ञानचंद जैमन विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ग्राम विकास अधिकारी धर्मसिंह मीणा ब्लॉक सीएमएचओ बत्ती लाल मीणा सीडीपीओ जगदीश प्रसाद मीणा एवं तमाम विभागों विभागों के कर्मचारी और कार्मिक मौजूद रहे।

## भव्य डांडिया रास का आयोजन किया गया

**अलवर (प्रा.सं.)।** श्री राम सेवा समिति के द्वारा मुरलीपुरा माता जी के मंदिर नारायण वाटिका में भव्य डांडिया रास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनीता पारीक ने बताया की इस अवसर



पर मां दुर्गा की आराधना एवं भव्य आरती की गई एवं बेस्ट ड्रेस बेस्ट डांडिया रास महिलाओं को सम्मानित किया महिलाओं ने जमकर डांडिया रास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशा पारीख जाकिर भाटी राजबाला एवं पार्षद मीनाक्षी शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की इस अवसर पर गीतांजलि खेमका अनीता शर्मा ममता अग्रवाल ममता बिंदायका पर अमित खेमका प्रियंका पारीक मंजू अग्रवाल वीरा अग्रवाल सरिता केडिया सुमन केडिया ममता शर्मा मोनिका पारीक सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## रवांजना चौड शिविर का औचक निरीक्षण, समस्याओं का हुआ मौके पर ही समाधान



**गंगापुर सिटी/सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)।** गांव प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत सोमवार को जिले में तहसील सवाई माधोपुर के रवांजना चौड़, बोली की थडोली, मलारना डूंगर की पीलवा नदी, गंगापुर तहसील की महूकलां, वजीरपुर की पावटा एवं बामनवास की डूंगरपट्टी ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर राजेन्द्र किशन ने सवाई माधोपुर तहसील के रवांजना चौड शिविर का औचक निरीक्षण कर लोगों से संवाद किया।

उन्होंने शिविर में प्रत्येक स्टॉल पर पहुंचकर किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा लाभार्थियों से संवाद किया। कलेक्टर ने पंचायत राज विभाग की स्टॉल पर किए जा रहे कार्यो के संबंध में लाभार्थियों से बात की तथा होने वाले कार्यो के संबंध में फीडबेक लिया। कलेक्टर ने इस मौके पर पट्टा, जॉब कार्ड एवं पैंशन स्वीकृति आदेशों का लाभार्थियों को वितरण किया।

इसी प्रकार उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जागरूक करते हुए योजना में सभी परिवारों को पंजीयन करवाकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डीएपी के स्थान पर किसानों को एसएसपी एवं एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों ने अपने अपने विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिले में सोमवार को आयोजित शिविरों में 22 विभागों के अधिकारियों एवं उनकी टीम ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनी तथा प्राप्त परिवादों का यथासंभव मौके पर ही समाधान किया।

## स्वयंपाठी छात्राओं का प्रायोगिक प्रशिक्षण शुरू

**भरतपुर (प्रा.सं.)।** रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या स्नात्तकोतर महाविद्यालय द्वारा स्नातक विज्ञान एवं कला वर्ग द्वितीय वर्ष की स्वयंपाठी छात्राओं का बीस दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण 11 अक्टूबर 2021 से आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय से सम्बन्धित स्वयंपाठी छात्राओं की प्रायोगिक प्रशिक्षण सोमवार को महाविद्यालय परिसर में संचालित किया जाएगा।

## लखीमपुर खीरी हत्याकांड के विरोध में अंबेडकर विचार मंच देवली ने ज्ञापन सौंपा



**टोंक/देवली (प्रा.सं.)।** सोमवार को अंबेडकर विचार मंच देवली ने हाल ही में हुए उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी मैं किसान हत्याकांड के विरोध में तहसीलदार ममता यादव को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन के अनुसार उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा व उसके साथियों द्वारा किसानों को चार पहिया गाड़ी द्वारा बेरहमी से रौंद कर हत्या कर दी गई थी जिससे कई किसानों की मौत हो गई थी इसीलिए दोषियों को गिरफ्तार कर उन पर हत्या का मुकदमा चलाकर उनको फांसी दी जाए व ज्ञापन में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त किया जावे व मृतकों को शहीद का दर्जा दिया जाए वह किसानों केपरिवार को 1. ,1 करोड रुपए वह परिवार में से 1 सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाए ज्ञापन में अंतिम में लिखा गया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है अत: वहां की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए यदि किसानों के साथ न्याय नहीं किया गया तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन देने वालों में अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष त्रिलोक बेरवा, यादराम मीणा,दिलखुश टाटावत, वीरम सिंह मीणा, प्रेमलाल बेरवा, राजेंद्र वर्मा,धनराज प्रजापत (ब्लॉक अध्यक्ष RLP) दुर्गा लाल मीणा मोहन लाल बेरवा और मंच के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## नगर परिषद में ऋण के लिए साक्षात्कार आज

**गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के एसईपी घटक के तहत टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आज 12 अक्टूबर मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय गंगापुर सिटी में आयोजित की जावेगी। नगर परिषद आयुक्त दीपक चौहान ने बताया की जिन लोगो ने योजना के तहत ऋण के लिये आवेदन किया हुआ है उनका साक्षात्कार प्रात: 11 बजे नगर परिषद कार्यालय में टास्क फोर्स कमेटी द्वारा किया जावेगा। जिन अभ्यार्थियों ने ऋण के लिये आवेदन किया है वे अपना आधार कार्ड साथ लेकर नगर परिषद कार्यालय नियत तिथि व समय पर उपस्थित होवे। जो अभ्यर्थी नियत तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होगे, उनका आवेदन स्वत: ही निरस्त माना जावेगा।

## यातायात प्रभारी रामजीलाल मीणा का किया स्वागत

**गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)।** ट्रैफिक इंचार्ज रामजीलाल मीणा के स्थानांतरण होने पर गहलोत ट्रैक्टर एजेंसी, टैक्सी यूनियन व ओटो



यूनियन के सदस्यों ने फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। गंगापुर सिटी यातायात प्रभारी रामजीलाल का स्थानांतरण गंगापुर सिटी के सदर थाने पर ही किया गया है। स्वागत के दौरान टैक्सी यूनियन एवं ऑटो चालक सभी के अंदर जो प्रेम भावना देखने को मिली उनके प्रति वह बहुत ही अविश्वसनीय थी। इस मौके पर गहलोत ट्रैक्टर एजेंसी घनश्याम सैनी योगेंद्र, ऑटो यूनियन अध्यक्ष छोटू लाल, टैक्सी यूनियन के सदस्य सुमेर सिंह छोटी उदेई, भीम सिंह गुर्जर, नवल टोटोलाई, लियाकत अली हाफीज़, सुमेर सिंह, मोहन एवं समस्त ऑटो व टैक्सी यूनियन के सदस्य मौजूद रहे।

## टूंटोली से पहाडियां चामुंडा माता के तृतीय पदयात्रा

**चाकसू (प्रा.सं.)।** उपखंड के ग्राम टूंटोली के चामुंडा माता मंदिर से सरपंच राधामोहन शर्मा के नेतृत्व में तृतीय पदयात्रा को



रवाना किया गया।राधामोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की टूंटोली चामुंडा माता मंदिर में पंडितों द्वारा ध्वज की विधीवत पूजा अर्चना करने के बाद माता रानी के जयकारों के साथ समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में पदयात्रा को रवाना किया गया। यात्रीगण डीजे की धून पर नाचते गाते हुए पहाडियां वाली चामुंडा माता के लिए सुबह लगभग 8.15 बजे रवाना होकर शाम को ध्वज फहराने के बाद प्रसादी ग्रहण की।

## पेयजल व बिजली की समस्याओं का अतिशीघ्र किया जाए उचित निराकरण : मानसिंह गुर्जर

**गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)।** पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में चलाये जा रहे जन जागरण अभियान के अंतर्गत 10 अक्टूबर रविवार को नगरपरिषद गंगापुर सिटी के वार्ड संख्या 48, 49,50 51,52,53 की आम जनता को साथ लेकर जन-जागरण हेतु सैनिक नगर में जनजागरण अभियान बैठक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, जिला महामंत्री मनोज बंसल ,कार्यक्रम के संयोजक विनोद अटल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील दीक्षित रहे।



भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा ने बताया कि जनजागरण जनसंवादअभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा निश्चित रूप से गंगापुर शहर व आसपास की जनता मूलभूत बिजली व पेयजल की समस्याओं से पीड़ित होकर त्राहि त्राहि कर रही है साथ ही उनके द्वारा जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी देते हुए जलदाय विभाग की लापरवाही पूर्ण कार्यों के मद्देनजर निलंबित करते हुए शहर में पेयजल की व्यवस्था को सुचारू करने हेतु चंबल प्रोजेक्ट में पंपों को दुरुस्त करवाने हेतु बजट पास करवाने सहित एलएनटी कंपनी के सीवरेज के कार्य में लापरवाही करने के कार्यों को प्राथमिकता से लेते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

## प्रधानमंत्री जनप्रतिनिधि के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने पर पोस्ट कार्ड के माध्यम से बधाई प्रेषित

**चाकसू (प्रा.सं.)।** सोमवार को उपखंड के ग्राम हिंगोनिया निवासियों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रतिनिधि के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने पर पोस्ट कार्ड के माध्यम से बधाई प्रेषित की। साथ ही 20 वर्ष के इस समय में उनके द्वारा देश हित के लिए किए गए अभूतपूर्व निर्णय के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया आपके 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री और 7 वर्ष भारत के प्रधानमंत्री के रूप में गौरवपूर्ण राजनीतिक जीवन के 20 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाइयां एवं अभिनंदन आपने सबका साथ, सबका विकास , सबका विश्वास, और सबका प्रयास के भाव के साथ प्रधानमंत्री के



7 वर्ष में ऐसे साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लिए जो असंभव लग रहे थे।

उनको संभव बनाया जैसे धारा 370 का हटाना तथा श्री राम मंदिर का शिलान्यास किया इत्यादि सबका विकास कार्य में अंतिम छोर के गरीब के विकास को प्राथमिकता देते हुए अनेक अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू किया जाना इसी के साथ कोविड-19 की दोनों लहरों में देश के 80 करोड लोगों को नि:शुल्क खाद्य सामग्री देने का एक महान कार्य किया गया इस दौरान एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत, लाल सिंह राजावत, रिटायर्ड कैप्टन मूल सिंह राजावत, रिटायर फौजी भंवर सिंह राजावत, ग्राम हिंगोनिया इकाई अध्यक्ष शंभू सिंह राजावत, महिला कार्यकर्ता ओम कवॅर गजानंद जांगिड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया फूड प्रोडक्ट प्लांट का शुभारंभ

**धौलपुर (प्रा.सं.)।** मनिया कस्बे के गांव मांगरोल में राजखेड़ा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक रोहित बोहरा द्वारा



कुनाल फूड प्रोडक्ट के प्लांट का फीता काट विधिवत तरीके से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्लांट संचालक ऋषि पचौरी, गजेंद्र मुदगल, अनुज शर्मा, शैलू कंषाना, मोहन बघेल, अजित पुरोहित, रवि सिकरवार, श्री गोविंद गुर्जर, प्रमोद शर्मा, कुंदन लोधा, अशोक, अर्जुन आदि लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. बीआर अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक आयोजित एवं पोस्टर का किया विमोचन

**चाकसू (प्रा.सं.)।** डॉ. बीआर अम्बेडकर जयंती समारोह समिति चाकसू के तत्वाधान में महा दलित सम्मेलन दिनांक 20 अक्टूबर 2021 को होगा। जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलेट मुख्य अतिथि होंगे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता चाकसू विधायक वेदप्रकाश सोलंकी करेंगे। महासम्मेलन को लेकर कस्बे के एक निजी कॉलेज परिसर में चाकसू विधायक सोलंकी ने कार्यकर्ता की बैठक ली,जिसमे भामाशाहों द्वारा कार्यक्रम में सहयोग के जिम्मेदारियां ली गई। इस अवसर पर विधायक सोलंकी ने कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन कर लोगो ज्यादा से ज्यादा महासम्मेलन में आने का आह्वान किया।

डॉ. बीआर अम्बेडकर जयंती समारोह समिति कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिमा आनवरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एस सी,एस



टी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में पूर्व गुर्जर समाज अध्यक्ष जयनारायण अमावता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी किसान संघ महासचिव रामस्वरूप मीणा, डालूराम मीणा, भरत मीणा, सरपंच रमेश मीणा, अब्दुल हमीद खोखर, जगदीश बैरवा, शकंर लाल बैरवा, घनश्याम बौद्ध, सीताराम मण्डावरिया, अभिषेक सॉवरिया, हरीश बैरवा, बोदिलाल बैनीवाल, रामलाल मीणा, हजारी लाल बैरवा, सन्नी नेनिवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कस्बे के कोटखावदा रोड पर पेयजल लाइन से व्यर्थ बहता पानी

**चाकसू (प्रा.सं.)।** कस्बे के कोटखावदा रोड पर जगह-जगह टूटी पड़ी पेयजल लाइन से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों से गंदा पानी पेयजल आपूर्ति के साथ घरों में पहुंच रहा है। इससे संक्रमण जैसी बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। टूटी पड़ी पेयजल लाइन से व्यर्थ बह रहे पानी तथा जगह-जगह गंदे नालों के साथ पेयजल के लीकेज लाइन को ठीक करने के लिए कई बार जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को शिकायत की जा चुकी है।

## सेवा भारती ने सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए किया जन संपर्क

**दौसा (प्रा.सं.)।** सेवा भारती समिति दौसा के पदाधिकारियों ने आज महुआ, मंडावर, बालाहेडी, मानपुर, सिकंदरा आदि क़स्बों में जनसंपर्क किया। सेवा भारती समिति दौसा द्वारा श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 15 नवबर 2021 को देव उठनी एकादशी के दिन आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सेवा भारती द्वारा ज़िलेभर में जनसंपर्क व पत्रक बॉटकर सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक वैवाहिक जोडों को संम्मेलन में विवाह करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु जिले सेवा भारती के विभाग मंत्री मोहन लाल शर्मा, सह संयोजक एडवोकेट गोपाल शर्मा, जिला मंत्री रामनिवास शर्मा, जिला समिति सदस्य मोहन दास गुप्ता ने महुआ में विधायक ओम प्रकाश हुडला, मोहन लाल बंसल, अवधेश शर्मा, रामदयाल गुप्ता, मंडावर में कैलाश नाथ जोशी, हरिओम गुप्ता, सुरेश चंद शर्मा, मोहन लाल शर्मा, राजकुमार जैन, रामखिलाडी सैनी, अनिल मित्तल, मानपुर में रूपनारायण सोनी, मनीष मामोडिया सिकंदरा में डॉ. भवानी शंकर शर्मा, महेश पालीवाल, रतन लाल सैनी, महाराज सिंह गुर्जर बालाहेडी में घनश्याम शर्मा, विजय अग्रवाल, प्रदीप ठठेरा आदि गणमान्य लोगों से मिलकर सामुहिक विवाह सम्मेलन के लिए अधिक से अधिक परिवारों को प्रेरित करने का आग्रह किया तथा पत्रक वितरण किया।

## शिक्षा से ही समाज की तरक्की संभव : हाजी जमील

**गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)।** रविवार रात्री 8बजे तंजीम इसलाहे समाज की जानिब से जलसा ए ख़ास अलीगंज रोड सदर थाने के



सामने हाजी फार्म हाउस पर आयोजित किया गया । जलसे की सदारत हाजी अनवार अली काजी ने की । तंजीम इसलाहे समाज के सदर हाजी जमील खां ने कहा कि सब मिलकर अल्लाह की रस्सी को मजबूत पकड़ लो ओर टुकड़े टुकड़े ना बटो, कुरान की आयत पढ़कर जलसे का आगाज किया। हाजी जमील खां कहा कि इस तरक्की के दौर में शिक्षा से ही समाज की तरक्की होगी।

हमारा उद्देश्य उन नोजवानो को दीन एवं दुनियावी तालीम की ओर लाना उन्हें शिक्षा का महत्व बतलाना होगा जिससे उनमें जागरूकता आएगी। हमें अपने लड़के लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलानी होगी तभी हमारा समाज तरक्की करेगा जब समाज तरक्की करेगा तभी हमारा देश तरक्की करेगा । मुस्लिम समाज को समाज में फैली रीति रिवाज की जंजीरों से आजाद होना होगा। हाजी अनवार अली काजी ने जलसे की सराहना करते हुए कहा कि हाजी जमील खां ने जो ये जलसा रखा है ऐसे जलसे हर वार्ड में होने चाहीये। मोलाना अब्दुल मूबीन व मोलाना साबान मजहरी व इस्माईल पी सी सी सदस्य ने कहा कि जलसों के आयोजन से हमे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

## जिला प्राधिकरण की सचिव ने ली तालुका बामनवास के अधिकारीगण के साथ मीटिंग

**गंगापुर सिटी/बामनवास (प्रा.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर निर्देशानुसार जिलें में संचालित अभियान पेन इण्डिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच अभियान के सफल आयोजन हेतु सोमवार 11 अक्टूबर को श्वेता गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति बामनवास में अधिकारीगण की मीटिंग ली गई।

मीटिंग में उपस्थित अधिकारीगण को श्वेता गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने बताया कि पेन



इण्डिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच अभियान के तहत तालुका बामनवास की ग्राम पंचातयों पर प्रथम चरण में 25 अक्टूबर से 2 नवंबर ( 29 अक्टूबर के अतिरिक्त) एवं द्वितीय चरण में दिनांक 8 नवंबर से 14 नवंबर ( 13 नवंबर के अतिरिक्त) तक विधिक सेवा शिविर (म्हारी योजना म्हारो अधिकार) का आयोजन तालुका बामनवास पर किया जाना है। मीटिंग में उपस्थित सभी अधिकारियों को अभियान को सफल बनाए जाने को लेकर निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मनमोहन चंदेल अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, बार एसोसिएशन बामनवास के अधिवक्तागण जगदीश प्रसाद मीना, रामसिंह मीना, लक्ष्मीकांत, वृत्ताधिकारी तेजप्रकाश पाठक, बृजेश मीना थानाधिकारी बामनवास, सहायक अभियन्ता जलदाय विभाग विजय सिंह मीना, विद्युत विभाग, राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गरीब, मजदूर व वंचित वर्ग को सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दें : सचिन पायलट

**टोंक (प्रा.सं.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि प्रशासन गांवों व शहरों के संग अभियान-2021 में गरीब, मजदूर व वंचित वर्ग को सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दें। आमजन भी इस अभियान में पहुंचकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। पायलट ने कहा कि विगत ढाई साल में हमारी सरकार ने नीति निर्माण एवं उसकी क्रियान्विति में बेहतर काम किया है। पायलट ने सोमवार को ग्राम पंचायत अरनियामाल में प्रशासन गांवो के संग अभियान के दौरान आमजन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश, सीईओ डॉ.सौम्या झा, एडीएम मुरारी लाल शर्मा, उपखण्ड अधिकारी नित्या के भी मौजूद रहे।



पायलट ने कहा कि केन्द्र में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार थी। उस दौरान आमजन के हित में अभूतपूर्व कानून बनाए गए। लोगों को रोजगार देने के लिए मनरेगा, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा का अधिकार आदि कानून बनाकर लाभ दिया गया। कोरोना काल में मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में संजीवनी बनकर लोगों की आर्थिक मदद की। कोरोना की पहली व दूसरी लहर के दौरान जब लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा था, उस समय मनरेगा ने सहारा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की दस साल की सरकार में 18 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। इस देश में किसान अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी है। प्रशासन गांवो के संग अभियान में किसानों के हित के ज्यादा से ज्यादा काम किए जाए।

पायलट ने कहा कि प्रदेश एवं जिले में खाद की कमी चल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी 36 घंटों में जिले में खाद की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही बिजली काटौती को भी कम किया जाएगा। पायलट ने प्रशासन गांवो के संग अभियान के षिविर में पात्र व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। पायलट ने प्रषासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवासीय भूखण्डों पर दिए जाने वाले पट्टों पर लाभार्थी की फोटो भी लगाई जाए। संबोधन के पश्चात पायलट ने विभिन्न सडकों का लोकार्पण किया।

अरनियामाल में प्रषासन गांवों के संग अभियान के बाद पायलट ग्राम पंचायत मेहन्दवास पहुंचे। जहां वे ग्रामवासियों से रूबरू हुए। उन्होने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देष दिए। इस अवसर पर पायलट ने ग्राम पंचायत मेहन्दवास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक कोष से 2 कमरे बनाने तथा श्मषान भूमि पर टीनशेड व बैठने की व्यवस्था करने की घोषणा की।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरारी लाल शर्मा ने प्रषासन गांवो के संग अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि टोंक जिले में अब तक 21 षिविर आयोजित किए जा चुक है। जिसमें 3 हजार 495 आवासीय भूखण्डों के पट्टे दिए गए है। प्रदेष में टोंक जिला प्रथम पायदान पर है। इसके साथ ही राजस्व संबंधी कार्यो के निस्तारण में भी प्रदेष में टोंक टॉप फाइव जिलों में शामिल है।

अभियान के दौरान टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, सऊद सईदी, पंचायत समिति सदस्य राधा किषन यादव, पंचायत समिति सदस्य सुमन गुर्जर, सरपंच रूप नारायण प्रजापत, हंसराज गाता, सुनील बंसल, रामसिंह मुकुल भी मौजूद रहे।

## अवैध शराब बेचते एक गिरफ्तार

**निवाई/टोंक (प्रा.सं.)।** रविवार की देर शाम को बाईपास स्थित बीसलपुर फिल्टर प्लांट के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अवैध देशी शराब के 58 पव्वे और 12 बीयर की बोतले जब्त की है। थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि बाईपास पर बिसलपुर प्लांट के समीप काली का बाग रोड गुर्जरों का मौहल्ला निवासी रामावतार गुर्जर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से देशी शराब के 58 पव्वे व 12 बीयर की बोतलें जप्त की है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



## हिगोनिया बुजुर्ग में प्रशासन गांवों के संग अभियान में हुआ समस्याओं का निस्तारण

**निवाई/टोंक (प्रा.सं.)।** सोमवार को प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत गांव हिगोनिया बुजुर्ग में शिविर का आयोजन किया



गया। विकास अधिकारी डॉ. सरोज बैरवा ने बताया कि शिविर में एसडीएम त्रिलोकचंद मीणा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर निराकरण करवाया। उन्होंने बताया कि शिविर में 43 पट्टे वितरित व 4 ग्रामीणों के श्रम कार्ड जारी किए गए। समाज कल्याण विभाग ने एक दिव्यांग को व्हील चेयर दी। शिविर में औषधीय पौधे बांटे गए। शिविर में तहसीदार प्रांजल कंवर, सरपंच भुलीदेवी गुर्जर, कांग्रेस ब्लॉक राजेश चौधरी, सीआर हंसराज मीणा, बाबूलाल गुर्जर, मुकेश गुर्जर, छोटूलाल मीणा, पीयूष वैष्णव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

## महाविद्यालय के चुनाव प्रभारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ

**निवाई/टोंक (प्रा.सं.)।** सोमवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर राजकीय एवं निजी महाविद्यालय के चुनाव प्रभारियों का प्रशिक्षण



आयोजित हुआ। शिविर में चुनाव प्रभारी अमित जोशी ने वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप के माध्यम से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को मतदान हेतु रजिस्टर करने की प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा एवं निर्वाचन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तथा युवाओं को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने हेतु इस ऐप को लांच किया है। एप पर चुनाव से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं वोटर हेल्पलाइन एप के मूल फीचर के बारे में वेरीफाई करने की भी सुविधा है। इस एप का मुख्य ध्येय देश के आम नागरिकों व युवाओं को चुनाव प्रक्रिया और उनसे जुड़ी हुई प्रत्येक जानकारी उपलब्ध कराना और अधिक से अधिक युवाओं को मतदान से जोड़ना है। राजकीय महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब की प्रभारी डॉ. मंजूलता शर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान कई सुझाव रखे एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए शिविर लगाने पर जोर दिया। इस अवसर पर चुनाव शाखा के कई कर्मचारी व निजी महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## जाट छात्रावास में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन

# सभी जाति व वर्गो को साथ लेकर करेंगे जिले का विकास : रमा चोपड़ा

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** स्थानीय महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में सोमवार को जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, बीएल जाट, जेईएन संजीव जाखड़, अमित ढाका, अजय बाज्या, रोहिताश बाज्या समेत पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंचगणों को छात्रावास प्रबंधन समिति एवं जाट समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने कहा कि सभी जाति व वर्गो को साथ लेकर जिले का विकास किया जायेगा।

समारोह को पावटा प्रधान पूजा चौधरी, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, पूर्व विधायक फूलचंद भिंडा, पूर्व सरपंच जगन फोगाट, पूर्व मंडी चेयरमैन सुरेश गिठाला, बंशीलाल गेट, सरपंच विपिन जाखड़, सोनू चौधरी, देवकरण मान, सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर व धर्मेंद्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र



चौधरी, जयराम पलसानियां, प्रहलाद माठ, मेहरसिंह धनकड़, राजू धनकड़, जयराम थालोड़ आदि ने भी संबोधित किया। संचालन प्रवक्ता एड. मनोज चौधरी ने किया। इस दौरान छात्रावास अध्यक्ष रोहताश कपूरिया, महामंत्री मनोज खोजा, कोषाध्यक्ष लीलाधर लम्बोरा, सुमेर दादरवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, हरीराम जाखड़, छीतर जाट, भोजराज चौधरी, मनकु जाट, घड़सीराम, राजेंद्र मान, ब्रह्मप्रकाश धनकड़, राजेंद्र चौधरी, रामसिंह समेत अन्य मौजुद रहे।

## ट्रैक्टर पर डेक बजाते दो गिरफ्तार

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे के मौहल्ला सराय स्थित राजकीय सरदार जनाना अस्पताल के पास से सोमवार दोपहर ट्रैक्टर पर तेज आवाज में डेक बजा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुँचकर डेक बजाते हुए रोहिताश (22) पुत्र मूलाराम गुर्जर निवासी बालाढ़ाब, बानसूर को गिरफ्तार कर डेक मशीन को जप्त किया है। इसी प्रकार कस्बा स्थित राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के सामने तेज आवाज में डेक बजा रहे कृष्ण पुत्र उमराव कसाना निवासी ग्राम टापरी, कोटपूतली को गिरफ्तार कर डेक मशीन को जप्त किया है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, शिनाख्त नही होंने पर पुलिस ने करवाया अंतिम संस्कार

**चाकसू (प्रा.सं.)।** करीब 11 दिन पहले नेशनल हाइवे 12 निमोड़िया कट के पास एक पैदल रोड क्रॉस कर रहे बुजुर्ग के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिसे राहगीरों ने अपने स्तर पर बिना पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दिए व्यक्ति को सेटेलाइट अस्पताल में पहुंचाया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था । वही सेटेलाइट अस्साल में पहुंचकर पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए महात्मा गॉधी अस्साल की मोर्चरी के डी फ्रिज में रखवाया था । चाकसू थाना अधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया कि पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिये हर स्तर पर प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी और उसका शव भी खराब होने लग गया था इसलिये पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए अज्ञात मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## गरीबाराम डिप्टी चैयरमैन नियुक्त

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविधालय, जोबनेर के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे कृषि महाविधालय कोटपूतली के छात्र गरीबाराम चौधरी को राजस्थान कृषि छात्र कल्याण संघ द्वारा सत्र 2021-22 के लिए आयोजन समिति का डिप्टी चैयरमैन नियुक्त किया गया है। नागौर के ग्राम ईनाणा निवासी गरीबाराम पुत्र मूलाराम ठेकेदार को उक्त पद पर संघ की बैठक में निर्वाचन अधिकारी सुनील सोलंकी, प्रदेशाध्यक्ष धनराज चौधरी, प्रदेश संयोजक हनुमान चौधरी व मुख्य अनुशासन अधिकारी दिनेश सोऊ द्वारा सर्वसम्मति से नियुक्त करते हुए छात्र कल्याण के हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। गरीबाराम ने बताया कि कृषि छात्रों की मॉगों को पूरा करने के लिए संगठन हर समय तत्पर रहेगा। जल्द ही इस सम्बंध में बड़ा आन्दोलन राजधानी जयपुर में किया जायेगा।



## रामकिशोर कंवरिया अध्यक्ष बने

**निवाई/टोंक (प्रा.सं.)।** श्री रामदेव मंदिर में मिटिंग का आयोजन हुआ जिसमें पंच रैगरान ऊपरला बास विकास समिति का गठन किया गया है। सीताराम वर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष रामकिशोर कंवरिया को चुना गया। संरक्षक जयनारायण बासोटिया, उपाध्यक्ष दुर्गालाल कंवरिया, मंत्री चांदमल कंवरिया , कोषाध्यक्ष केसरलाल जाबडोलिया को बनाया गया। समिति सदस्य के रूप में भगवानसहाय कंवरिया, हुकमचंद जाबडोलिया, प्रकाशचंद कंवरिया, कैलाशचंद तुसीवाल, सीताराम जाबडोलिया और तेजकरण कंवरिया को शामिल किया गया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**टोंक (प्रा.सं.)।** अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,टोंक द्वारा फारूक अली अकेडमी व नालन्दा पब्लिक स्कूल,टोंक में सोमवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,टोंक की सचिव डॉ.रूबीना परवीन अंसारी ने कहा कि आज बालिका हर क्षेत्र में आगे बढ रही है, लेकिन आज भी वह अनेक कुरीतियों का शिकार हैं, जो कुरीतियां उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। जिसमें बाल विवाह एवं कन्या भ्रूण हत्या प्रमुख हैं। जिनसे हमें निजात पाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता राजेश सिसोदिया ने कहा कि बालिकाएं समाज का महत्वपूर्ण अंग है। किसी भी देश की प्रगति एवं निर्माण बालिकाओं की शत प्रतिषत भागीदारी के बिना नही हो सकता। उन्होनें बालिकाओं के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में एवं पीड़ित प्रतिकर स्कीम के बारे में विशेष रूप से जानकारी प्रदान की एवं उपस्थित बालिकाओं से यह भी आह्वान किया कि वे यह जानकारी अपने आस पड़ोस में साझा करें। जिससे कि अन्य लोग भी लाभ प्राप्त कर सकें। नालसा द्वारा संचालित तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीडितों के लिये विधिक सेवाऐं योजना, आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवाऐं योजना, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाऐं योजना, नालसा आपदा प्रबन्धन योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वितरित किए 800 सेनेटरी पेड

**टोंक (प्रा.सं.)।** रोटरी क्लब टोंक बनास की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय डाईट टोंक में अध्ययनरत बालिकाओं को 800 सेनेटरी पेड का वितरण किया और क्लब के सदस्यों ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।




क्लब के अध्यक्ष रोहिताश्व कुमावत ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर रोटरी क्लब टोंक बनास द्वारा कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय डाईट टोंक में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 10 से 12वीं तक की 100 बालिकाओं को 800 सेनेटरी पेड विद्यालय की प्रधानाचार्य राजेश्वरी वर्मा की मौजदूगी में वितरित किए, इस कार्य की प्रधानाचार्य ने तारिफ की। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष रोहिताश्व कुमावत, डॉ. प्रदीप गहलोत, पुरुषोत्तम वाधवानी, रो. कमलेश कुमावत, विद्यालय की वार्डन जयश्री पंवार, सहायक वार्डन सुश्री संध्या मीणा, मोनिका शर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा आदि मौजूद थे। क्लब के अध्यक्ष रोहिताश्व कुमावत ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक 3054 जोन में लिए संकल्प के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 लाख सेनेटरी पेड वितरण के लक्ष्य के तहत बालिकाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पेड वितरित किए जांएगे, जिसके तहत एक सप्ताह में विभिन्न स्थानों पर यह कार्यक्रम होंगे।

## अवैध बजरी से भरे तीन ट्रेक्टर जप्त

**निवाई/टोंक (प्रा.सं.)।** सोमवार को गश्त के दौरान पुलिस ने तीन ट्रैक्टर जब्त किये है। बरोनी थानाधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि सोमवार को गश्त के दौरान गांव छोटी बरथल में अवैध बजरी भरकर आ रहे बिना नंबर के तीन ट्रैक्टर दिखाई दिए। पुलिस ने ट्रेक्टरों को रोका तो चालक ट्रैक्टरों को छोडकर फरार हो गया। । ट्रेक्टरों को जब्त कर थाने लाकर खड़ा करवा दिया। पुलिस ने एमएमआरडी एक्ट में चालकों व मालिकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## ढाई घण्टे बिजली बंद रहेगी आज

**निवाई/टोंक (प्रा.सं.)।** रिको जीएसएस से निकलने वाले वेयरहाउस फीडर पर मंगलवार को मरम्मत कार्य की वजह से ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता मनीष मीणा ने बताया कि मंगलवार को वेयरहाउस फीडर पर मरम्मत व रखरखाव कार्य किया जाएगा। जिससे सुबह 8:30 बजे से साढे 11 बजे तक बापू नगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर,डिप्टी ऑफिस, अस्सी फीट रोड, काली बाग रोड, पटेल रोड, बस स्टैंड, फूटी बावडी, कायस्थ मौहल्ला, शिवाजी कॉलोनी, गणगौरी बाजार, मायला बाग सहित आस-पास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

## पायलट आज प्रशासन शहरों के संग अभियान का जायजा लेंगे

**टोंक (प्रा.सं.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं विधायक टोंक सचिन पायलट मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रशासन शहरों के संग अभियान का जायजा लेंगे। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि अगिनशमन केन्द्र स्थित प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत नगर परिषद टोंक द्वारा जारी स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत 100 पट्टे, कृषि भूमि नियमन के तहत 20 पट्टे, 2 नाम हस्तान्तरण, एनयूएलएम योजना के तहत विभिन्न मद में लाभान्वित व्यक्तियों को ऋण राशि का चैक वितरण किया जाएगा। साथ ही रोडवेज विभाग द्वारा 16 सीनियर सिटीजन कार्डो का वितरण किया जााएगा।

## सट्टा लगाते तीन गिरफ्तार

**कोटपूतली (प्रा.सं.)।** स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सट्टा खिलवाने के जुर्म में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला बडाबास स्थित राजकीय आईटीआई के पास से जुगनु (30) पुत्र मदन लाल वाल्मिकी निवासी वार्ड नं. 28 मौ. बडाबास कोटपूतली को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार अमन (20) पुत्र सुरेश चंद मेघवाल निवासी वार्ड नं. 29 मौ. बडाबास कोटपूतली व छोटा बाजार स्थित मौ. बुचाहेड़ा के पास से महेन्द्र (23) पुत्र रामसिंह सैनी निवासी छोटा बाजार को गिरफ्तार किया है।

# आम आदमी के अधिकारों के लिए लड़ेगा-मानवाधिकार संगठन

**धौलपुर (प्रा.सं.)।** मानवाआधिकार सुरक्षा संगठन जिला कार्यकारणी धौलपुर की बैठक प्रदेश महासचिव पूर्व प्रधान मीनाक्षी शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि समाज को नशे से मुक्ति दिलाने, समाज में रोजगार पैदा करने, समाज में शिक्षा के स्तर को सुधारने, व्याप्त भ्रष्टाचार मिटाने, समाज मे कुरीतियों को मिटाने, अंधविश्वास को मिटाने, गरीब शोषित बर्ग में जाग्रति लाने पर जोर दिया। और संगठन के सदस्यों को सामीजिक सरोकार कार्य करने, समाज सेवा करने की सलाह भी दी।



जिले में कोई पीड़ित हैं या किसी का शोषण हो रहा है तो तो उसकी मानवाआधिकार सुरक्षा संघ की और से हर सम्भव मदद की जाएगी और अधिकारियों से मिल कर समाधान करवाया जाएगा, नशे खिलाफ लोगो को जाग्रत किया जाएगा। और कहॉ कि आगामी दिनों में सैपऊ, बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा, सरमथुरा बैठक कर ब्लॉक् कार्यकारणी का बैठक कर विस्तार किया जाएगा।

इस मौके पर जिला युवा अध्यक्ष लकी राना, महिला अध्यक्ष हेमलता शर्मा ने कहा कि समाज उत्थान हेतु प्रयास करने को कहा, और संगठन शोषित वर्ग के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो का स्वागत भी किया गया। इस अवसर मानवाआधिकार सुरक्षा संगठन के जिले विस्तार पर चर्चा भी की गई। इस अवसर विक्रम चौधरी, विनोद चाहर, गौरव सिंघल, आकाश पचौरी, भीकम सिंह, रामदिनेश शर्मा, मांगीलाल प्रजापति, फारूख खान एडवोकेट, अभिषेक दुवे, अजीत सिंह परमार, पवन शर्मा उपस्थित थे।

## रेल कर्मचारियों के लिए विनायक डेंटल हॉस्पिटल अनुबंधित

**दौसा (प्रा.सं.)।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा केसलेस पॉलिसी के तहत दांतों के इलाज करवाने के लिए विनायक डेंटल हॉस्पिटल एंड ऑर्थोडॉन्टिक सेंटर दोसा से अनुबंधित किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने आदेश कर जानकारी विनायक डेंटल हॉस्पिटल के संस्थापक निदेशक डॉ. घनश्याम खंडेलवाल ने बताया कि कैशलेस इलाज के लिए रेल कर्मचारियों को अपना आईडी कार्ड व रेलवे हॉस्पिटल से रेफर कार्ड साथ लाना होगा, जिससे कि उनके इलाज में कोई असुविधा नहीं हो। विनायक डेंटल हॉस्पिटल के पीआरओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अब विनायक डेंटल हॉस्पिटल दौसा जिले का पहला हॉस्पिटल बन गया है जिसका रेलवे के कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

# अपना मूल रंग-ढंग बदल रही बसपा

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की राजनीति में अलग राह चलने वाली बहुजन समाज पार्टी भी अब अन्य राजनीतिक पार्टियों की राह पर चलने जा रही है। पहली बार 31 सालों में बसपा बदली नजर आ रही है। चुनावी लाभ लेने के लिए लोक लुभावने वायदे कर रही है। किसी समय तिलक तराजू और तलवार...का नारा देने वाली बसपा अब सर्वसमाज की बातें कर रही है। भाजपा की तरह सत्ता में आने पर धार्मिक एजेंडे को भी धार देने की बात कर रही है। इसको देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बसपा अपना मूल रंग-ढंग बदलती नजर आ रही है।


यूपी चुनाव जीतने मायावती की प्लानिंग

## सोशल मीडिया का सहारा

अमूमन मीडिया से दूरी बनाए रखने और समय-समय पर उसे कोसने वाली बसपा अब सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। मायावती हर मुद्दे पर अब ट्वीट कर अपनी बात कह रही हैं। इतना ही नहीं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्र बकायदे पीआर एजेंसी लगाए हुए हैं। यह सब दर्शाता है कि बसपा अपने को बदल रही है। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसके पीछे क्या मकसद है।

## कर रही हैं स्थिति साफ

बसपा अमूमन घोषणा पत्र नहीं जारी करती है और न ही यह बताती है कि वह सत्ता में आने पर क्या करेगी, लेकिन इस बार मायावती यह साफ कर रही हैं कि वह क्या करेंगी। प्रबुद्ध वर्ग विचार गोष्ठी के समापन पर सभी संस्कृत स्कूलों को सरकारी सुविधाएं देने, वित्तविहीन शिक्षकों के लिए आयोग बनाने और तीनों कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगाने का वादा तो किया ही साथ में यह भी साफ कर दिया कि अब वो सत्ता में आने पर स्मारक, पार्क व संग्रहालय नहीं बनवाएंगी यह भी साफ कर दिया और यह भी कह दिया कि अयोध्या, काशी व मथुरा का विकास कराएंगी।

## हर वर्ग के लिए घोषणाएं

मायावती इस बार सभी वर्गों को ध्यान में रख कर चुनावी वायदे कर रही हैं। सभी वर्गों को खुश करने का प्रयास कर रही हैं जहां से उन्हें वोट मिल सकता है। युवाओं को रोजगार देने की बात कर रही हैं तो कर्मियों की मांगों को पूरा करने के लिए आयोग बनाने की बात कर रही हैं। किसानों के हितों की बात कर रही हैं, तो सिखों को भी खुश करने के लिए वायदे कर रही हैं। ब्राह्मण, मुस्लिम, महिला, मजदूर के लिए उनकी पोटली में इस बार कुछ न कुछ है। सभी वर्गों को इस बार कुछ न कुछ देने की बात कर रही हैं।

## हिंदू लड़कियों के धर्मांतरण पर बोले संघ प्रमुख

# धर्म के प्रति जगाना होगा गौरव...

**हल्दवानी (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि युवा हिंदू लड़कियों और लड़कों का धर्म परिवर्तन गलत है और उन्हें अपने धर्म और परंपराओं के बारे में गर्व करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, धर्मांतरण कैसे होता है? हिंदू लड़कियां और लड़के छोटे स्वार्थ के लिए, शादी के लिए दूसरे धर्म कैसे अपनाते हैं? जो लोग ऐसा कर रहे हैं वे गलत हैं लेकिन यह दूसरी बात है। क्या हम अपने बच्चों का पालन-पोषण नहीं करते हैं? संघ प्रमुख ने कहा कि हमें उन्हें ये मूल्य देने की जरूरत है। उत्तराखंड के हल्द्वानी में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में भागवत ने आरएसएस कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने लिए, अपने धर्म और पूजा की परंपरा के प्रति सम्मान के लिए उनमें गर्व पैदा करने की जरूरत है।



उन्होंने लोगों से इस संबंध में बिना भ्रमित हुए सवालों के जवाब देने का आग्रह किया। भागवत ने कहा, यदि प्रश्न आते हैं तो उनका उत्तर दें। भ्रमित न हों। हमें अपने बच्चों को तैयार करना चाहिए और इसके लिए हमें सीखने की जरूरत है।

आरएसएस प्रमुख ने पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों और परंपराओं को संरक्षित करने की बात कही। उन्होंने लोगों से भारतीय पर्यटन स्थलों का दौरा करने, घर में बने भोजन का सेवन करने और पारंपरिक पोशाक पहनने का भी आग्रह किया।

भागवत ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहने के छह मंत्रों में भाषा, भोजन, भक्ति गीत, यात्रा, पोशाक और घर शामिल हैं। उन्होंने लोगों से पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करने की अपील की, वहीं उन्होंने जोर देकर कहा कि अस्पृश्यता का त्याग किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, जाति के आधार पर भेदभाव न करें। छुआछूत नहीं होनी चाहिए। समाज को नामों से धर्म का अनुमान लगाने की आदत है। लोगों के भेदभाव को दिल से पूरी तरह से हटा देना चाहिए। उन्होंने लोगों से इन मामलों पर चर्चा करने के लिए कहा, जिसमें पानी बचाने से संबंधित पर्यावरणीय मुद्दों और अधिक पौधे लगाने शामिल हैं। आरएसएस प्रमुख अंत में कहा, 'जब हिंदू जागेगा, तब दुनिया जागेगी।'

### स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा : देश में अब वैक्सीन की किल्लत नहीं

# अत्यधिक स्टॉक की चिंता, कोवाक्सिन के निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना वैक्सीन की किल्लत अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। 9 महीने के बाद टीके की इतनी खुराकें हैं कि यदि राज्य चाहें तो दो दिन में ही कुल टीकाकरण 100 करोड़ के पार पहुंच सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के पास 8 करोड़ से ज्यादा खुराक पहुंच चुकी हैं। इतनी खुराक होने के बाद भी पिछले 12 दिन से रोजाना टीकाकरण की संख्या एक करोड़ के पार नहीं पहुंच पाया है। ऐसे में अब वैक्सीन के 'ओवर स्टॉक' की चिंता होने लगी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि राज्यों के पास वैक्सीन का अभी 8.28 करोड़ से अधिक का भंडार है। 16 जनवरी से टीकाकरण कार्यक्रम शुरू होने के बाद पहली बार इतना स्टॉक है। वैक्सीन आपूर्ति को लेकर केंद्र सरकार लगातार इस बात का दावा कर रही थी कि सितंबर-अक्तूबर तक वैक्सीन का पर्याप्त भंडार होगा। उन्होंने कहा कि देश में अब क्षमता से अधिक टीके हैं। अब तक एक दिन में अधिकतम 2.50 करोड़ वैक्सीन का रिकॉर्ड और इसकी तुलना में भंडारण चार गुना अधिक है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को ढाई करोड़ टीके लगे थे, जिसके बाद अब तक दैनिक टीकाकरण में 50 फीसदी से भी ज्यादा की गिरावट है। टीके के ओवर स्टॉक को लेकर सभी राज्यों को टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने को कहा गया है। मंत्रालय ने अगले 15 दिन में वैक्सीन की और भी खेप भेजने की जानकारी दी है।




### एक पखवाड़े में दोगुना हुआ भंडार

स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों के पास वैक्सीन का भंडार 15 दिन में बढ़कर दोगुना हो गया है। 24 सितंबर तक राज्यों के पास 4.24 करोड़ खुराक मौजूद थीं, लेकिन अब यह संख्या दोगुना से भी अधिक हो चुकी है। इसके पीछे पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट का योगदान है। सीरम अब एक महीने में 20 करोड़ से भी अधिक कोविशील्ड की आपूर्ति कर रही है, जो दो महीने पहले तक 8-9 करोड़ थी। हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने कोवाक्सिन की आपूर्ति बढ़ाई है।

### सिरिंज की कमी से भी कम टीकाकरण

मंत्रालय से जानकारी मिली है कि कम टीकाकरण की एक वजह सिरिंज की कमी भी है। वैक्सीन तो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन सिरिंज का उत्पादन कम हुआ है। हिंदुस्तान सिरिंज के एमडी राजीव नाथ का कहना है कि समय रहते ऑर्डर न मिलने से इसकी कमी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे पास वैक्सीन की गोली तो है, लेकिन उसे फायर करने के लिए गन नहीं हैं।

### खास बातें

- अक्तूबर के पहले हफ्ते में वैक्सीन का भंडार 7 करोड़ से अधिक था, लेकिन टीकाकरण 4.15 करोड़
- सितंबर के पहले सात दिन में वैक्सीन का भंडार तीन करोड़ के पार, लेकिन टीकाकरण 5.34 करोड़
- अब जबकि भंडार दोगुना बढ़ा है, तो टीकाकरण में 22 फीसदी की कमी आई है
- 40 लाख स्पूतनिक व 10 लाख कोवाक्सिन के निर्यात को मंजूरी

देश में वैक्सीन के ज्यादा स्टॉक के बाद सरकार ने अब इसके निर्यात की मंजूरी दे दी है। वैक्सीन मैत्री अभियान के तहत रविवार को 10 लाख कोवाक्सिन की खुराक ईरान भेज दी गई है। वहीं 40 लाख स्पूतनिक लाइट (एकल खुराक वाली वैक्सीन) को रूस भेजने की मंजूरी दे दी है। दूसरी लहर के दौरान सरकार ने वैक्सीन की कमी और देश की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए मैत्री कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में स्पूतनिक लाइट वैक्सीन को अब तक आपात इस्तेमाल की अनुमति नहीं मिली है। इस वैक्सीन को भारत में हेटेरो फॉर्मा कंपनी बना रही है।



### 'गति शक्ति' के लिए प्र.म. मोदी का बड़ा प्लान

# अब बार-बार नहीं खुदेंगी सड़कें, एक टेंडर में होगा सारा काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गति शक्ति प्रोजेक्ट से देश की तस्वीर बदलने वाली है। 13 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रोजेक्ट की रूप-रेखा देश के सामने रखेंगे। देश की विकास यात्रा को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए इस मेगा प्रोजेक्ट में कई सारे प्रावधान रखे गए हैं। इसके तहत प्रमुख इंफ्रा कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के लिए एक कॉमन टेंडर लाने पर विचार किया जाएगा। बता दें कि इस साल 75वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्र.म. मोदी ने गति शक्ति प्रोजेक्ट का ऐलान किया था। प्र.म. गति शक्ति परियोजना का उद्देश्य केंद्रीय एजेंसियों, राज्य एजेंसियों, शहरी स्थानीय निकायों और निजी क्षेत्र के बीच प्रभावी ढंग से समन्वय करते हुए एक क्षेत्र में ग्रीनफील्ड सड़कों, रेल और ऑप्टिकल फाइबर केबल, गैस लाइनों और बिजली लाइनों जैसी उपयोगिताओं से संबंधित गतिविधियों को एक साथ आगे बढ़ाना है। इसके तहत चुनिंदा भौगोलिक क्षेत्रों में सिंगल नोडल एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इससे कॉमन टेंडर सहित सभी गतिविधियों को शुरू किया जा सकता है।

### गेम-चेंजर साबित हो सकता है ये मेगा प्रोजेक्ट

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्र.म. मोदी इस आईडिया पर काम करने के लिए खासे इच्छुक हैं। गति शक्ति मास्टर प्लान का उद्देश्य किसी भी प्रोजेक्ट में दिक्कतों को कम करना, बेहतर लागत और तुरंत मंजूरी देना है। अधिकारी ने कहा, सरकार के अंदर कॉमन टेंडरिंग एक चुनौतीपूर्ण काम है, लेकिन अगर इसे हासिल किया जाता है तो ये असली गेम-चेंजर हो सकता है। प्रधानमंत्री का जोर सरकार में गति शक्ति मास्टरप्लान को जमीनी स्तर पर ले जाने का है।

### क्या है का प्रोजेक्ट का मकसद

प्र.म. गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को एक एकीकृत योजना के रूप में तैयार किया गया है। इसका मकसद है हर डिपार्टमेंट को एक साथ लेकर चलने की। जिससे कि किसी काम में कोई रूकावट न आए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, व्यवधानों को कम करना, लागत दक्षता के साथ काम जल्दी पूरा करना सुनिश्चित करना राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। प्र.म. गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान समग्र रूप से एलएनजी या मेथनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन के उच्च उपयोग को प्रोत्साहित करने पर भी जोर देगा। योजना के अनुसार, उद्योगों के लिए प्रमुख मांग और आपूर्ति केंद्रों को जोड़ने वाली अतिरिक्त 17,000 किमी लंबी ट्रंक पाइपलाइन का निर्माण करके 2024-25 तक देश में गैस पाइपलाइन नेटवर्क को दोगुना करके 34,500 किमी करने का लक्ष्य है।

# बोर्ड परीक्षा पास करना अब होगा आसान



**साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने सहित छात्रों के ज्ञान का होगा आकलन**

**शिक्षा मंत्रलय तैयारी में जुटा, सीबीएसई से शुरूआत, राज्यों के शिक्षा बोर्डो से भी साधा संपर्क**

**सोच आधारित सवालों की रहेगी अधिकता, छात्रों को रटने-रटाने की प्रथा से बाहर निकालने की तैयारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं के तनाव से अब मुक्ति मिलेगी। इसकी शुरूआत हो चुकी है, लेकिन आने वाले दिनों में और बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

अब छात्रों का आकलन किसी एक परीक्षा से नहीं होगा, बल्कि उनका रिजल्ट उनकी साल भर की पढ़ाई के आधार पर तैयार होगा। इसमें जो अहम बदलाव प्रस्तावित हैं, उनमें परीक्षा का एक ऐसा माड्यूल विकसित किया जा रहा है, जिसमें पूरे कोर्स की परीक्षा कई हिस्सों में ली जाएगी। सवाल भी सोच आधारित होंगे। यानी रट्टा मारने वालों के दिन अब लदेंगे। बदलाव की मुहिम बोर्ड परीक्षाओं के साथ दूसरी कक्षाओं को लेकर भी शुरू की गई है। विश्वविद्यालयों सहित मेडिकल और इंजीनियरिंग में दाखिले को लेकर होने वाली प्रवेश परीक्षाओं को लेकर जिस तरह से तनावपूर्ण माहौल और प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, उसे देखते हुए शिक्षा मंत्रालय परीक्षाओं में बदलाव को लेकर जल्दी में भी है। वैसे भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परीक्षा सुधार को लेकर काफी सिफारिशें की गई हैं। कहा गया है कि परीक्षा में कुछ इस तरह से बदलाव होना चाहिए कि कोचिंग और रट्टा मार कर आगे आने वालों की जगह ऐसे छात्र आगे आ सकें, जो वाकई में बेहतर हैं। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं को भी कुछ इस तरह से डिजाइन किया जा रहा है, जिसमें कक्षाओं में नियमित पढ़ाई करने वाला छात्र आसानी से पास कर सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया में परीक्षा को कोर्स के छोटे-छोटे हिस्सों में आयोजित करने की तैयारी है। मंत्रालय की इस पहल पर सीबीएसई ने 2021-22 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में शुरूआती अमल की योजना बनाई है। इसमें 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा अब दो हिस्सों में होगी।

आधे कोर्स की एक परीक्षा और बाकी के आधे कोर्स की दूसरी परीक्षा होगी। बाद में परिणाम दोनों परीक्षाओं को जोड़कर तैयार होगा। इस पहल से छात्रों को होने वाले तनाव में कमी आएगी। हालांकि यह प्रयास तभी सफल होगा, जब बदलाव की इस पहल को सीबीएसई के साथ राज्यों के शिक्षा बोर्ड भी तय समय पर अपनाएं। फिलहाल शिक्षा मंत्रालय इस संबंध में राज्यों के संपर्क में है। यह पहल सिर्फ बोर्ड परीक्षाओं तक सीमित नहीं रहने वाली है। वह बाकी कक्षाओं की परीक्षा के तरीके में बदलाव के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें छात्रों से चैप्टर खत्म होने के बाद ही एक टेस्ट लिया जाएगा, जो पूरी तरह से उसके ज्ञान को परखने के लिए होगा। इसके आधार पर ही परीक्षा का अंतिम परिणाम तैयार किया जाएगा।

### 2025 तक बोर्ड परीक्षा में सोच आधारित पूछे जाएंगे सारे सवाल

बोर्ड परीक्षाओं में बदलाव की जो एक बड़ी पहल होगी, उनमें अब छात्रों से ऐसे सवाल पूछे जाएंगे, जो सोच आधारित होंगे। इससे उनकी सही योग्यता और क्षमता की परख होगी। फिलहाल वर्ष 2021-22 की बोर्ड परीक्षा में ऐसे 20 प्रतिशत सवाल होंगे, जो बहुविकल्पीय (एमसीक्यू), शार्ट आंसर टाइप (कम शब्दों के जवाब देने वाले) और लांग आंसर टाइप (शब्दों की सीमा नहीं होगी) आदि प्रकार के होंगे। हालांकि 2025 तक बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सवाल सोच आधारित ही होंगे।

# अखाड़े और राजनीति दोनों के पहलवान

**यूपी के लखीमपुर जिले के घटनाक्रम पर देश भर में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इस घटना के केंद्र में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र और उनके पुत्र आशीष मिश्र हैं। अजय मिश्र को मोदी कैबिनेट में जगह ही यूपी चुनाव के मद्देनजर मिली थी, क्योंकि वह राज्य की तराई बेल्ट में पार्टी का ब्राह्मण चेहरा माने जाते हैं। उनके पुत्र आशीष अभी तक अपने पिता का राजनीतिक प्रबंधन देखते रहे हैं और 2022 के चुनाव में टिकट के दावेदार भी हैं।**

## 12 साल में 'महाराज' से मंत्री तक

महज 12 साल के सियासी सफर में खीरी के 'महाराज' यानी, अजय मिश्र टेनी केंद्र में मंत्री भी बन गए। केंद्र में मंत्री बनने के बाद भी वह लोगों को याद दिलाए रखना चाहते हैं कि वह केवल मंत्री, सांसद और विधायक ही नहीं हैं। उसके पहले का भी उनका एक इतिहास है। उनकी पृष्ठभूमि को परत-दर-परत देखने पर पता चलता है कि वह इतिहास उनकी दबंग छवि से जुड़ा है। कई अपराधों का जिक्र भी है। लखीमपुर की फिजाओं में तमाम किस्से तैर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े जिले लखीमपुर के बनबीरपुर गांव में अजय मिश्र का जन्म 25 सितंबर 1960 को हुआ। पढ़ाई-लिखाई अच्छी रही। एलएलबी किया। खीरी में वह 'महाराज' और 'टेनी' के नाम से चर्चित हैं। बताते हैं कि अजय मिश्र को खेलों में खासी दिलचस्पी रही है। खासकर पहलवानी में। युवावस्था में वह खुद भी पहलवानी किया करते थे। बाद में पहलवानी के आयोजन करवाने लगे। कुछ समय तक अजय मिश्र ने वकालत भी की। इस बीच उनकी दबंगई के किस्से मशहूर होते रहे और टेनी की पहचान मजबूत होती गई। बात 2003 की है। अजय मिश्र टेनी का नाम प्रभात गुप्ता मर्डर केस में आया। प्रभात गुप्ता तिकुनिया गांव का रहने वाला 24 वर्षीय युवक था। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। अजय मिश्र इस हत्याकांड में नामजद थे। लेकिन एक साल बाद ही स्थानीय अदालत ने उन्हें आरोपमुक्त कर दिया। इसी मामले की सुनवाई के दौरान टेनी पर कोर्ट परिसर में गोली चली थी। वह मामूली रूप से घायल भी हुए थे। हालांकि इस घटनाक्रम के बीच टेनी का रसूख बढ़ता ही जा रहा था। यह 2004-05 के बीच का समय था, जब उन्होंने राजनीति में पैर रखा।



2009 में पहली बार जिला पंचायत सदस्य बने। रूतबा बढ़ता गया। वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा ने टिकट दिया और वह निघासन सीट से विधायक हो गए। बढ़ता कद देखते हुए वर्ष 2014 में टेनी को सांसदी का टिकट मिला और वह बसपा के अरविंद गिरी को करीब एक लाख 10 हजार वोट से हराकर सांसद हो गए। 2019 में समाजवादी पार्टी की पूर्वी वर्मा को 2 लाख से भी ज्यादा वोटों से हराया।

## पिता के ही नक्श-ए-कदम पर बेटा

अजय मिश्र 'टेनी' के पिता अंबिका प्रसाद मिश्र क्षेत्र के नामचीन पहलवान थे। अजय मिश्र भी पहलवानी करते थे। उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए आशीष मिश्र मोनू ने पहले कुछ दिन तक पहलवानी में हाथ आजमाया और अब आयोजक हैं। मोनू पर पहला मुकदमा 2007 में दर्ज हुआ था। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से पढ़ाई के दौरान ही राजनीति में सक्रिय रहने लगे थे। 2009 में जब पिता क्षेत्र पंचायत सदस्य हुए तो उसके बाद से ही आशीष ने उत्तराधिकारी के तौर पर पारिवारिक कामधाम संभालना शुरू कर दिया था। पेट्रोल पंप, ईंट-भट्ठे का काम, राइस मिल और खेती का पूरा काम अब मोनू ही देखते हैं। कम उम्र में ही पिता की राजनीतिक विरासत की साझेदारी का असर कुछ ऐसा रहा कि मोनू भारतीय जनता युवा मोर्चा के अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। मोनू को राजनीतिक और सामाजिक तौर पर सक्रिय माना जाता है। युवावस्था से ही मोनू खेल के शौकीन रहे हैं। खुद क्रिकेट खेलते थे और पहलवानी भी करते थे। अब वह उनके दादा के नाम पर होने वाले दंगल की आयोजन समिति के अध्यक्ष हैं। इसके अलावा वह लखीमपुर में एक क्रिकेट टूर्नामेंट भी कराते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं के मुताबिक क्षेत्र के निर्धन परिवारों की लड़कियों की शादी भी साल में एक बार कराते हैं। अजय मिश्र ने जिस दबंग छवि को बरकरार रखा, उसे मोनू विरासत के तौर पर आगे बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र की राजनीति में उनका पूरा दखल है। क्षेत्र के विकास का काम, जो कि सांसद निधि से होता है, उसका मुआयना करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं के पास है। क्षेत्र के लोगों की मानें तो मोनू गाड़ियों का काफिला लेकर चलने के शौकीन रहे हैं। मौजूदा समय में पिता के क्षेत्र के सभी कार्यक्रम वही तय करते हैं। आशीष फिलहाल निघासन सीट की दावेदारी कर रहे हैं। निघासन वही सीट रही है, जिससे वर्ष 2012 में अजय मिश्र टेनी विधायक चुने गए थे। आशीष ने न केवल इसकी दावेदारी शुरू कर दी है, बल्कि क्षेत्र में इसकी चर्चा भी जोरों पर है कि इस बार उन्हें ही यहां का टिकट मिलेगा। दावेदारी को ही पुख्ता बताने की ही कोशिश थी कि इस बार का दंगल बड़े पैमाने पर आयोजित कराया गया था। इस बार के आयोजन को बड़ा स्वरूप देने की सारी जिम्मेदारी मोनू पर ही थी।



pratahkal.com
डाक पंजी. सं. JAIPUR CITY/005/2021-23
प्रातःकाल

# राजस्थान सरकार के प्रयासों से कोयले की उपलब्धता में आया सुधार

**जयपुर (कार्यालय संवाददाता)।** राजस्थान सरकार के प्रयासों से कोयले की उपलब्धता में सुधार आने से कोल इंडिया से औसतन पांच और विद्युत उत्पादन निगम और अड़ानी के संयुक्त उपक्रम परसाइस्ट एवं कांटा बेसन से अब कोयले की अधिक रेक भेजी जाने लगी है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जहां पहले बारह साढ़े बारह रेक डिस्पेच हो रही थी वह बढ़कर 14 से 15 तक हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार विद्युत निगम के एक अधिशाषी अभियंता स्तर के अधिकारी सिंगरोली और एक अधीक्षण एवं एक अधिशाषी अभियंता स्तर के अधिकारी बिलासपुर में तैनात किए गए हैं और यह अधिकारी कोयला की रेक्स समय पर डिस्पेच कराने के प्रयास कर रहे हैं।

कोटा ताप विद्युत गृह की यूनिट 6 में 195 मेगावॉट का उत्पादन शुरू हो गया। इससे पहले 9 अक्टूबर को कालीसिंध तापीय विद्युत गृह की इकाई दो में 600 मेगावाट का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। राज्य में गत दस अक्टूबर को विद्युत की उपलब्धता बढ़ी है, औसत मांग एवं अधिकतम मांग में कमी आई है। प्रदेश में 9353 मेगावाट विद्युत की उपलब्धता, 10639 मेगावाट की औसत मांग एवं 12000 मेगावाट की अधिकतम मांग रही है। प्रदेश में रोटेशन के आधार बिजली की कटौती की जा रही है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं विद्युत निगमों द्वारा बिजली बचत के लिए मीडिया के माध्यम से आमनागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव एनर्जी डॉ सुबोध अग्रवाल द्वारा केन्द्र सरकार, कोयला कंपनियों से समन्वय एवं संपर्क जारी है। इसके साथ ही विद्युत निगमों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर स्थिति में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि वह 1.6 मीट्रिक टन कोयला भेजने का प्रयास कर रहे हैं और अगले तीन दिनों में एक दिन में 1.7 मीट्रिक टन तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। गत सात अक्टूबर तक, देश के 135 कोयला संयंत्रों में से 110 गंभीर रूप से कम स्टॉक का सामना कर रहे थे, औसतन चार दिनों के कोयला स्टॉक के साथ 46 संयंत्रों में शून्य या एक दिन का कोयला भंडार है।

### पाक पीएम इमरान खान ने कहा-

# भारत वर्ल्ड क्रिकेट को करता है कंट्रोल, कोई खिलाफ नहीं जाएगा



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई दुनिया का सबसे अमीर बोर्ड है। वह वर्ल्ड क्रिकेट को कंट्रोल करता है। इंग्लैंड ने पिछले दिनों हमारा दौरा रद्द कर दिया था, लेकिन भारत के खिलाफ ऐसा करने की हिम्मत किसी में नहीं है। पिछले दिनों पीसीबी के अध्यक्ष रमीज राजा ने भी कहा था कि बीसीसीआई अगर आईसीसी की फंडिंग रोक दे तो पाकिस्तान बर्बाद हो जाएगा।

मिडिल ईस्ट आई से बात करते हुए इमरान खान ने कहा, पैसा इस समय सबसे अहम है। भारत सबसे अमीर बोर्ड है। ऐसे में कोई भी देश उसके खिलाफ वह कदम उठाने की हिम्मत नहीं करेगा, जो इंग्लैंड ने पाकिस्तान के साथ किया था। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का ही नहीं विभिन्न देश के बोर्ड को भी भारत से पैसा मिलता है। इस कारण वह क्रिकेट को पूरी तरह से कंट्रोल कर रहा है।

### 'हमारे ऊपर उपकार करने की भावना'

इमरान खान ने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड को अभी भी लगता है कि वह पाकिस्तान जैसे देशों के खिलाफ खेलकर उन पर उपकार करता है। इसका बस एक ही कारण है पैसा। उन्होंने कहा कि मैंने पाकिस्तान और इंग्लैंड के क्रिकेट संबंधों को बढ़ते हुए देखा है। लेकिन यहां उसने खुद को नीचा दिखाया है। टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लिश पुरूष टीम को 2 टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले पाकिस्तान में खेलने थे। इसके अलावा इंग्लैंड की महिला टीम को भी पाकिस्तान के दौरे पर आना था। लेकिन सुरक्षा कारणों से ईसीबी ने दौरे को रद्द कर दिया।

# जेल में ही रहेगा शाहरुख का बेटा

## नहीं मिल सकी बेल, एनसीबी ने फंसाया पेच

**मुंबई (कार्यालय संवाददाता)।** शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान को जमानत मिलने का रास्ता आसान नहीं लग रहा है। सोमवार को सेशन कोर्ट में होने वाली सुनवाई को अगली तारीख दे दी गई है। अब आर्यन की बेल याचिका पर 13 अक्टूबर को सुनवाई होगी। इसी के साथ आर्थर रोड जेल में बंद आर्यन को और तीन दिन जेल में बिताने पड़ेंगे।



**यहां फंसा पेंच :** आर्यन खान के वकीलों, सीनियर एडवोकेट अमित देसाई और एडवोकेट सतीश मानशिंदे सुबह साढ़े 10 बजे ही कोर्ट पहुंच गए थे। लेकिन एनसीबी का केस लड़ रहे स्पेशल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ए एम चिमालकर ने कहा कि जांच-पड़ताल जारी होने के चलते उन्हें सबूत इकट्ठा करने में समय लग रहा है और उन्हें जवाब दाखिल करने में एक हफ्ते का समय चाहिए। हालांकि बहस के बाद जज वीवी पाटिल ने एनसीबी को बुधवार 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तक जवाब दाखिल करने का समय दिया। अब बुधवार को आर्यन की जमानत पर सुनवाई होगी।

### आर्यन की जमानत का विरोध करेगी एनसीबी

इससे पहले एनसीबी ने 9 अक्टूबर को शाहरूख खान के ड्राइवर से 12 घंटे तक लंबी पूछताछ की थी। एनसीबी के सूत्रों के मुताबिक ड्राइवर ने आर्यन और अरबाज मर्चेंट को क्रूज टर्मिनल पर छोड़ने की बात कबूली थी। ड्राइवर से आर्यन और उनके दोस्तों की एक्टिविटीज को लेकर भी पूछताछ की गई थी। जानकारी के अनुसार शाहरूख के ड्राइवर का बयान एनसीबी कोर्ट में इस्तेमाल करेगी। एनसीबी आर्यन की जमानत का अदालत में तमाम सबूतों के साथ विरोध करेगी।

अब तक ड्रग्स पार्टी के इस केस में एनसीबी ने 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

### लखीमपुर हिंसा

# आशीष को राहत नहीं, 3 दिन की पुलिस रिमांड

**लखीमपुर खीरी (एजेंसी)।** यूपी के लखीमपुर खीरी में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और किसानों के बीच हुई हिंसक झड़प के मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। लखीमपुर की सीजेएम कोर्ट ने आशीष को तीन दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। मामले की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी टीम अब आशीष मिश्रा से और अधिक सवाल-जवाब कर सकेगी। आशीष मिश्रा को एसआईटी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया। अधिकारियों ने जांच करने के लिए आशीष मिश्रा की 14 दिनों की पुलिस रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने तीन दिनों की रिमांड पर भेजा। एडवोकेट एसपी यादव ने बताया कि आशीष मिश्रा की तीन दिनों की पुलिस रिमांड देते हुए कोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं। सुनवाई में आशीष मिश्रा के वकील अवधेश सिंह के साथ पुलिस की तरफ से एडिशनल डायरेक्टर अभियोजन राजेश श्रीवास्तव और सहायक अभियोजन अधिकारी एसपी यादव भी मौजूद थे। पुलिस ने 14 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी दी थी। सुनवाई कुछ देर के लिए बाधित भी हुई। ऐसा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को कनेक्ट करने में हुई दिक्कत की वजह से हुआ।



**12 घंटे ही हुई पूछताछ, कई सवालों के जवाब मिलने बाकी:** पुलिस ने कोर्ट में कहा कि आशीष मिश्रा से सिर्फ 12 घंटे पूछताछ हो पाई, जिसमें उसने जवाब नहीं दिए। इस वजह से उसे 14 दिनों की पुलिस हिरासत चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने 14 दिनों के बजाय तीन दिनों की पुलिस रिमांड ही दी। आशीष के वकील ने कहा कि पुलिस पर आशीष से पूछने के लिए सिर्फ 40 ही सवाल थे, जिनको पूछ लिया गया था। वकील ने कहा कि 12 घंटे की सुनवाई में सिर्फ एक बार पानी दिया गया था। बिना ब्रेक के लगातार सवाल पूछे जाते रहे जिनके जवाब दिए गए।

### सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई (कार्यालय संवाददाता)।** वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर आज अंतिम समय में टीसीएस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, रिलायंस, एयरटेल में हुई बिकवाली से शेयर बाजार ने शुरूआती तेजी गंवा दी लेकिन शेष कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत एवं निफ्टी 0.28 प्रतिशत की मामूली बढ़त पर रहे।

## मां राबड़ी के घर के सामने से गुजर गया तेज का काफिला -बिना आशीर्वाद लिए शुरू की यात्रा

**पटना (एजेंसी)।** पार्टी से नाराज चल रहे लालू प्रसाद यादव के बड़े तेजप्रताप यादव इस बार इतने गुस्से में हैं कि झगड़ा सुलझाने में शायद अपनी मां राबड़ी देवी का भी हस्तक्षेप नहीं चाहते हैं। रविवार को पटना लौटीं राबड़ी देवी उनके आवास पर पहुंची थीं लेकिन तेजप्रताप ने उनसे मुलाकात नहीं की। सोमवार को उम्मीद थी कि वह जेपी की जयंती पर पदयात्रा निकालने से पहले घर जाकर राबड़ी देवी से आशीर्वाद लेंगे लेकिन तेजप्रताप का काफिला राबड़ी देवी के घर के सामने से गुजर गया। उन्होंने मां का आशीर्वाद लिए बिना ही यात्रा शुरू कर दी। तेजप्रताप यादव ने पिछले शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो पोस्ट कर पदयात्रा निकालने के बारे में जानकारी दी थी। छात्र जन शक्ति परिषद के बैनर तले निकाली जा रही इस पदयात्रा में उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए छात्रों का आह्वान किया है। तेजप्रताप ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वह अपनी मां राबड़ी देवी का आशीर्वाद लेने जरूर जाएंगे।

# पान मसाले का विज्ञापन नहीं करेंगे अमिताभ

## कहा- नहीं मालूम था कि बैन किए गए प्रोडक्ट का ऐड कर रहा हूं

**मुंबई (कार्यालय संवाददाता)।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पान मसाला ब्रांड से कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया है। अमिताभ की ऑफिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, एक्टर जब इस ब्रांड से एसोसिएट हुए, तब



उन्हें यह पता नहीं था कि यह सरोगेट एडवरटाइजिंग है। अमिताभ ने अपनी प्रमोशन फीस भी ब्रांड को वापस लौटा दी है। अमिताभ इस ऐड को लेकर विवादों से घिर गए थे। अपने पसंदीदा एक्टर को पान मसाले का प्रमोशन करते देख फैन्स भड़के हुए थे। इस मामले में नेशनल एंटी- टोबैको ऑर्गेनाइजेशन (एनजीओ) ने भी हस्तक्षेप किया। एनजीओ ने बिग बी को ऑफिशियल लेटर भेजा, जिसमें उनसे जल्द से जल्द इस ऐड कैंपेन को छोड़ने की मांग की गई। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने रणवीर सिंह के साथ पान मसाला का विज्ञापन किया था। मालूम हो कि सलमान खान, शाहरूख खान और अजय देवगन भी पान मसाला के विज्ञापन में नजर आते हैं। ऐसे में अमिताभ के फैसले के बाद सलमान, अजय और शाहरूख पर दबाव बढ़ सकता है ।

# अडानी पोर्ट पर नहीं उतरेगा पाक-अफगान से आए माल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के मुन्द्रा पोर्ट पर हेरोइन की बड़ी खेप पकड़े जाने के अब अडानी समूह ने बड़ा फैसला किया है। समूह की तरफ से सोमवार को जारी किए गये एक बयान में कहा गया है कि अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान से इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट होने वाले कार्गो को अडानी ग्रुप हैंडल नहीं करेगा। कंपनी का यह फैसला 15 नवंबर से लागू होगा।

कंपनी ने बयान में कहा है, अपने सभी टर्मिनल पर 15 नवंबर से अडानी पोर्ट्स और सेज ईरान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आने वाले कंटेनर को हैंडल नहीं करेगा। बता दें, गुजरात के कच्छ के मुंद्रा पोर्ट पर हेरोइन की बड़ी खेप पकड़ी गई थी। अनुमान के मुताबिक राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की ओर से पकड़े गए ड्रग्स की कीमत करीब 21 हजार करोड़ रूपये है। पोर्ट पर दो कंटेनर्स में लगभग 3000 किलो हेरोइन बरामद की गई थी।

# माही ने तूफान ला पंत के मुंह से मैच छीन लिया

**दुबई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कैप्टन महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल के पहले क्वालिफायर मैच में कमाल कर दिया। उन्होंने अपने पुराने वाले अंदाज में बैटिंग और कप्तानी दोनों की। उनके फैसलों में कमेंट्री बॉक्स में बैठे सुनील गावस्कर, इरफान पठान और आकाश चोपड़ा लगातार सवाल उठाते रहे, लेकिन धोनी ने सबके मुंह बंद करा दिए।

दअरसल, हुआ कुछ यों कि जब चेन्नई के पारी का दूसरा विकेट गिरा तो धोनी ने सबको चौंकाते हुए शार्दूल ठाकुर को बल्लेबाजी के लिए भेज दिया। उनको मैदान में आते देख कमेंट्री बॉक्स में बैठै सुनील गावस्कर ने कहा कि ये चेन्नई की सबसे बड़ी भूल हो सकती है। इसके बाद अगले करीब 10 ओवर तक जो भी कमेंट्री करने आया सबने इसे धोनी को गलती बताई। इसमें सबसे ज्यादा मुखर होकर आकाश चोपड़ा और इरफान पठान बोल रहे थे।,

हद तब हो गई जब 19वें ओवर की पहली गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ के आउट होने पर धोनी बल्लेबाजी करने आए। तब चेन्नई को जीतने के लिए 11 गेंद में 24 रन चाहिए थे।



**धोनी ने याद दिलाया कि वो कौन हैं...**

**अंतिम** ओवर में चेन्नई को 13 रनों की दरकार थी और पहली ही गेंद पर टॉम करन ने मोइन अली को दिल्ली को छठी सफलता दिलाई, लेकिन धोनी ने दो चौके लगाकर चेन्नई को मुकाबले में वापस ला खड़ा किया।

धोनी ने पहली गेंद पर बल्ला भांजा, लेकिन वो चूक गए। गेंद और बल्ले में कोई कनेक्शन ही नहीं था। ऐसा होते देख आकाश चोपड़ा ने तुरंत कह दिया कि इस जगह पर रवींद्र जडेजा को आना चाहिए था, न कि धोनी को।

हालांकि, जब अगली गेंद पद धोनी ने छक्का लगा दिया तो आकाश चोपड़ा कहने लगे कि माही मार रहा है।

### भाजपा का मंथन

## '100 दिन में 100 कार्यक्रम' से दी जाएगी इसे धार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अभी से अपनी रणनीति को धार देनी शुरू कर दी है। इसे लेकर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को नई दिल्ली में संगठन के पदाधिकारियों और अहम नेताओं के साथ बैठक कर तैयारी को लेकर मंथन किया।

ये बैठक पार्टी के 11 अशोक रोड स्थित दफ्तर में हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री व पार्टी के यूपी चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश के प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, संगठन सचिव बीएल संतोष, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन सचिव सुनील बंसल शामिल हुए।

# आईपीएल : दो नई टीमों में बड़े व्यापार समूहों ने दिखाई दिलचस्पी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले सीजन से आने वाली दो नई आईपीएल टीमों के लिए बड़े व्यापार समूहों ने दिलचस्पी दिखाई है। दरअसल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से दो नई आईपीएल टीमों के लिए निविदा के लिए आमंत्रण (आईटीटी) दस्तावेजों की बिक्री की समयसीमा रविवार को समाप्त हो गई है। समझा जाता है कि एक दर्जन से अधिक पार्टियों ने आईटीटी को खरीदा है, हालांकि इस बात को लेकर कोई निश्चितता नहीं है कि ये सभी पार्टियों अब से दो हफ्ते बाद टीमों के लिए बोली लगाने के लिए दुबई में उपलब्ध होंगी या नहीं। आईटीटी खरीदने वालों में कुछ बड़े व्यापार समूह भी शामिल हैं। इन बड़े समूहों में से एक अहमदाबाद का अडानी समूह भी है। बीसीसीआई के सूत्रों ने खुलासा किया है कि अहमदाबाद फ्रेंचाइजी खरीदने के लिए पसंदीदा गुजरात के इस बड़े व्यापार समूह ने आईटीटी को खरीदा है। हालांकि यह बात इस चीज का संकेत नहीं है कि ये व्यापार समूह निश्चित रूप से एक टीम के लिए बोली लगाएंगे, इसलिए इस चीज को केवल उनकी रूचि समझा जा रहा है न कि इच्छा। समूह के एक प्रवक्ता ने भी इस बारे में पुष्टि या खंडन दोनों चीजों से इनकार किया है।




अहमदाबाद स्थित टोरेंट फार्मा, हैदराबाद स्थित अरबिंदो फार्मा, आरपीएसजी समूह के संजीव गोयनका, कुछ एजेंसियों और उद्यम पूंजीपतियों जैसे कुछ अन्य बड़े समूहों ने भी आईटीटी को खरीदा है।

# गुवाहाटी तक रेलमार्ग का विद्युतीकरण पूरा

**यात्रा में बचेगा दो घंटे का समय**



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रेलवे ने बिहार के कटिहार से गुवाहाटी तक करीब 650 किलोमीटर रेलमार्ग को पूर्ण विद्युतीकृत कर दिया है और इससे पूर्वोत्तर के इस महत्वपूर्ण यात्रा की अवधि में दो घंटे तक की कमी आएगी तथा पटरियों पर अधिक ट्रेनें चलाने की गुंजाइश बनेगी।

भारतीय रेलवे के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि कटिहार से गुवाहाटी तक पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कुल 649 रूट किलोमीटर (1294 ट्रैक किलोमीटर) का विद्युतीकरण कार्य पूरा हो गया है। रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) उत्तरी सीमांत परिक्षेत्र द्वारा 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक अंतिम चरण का परीक्षण किया और इसे उच्चगति की यात्रीगाड़यिों एवं भारी मालगाड़ियों के परिचालन के उपयुक्त पाया। प्रवक्ता के अनुसार कटिहार से गुवाहाटी तक रेलवे विद्युतीकरण से हाईस्पीड डीजल की खपत में करीब 3400 किलोलीटर की कमी आएगी जिससे तीन सौ करोड़ रूपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी। रेलमार्ग के पूर्ण विद्युतीकृत होने के बाद न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार में गाड़ियों में इंजन बदलने की जरूरत नहीं होगी और गाड़ियां अधिक गति से चल सकेंगी। इस प्रकार से गुवाहाटी से कटिहार/मालदा टाउन के बीच चलने का समय 2 घंटे तक कम होने की संभावना है। लाइन क्षमता में भी 10-15 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी जिससे अधिक ट्रेनें चलायी जा सकेंगी। विद्युतीकरण से भारी मालगाड़ियों को भी तेज गति से चलाया जा सकेगा।

भारतीय रेल ने 2023-24 तक अपने संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क को विद्युतीकृत करने की एक महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम कर रही है। इससे न केवल बेहतर ईंधन ऊर्जा के इस्तेमाल से थ्रूपुट में वृद्धि होगी, ईंधन व्यय में कमी आएगी तथा डीजल के मद में कीमती विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। उत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अलग-अलग गतिसीमा वाले खंडों, घुमावदार रास्तों, पुलों के साथ दुर्गम भू-भाग है। इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन से गाड़ी में एक से अधिक डीजल इंजनों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और पावरकारों को लगाने की जरूरत नहीं रहेगी जिससे करोड़ों रूपए मूल्य के डीजल की खपत कम होगी। उच्च शक्ति वाले विद्युत इंजन ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के साथ तेज गति बनाए रख सकते हैं। मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नगालैंड और सिक्किम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अब अतिरिक्त राजधानी एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाई जा सकेंगी। इसके अलावा ट्रैक के रखरखाव के लिए अधिक समय मिल सकेगा।

### भारत को मिलेगी एक और उड़ान

# झुनझुनवाला की अकासा एयरलाइंस को एनओसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन एविएशन इंडस्ट्री में एक नई एयरलाइन कंपनी की एंट्री हो गई है। शेयर बाजार दिग्गज राकेश झुनझुनवाला की अकासा एयरलाइंस को नागरिक उड्डयन मंत्रालय से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बता दें कि हाल ही में प्र.म. मोदी ने राकेश झुनझुनवाला से मुलाकात भी की थी।



यह एयरलाइंस अब डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए से 2022 से विमान के परिचालन के लिए लाइसेंस पाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। कंपीन के सीईओ के तौर पर विनय दुबे को चुना गया है जो जेट एयरवेज के साथ भी काम कर चुके हैं। बता दें कि अकासा एयरलाइन्स के संचालन के लिए यूरोपियन प्लेन कंपनी एयरबस के साथ बातचीत चल रही है। यह बातचीत एयरक्राफ्ट खरीदी के सिलसिले को लेकर हो रही है। कंपनी की कोशिश है कि वह हवाई सेवाएं 2022 की गर्मियों तक शुरू कर दे।

इससे पहले ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई कि झुनझुनवाला चार साल में एक नए एयरलाइन वेंचर के लिए 70 विमान रखने की योजना बना रहे थे, जिसे उन्होंने वापस लेने का फैसला किया है। नई एयरलाइन कंपनी में झुनझुनवाला करीब 3.5 करोड़ डॉलर के निवेश पर विचार कर रहे हैं। इसके जरिए झुनझुनवाला की अकासा में 40% हिस्सेदारी लेने की योजना है।

स्वत्वाधिकारी प्रातःकाल मल्टीमीडिया लि. की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक सुरेश गोयल द्वारा जे-3, झालाना संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर-4 से प्रकाशित एवं प्रातःकाल पब्लिकेशन्स प्रा. लि., जे-3, झालाना संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर-4 में मुद्रित। सम्पादक - सुरेश गोयल। फोन : 9829518484-2712207-2712208 फैक्स : (0141) 2712209, email : pratahjpr@gmail.com, आर.एन.आई.नं. 65777/97